दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी छत्तीसगढ़ देश के नए विश्वास के रूप...
4 अभिव्यक्ति महाराष्ट्र विधानसभा में जाति जनगणना...
9 मनोरंजन/व्यापार मलाइका अरोड़ा ने अपनी फिटनेस का...
11 खेल बुमराह को मिलेगा पॉली उमरीगर...

www.navpradesh.com
रायपुर, सोमवार 13 जनवरी 2020, माघ कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-329 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ॐ शांति ओम्... ॐ शांति शांति ओम्.. का जाप करने की जरूरत बड़ी शिद्दत से महसूस हो रही है। देश में ऐसा माहौल बनाया जा रहा है मानो सब के लिए बहुत ही बुरे दिन आने वाले है। सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का फैशन सा चल पड़ा है। जिसे देखों वहीं आंखे दिखा रहा है। दांत पिसते हुए बड़बड़ा रहा है- सीने में जलन आंखो में तूफान सा क्यों है, इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यों है..। कुछ खबरिया चैनल आग में घी डाल रहे है और लोगों को टेंशन देकर अपनी टीआरपी बढ़ा रहे है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नए नारे के साथ ही राज्यपाल ने किया युवा महोत्सव का शुभारंभ

अब खेलबो... जीतबो... गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

- युवाओं में भरा जोश, सीएम बोले विवेकानंद को जीवन में आत्मसात करें
- राज्यपाल बोलीं- प्रदेश में ऐतिहासिक कार्यक्रम हो रहे, मुझे प्रसन्नता हुई है

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में रविवार को तीन दिवसीय युवा महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। राज्यपाल अनुसुईया उइके और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में राज्यपाल अनसुइया उईके ने कहा कि राज्य युवा महोत्सव में शामिल होकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है।

उन्होंने इसे राज्य शासन की अनोखी पहल बताते हुए कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा दिया था, लेकिन अब इस आयोजन के बाद ही नया स्लोगन होगा- खेलबो, जीतबो और गढ़बो नवा छत्तीसगढ़। बघेल ने युवा महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर कहा कि युवाओं को अपने जीवन में स्वामी विवेकानंद को आत्मसात करना होगा।

उन्होंने विवेकानंद के ओज और प्रतिभा को युवाओं के लिए मॉडल बताते हुए कहा कि युवा महोत्सव के जरिये युवा शक्ति को मजबूत करने की दिशा में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दीं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- 7000 से ज्यादा प्रतिभागी
- 37 विधाओं में आयोजन
- 821 कार्यक्रम होंगे महोत्सव में

महोत्सव में शामिल हुए बॉक्सर विजेंदर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास पर भारत के मुक्केबाज और ओलिंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनका छत्तीसगढ़ में स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। विजेंदर सिंह युवा महोत्सव में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे हैं। वे कार्यक्रम के उद्घाटन में भी मौजूद रहे।

राज्यपाल ने की सीएम की तारीफ

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा, 'पिछले नवंबर माह से ही प्रदेश में विशेष और ऐतिहासिक कार्यक्रम हो रहे हैं। पहले राज्योत्सव इसके बाद राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और अब युवा महोत्सव। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पुनः बधाई देती हूं।' उन्होंने मुख्यमंत्री की तारीख करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य चहुंमुखी विकास करेगा।

दाऊ ने स्वीकारी चुनौती हथेली पर चलाया भौंरा

मुख्यमंत्री रविवार को एक नीजि मीडिया चैनल के कार्यक्रम 'देश का नया विश्वास छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में शामिल हुए। सवाल-जवाब के दौरान मीडिया कर्मी ने सीएम से पूछा क्या आप को भौंरा चलाना भी आता है। एंकर की चुनौती को सहर्ष स्वीकार करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने सबसे खतरनाक गोद्दा मारने वाला भौंरा मंगवाया और उसे बड़ी आसानी से मंच पर ही अपनी हथेली पर चलाकर मीडिया समेत वहां मौजूद सभी लोगों को चौंका दिया।

रस्साकशी में जीती टीम राज्यपाल

युवा महोत्सव के पहले दिन मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने कई पारंपरिक खेल खेले। इस दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री की अलग-अलग टीम के बीच खेला गया रस्साकशी का प्रदर्शनी मैच आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रदर्शनी मैच को डीजीपी व चीफ सिकरेट्री की मौजूदगी वाली राज्यपाल की टीम ने जीत लिया। मुख्यमंत्री की टीम में उनके साथ मंत्री व अन्य नेता थे।

खास खबर

नवजात को महिला ने तालाब में फेंका, गिरफ्तार

रायगढ़। लैलूंगा थाना क्षेत्र से मां की ममता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मां ने अपने ही नवजात बच्चे को तालाब में फेंक दिया, जिससे नवजात की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं हो सका है कि आरोपी महिला ने अपने बच्चे को तालाब में क्यों फेंक दिया।

अब श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा कोलकाता पोर्ट

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की 150 वीं सालगिरह में आयोजित समारोह में रविवार को शामिल हुए। इस दौरान मोदी ने ऐलान किया है कि कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट अब से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के तट विकास के प्रवेश द्वार हैं और हमारी सरकार ने संपर्क में सुधार करने के लिए सागरमाला कार्यक्रम की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कहा कि इस अवसर पर मैं बाबा साहेब को भी याद करता हूं, उन्हें नमन करता हूं।

लोकवाणी में बोले सीएम

जनता का ऐसे ही मिला साथ तो बदल देंगे राज्य की तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की छठवीं कड़ी में छत्तीसगढ़वासियों को नववर्ष 2020 की बधाई दी। साथ ही कहा कि आपकी शुभकामनाएं और सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा तो निश्चित तौर पर आगामी वर्षों में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल देंगे। लोकवाणी में मुख्यमंत्री ने अपने एक साल के कार्यकाल का ब्योरा दिया।

त्राल में मुठभेड़, तीन आतंकी ढेर

त्राल ए.। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल इलाके में रविवार सुबह शुरू हुई एक मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकियों की पहचान हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकी उमर फयाज लोन, आदिल बशीर मीर और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी फैजान मोहम्मद भट के रूप में हुई है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आतंकियों की मदद, डीएसपी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में चेकिंग के दौरान एक गाड़ी से हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। हैरानी की बात है कि पकड़े गए आतंकियों के साथ कार में जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक उपअधीक्षक (डीएसपी) भी मौजूद था। सुरक्षाबलों ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी राष्ट्रपति पुलिस मेडल विजेता है। अधिकारियों ने बताया कि डीएसपी आतंकियों को घाटी से बाहर निकालने में मदद कर रहा था। बताया जा रहा है कि डीएसपी की मदद से आतंकी दिल्ली आने वाले थे। उधर, डीएसपी के घर पर छापेमारी के दौरान 5 ग्रेनेड और 3 एके-47 बरामद हुई हैं।

बोलें कम, काम ज्यादा करें

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की आर्मी चीफ को सलाह

नई दिल्ली ए.। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने देश के नए सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे पर उनके पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को लेकर दिए गए बयान पर निशाना साधा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष चौधरी ने आर्मी चीफ को सलाह देते हुए कहा, 'वह बोलें कम और काम ज्यादा करें।' कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया, 'नए सेना प्रमुख... संसद ने पहले ही वर्ष 1994 में पीओके को लेकर सर्वसम्मत से प्रस्ताव पारित कर दिया था। सरकार कार्रवाई करने और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर समेत देशभर के रेलवे प्रतिष्ठानों पर ड्रोन हमले का अलर्ट, बढ़ी सुरक्षा

रायपुर (नवप्रदेश)। रायपुर समेत रेलवे के देशभर में स्थित वाइटल इंस्टालेशन (जहां सर्वाधिक नुकसान हो सकता है) पर ड्रोन हमले हो सकते हैं। रेलवे बोर्ड की ओर से देशभर के मंडल सुरक्षा आयुक्तों को खुफिया इनपुट के आधार पर इस संबंध का अलर्ट जारी किया गया है। जिसके मद्देनजर रायपुर में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्थानीय पुलिस को भी रेलवे प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए पत्र लिखा गया है। रायपुर आरपीएफ की ओर से रायपुर में भी ऐसा अलर्ट प्राप्त होने की पुष्टि की गई है। आरपीएफ डब्ल्यूआरएस पोस्ट के इंस्पेक्टर शशि चंद्रा ने नवप्रदेश से बातचीत में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खमतराई पुलिस ने बढ़ाई पेट्रोलिंग

खमतराई थाने के टीआई आरके साहू ने बताया कि उन्हें रेलवे प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए मंडल रेल सुरक्षा आयुक्त कार्यालय से पत्र प्राप्त हुआ है। बकौल साहू खमतराई पुलिस ने डीआरएम ऑफिस समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। पॉइंट ड्यूटी भी शुरू कर दी गई है।

बीसीसीआई सलाहकार समिति में शमिल हो सकते हैं गंभीर व मदन

नई दिल्ली ए.। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर और मदन लाल की बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्य के तौर पर नियुक्ति लगभग तय है। यह सीएसी 2020 से चार साल के कार्यकाल के दौरान चयन समितियों को चुनेगी। इस समिति की तीसरी सदस्य मुंबई की पूर्व महिला क्रिकेटर सुलक्षणा नाइक हो सकती हैं। सुलक्षणा ने करियर में भारत के लिए 46 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मदन लाल और गौतम गंभीर सीएसी के सदस्य बनने को तैयार हैं और उनकी नियुक्ति तय है।' 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 68 वर्षीय मदन लाल सबसे सीनियर सदस्य होने के तौर पर इस समिति का नेतृत्व करेंगे। वहीं, 2011 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम इंडिया के हीरो गंभीर तीसरे सदस्य के साथ मदन लाल का साथ देंगे।

ऐसा हो सकता है समिति का काम

माना जा रहा है कि यह कमिटी सीनियर सिलेक्शन पैनल में 2 सदस्यों की नियुक्ति के लिए केवल एक ही बार बैठक करेगी क्योंकि सीनियर चयन समिति में कार्यकाल पूरा कर चुके दो सदस्यों की जगह लेने वालों को चुनना होगा। सीनियर सिलेक्शन कमिटी के प्रमुख एमएसके प्रसाद (साउथ जोन) और गगन खोडा (सेंट्रल जोन) के विकल्प तलाशने को कमिटी की बैठक होगी।

जेएनयू हिंसा में शामिल 7 अन्य छात्रों की हुई पहचान

नई दिल्ली ए.। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) मारपीट मामले में स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने सात अन्य लोगों की पहचान की है। एसआईटी ने इनपर भी 5 जनवरी को हुई हिंसा में शामिल होने का आरोप लगाया है। अबतक कुल 44 लोगों को पहचाना जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक, इन लोगों को वीडियोज और फोटोज के जरिए पहचाना गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल थीं। साथ-साथ वार्डन, 17 सिक्यॉरिटी गार्ड्स और 5 छात्रों से पूछताछ भी की गई है। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने बताया था कि यूनिटी अगेंस्ट लेफ्ट नाम के वॉट्सऐप ग्रुप के 37 सदस्यों की पहचान हो चुकी है। इस ग्रुप में कुल 60 लोग थे। पुलिस के मुताबिक, यह ग्रुप लेफ्ट पार्टियों के खिलाफ हिंसा वाले दिन ही बना था।

बेमेतरा को स्वच्छता दर्पण अवार्ड
आमिर के हाथों कलेक्टर ने किया ग्रहण

रायपुर/नई दिल्ली। बेमेतरा जिले को स्वच्छता दर्पण अवार्ड प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) नई दिल्ली द्वारा दिया गया। रविवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बेमेतरा जिले की कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश कुमार सर्वे ने फिल्म अभिनेता आमिर खान के हाथों इस पुरस्कार को ग्रहण किया।

गरमा-गरम

फांसी का खौफ — मुकेश, अक्षय पवन हाथापाई पर उतारू, मां को देख मुकेश रोया भी

हिंसक हुए निर्भया के दोषी, मां को देख एक रोया भी

नई दिल्ली ए.। फांसी की तारीख और वक्त तय होने के बाद निर्भया के दोषियों की हालत खराब है। चारों के बर्ताव में बदलाव आया है। वे अजीब व्यवहार करने लगे हैं। चारों में से तीन-अक्षय, पवन व मुकेश हिंसक होते जा रहे हैं तो वहीं चौथा विनय शर्मा बिल्कुल शांत बैठा रहता है। यहीं नहीं दोषी मुकेश सिंह को उसकी मां से मिलने की इजाजत दी गई। सजा के ऐलान के बाद से दोषी मुकेश सिंह थोड़ा अजीब व्यवहार कर रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक, मां के मुलाकात के वक्त मुकेश भावुक हो गया और कई बार रोया भी। इसके बाद मां ने उसे क्यूरेटिव और दया याचिका के विकल्प का भरोसा दिया, तब जाकर वह शांत हुआ।

फांसी के लिए प्रशासन तैयार

फांसी से पहले जेल प्रशासन पूरी तरह तैयार है। चारों का मन शांत रखने के लिए धार्मिक किताबों मुहैया करवाई जाएंगी। उनका हेल्थ चेकअप करवाया जा रहा है। ऐसा इसलिए कि फांसी के लिए उनका वजन ठीक होना चाहिए।

ये अंतिम नहीं, अभी और होगी परिजन से मुलाकात

मिली जानकारी के मुताबिक, बातचीत में मुकेश ने मां से अपने पिता और भाई के बारे में बात की। जेल अधिकारियों के मुताबिक, अभी यह आखिरी मुलाकात जैसा नहीं था। नियमों के मुताबिक, उन्हें हफ्ते में दो बार परिवार से मिलने की इजाजत दी गई है। फांसी से पहले आखिरी मुलाकात कब होगी इसकी जानकारी परिवार को दे दी जाएगी। फांसी के बाद परिवारवाले दोषियों से जुड़ा सामान लेकर जा सकेंगे।

जेलकर्मियों से हाथापाई की नौबत

जेल सूत्रों के मुताबिक, निर्भया के चारों दोषियों ने फिलहाल जेल में किसी से भी बात करना बंद कर दिया है। चारों के व्यवहार में बदलाव भी आया है। मुकेश अक्षय, पवन तो बुधवार को जेल कर्मी से किसी बात पर बहस भी करने लगे थे। हाथापाई तक की नौबत आ गई थी। यह झगड़ा खाने को लेकर हुआ था। वहीं चौथा दोषी विनय शर्मा फिलहाल शांत है। उसने एक सेल में मानों खुद को कैद कर लिया है।

पीएम मोदी के कार्यक्रम से सीएम ममता का किनारा

कोलकाता (ए.)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) के विरोध में पश्चिम बंगाल में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इस सबके बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यातिथ्य में हुए कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के साथ दोबारा मंच साझा करने से परहेज किया, क्योंकि लेफ्ट सीएए को लेकर काफी आक्रामक है। सूत्रों के मुताबिक, ममता बनर्जी को पीएम मोदी के सामने भाषण देना था, इस कारण भी उन्होंने कार्यक्रम से किनारा कर लिया। नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए ममता बनर्जी को न्योता भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि ममता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनसे नागरिकता कानून को वापस लेने की अपील की थी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बिहार विधानसभा चुनाव: मांझी ने बढ़ाई तेजस्वी की टेंशन, एलजेपी के दावे से बीजेपी हैरान

- इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में अभी भले ही देर हो, मगर राजनीतिक दलों के दावों से बढ़ी उलझन
- एनडीए में लोक जनशक्ति पार्टी ने 43 सीटों पर दावेदारी ठोककर सीट बंटवारे से पहले ही झमेला खड़ा कर दिया

पटना(ए.)। इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में अभी भले ही वक्त हो, मगर राजनीतिक दलों द्वारा की जा रही सीटों की दावेदारी ने विपक्षी दलों के महागठबंधन की उलझनें बढ़ा दी हैं। ऐसा नहीं कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) इससे बचा हुआ है, यहां भी लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) ने 43 सीटों पर दावेदारी ठोककर सीट बंटवारे से पहले ही झमेला खड़ा कर दिया है।

एनडीए के मुख्य घटक दल एलजेपी ने स्पष्ट कहा कि विधानसभा चुनाव में उसे 43 सीटें चाहिए। एलजेपी सांसद और दलित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा कि उनकी पार्टी साल 2015 में भी 43 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। सीटों के बंटवारे में एलजेपी को इस बार भी इतनी ही सीटों की दरकार है। केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के छोटे भाई पारस ने कहा कि लोकसभा

चुनाव में उनकी पार्टी का 'स्ट्राइक रेट' सौ फीसदी रहा है।

महागठबंधन में भी सीटों को लेकर तकरार

उधर, विपक्षी दलों के महागठबंधन में भी सीटों के दावेदारी को लेकर दल एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं। महागठबंधन में प्रमुख घटक दल लालू प्रसाद की आरजेडी ने 243 विधानसभा सीटों में से 150 सीटों पर दावा ठोक दिया है। आरजेडी के विधायक विजय प्रकाश ने कहा कि आरजेडी 150 सीटों पर चुनाव लड़ने के मूड में है। उन्होंने कहा कि वैसे तैयारी तो 243 सीटों पर है, मगर एक सिद्धांत वाली पार्टियां साथ आती हैं, तब आरजेडी को 150 सीटें तो चाहिए ही।

जीतन राम मांझी ने 85 सीटों पर दावा ठोका

महागठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने भी 85 सीटों पर दावा ठोक दिया है। मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव में 85 सीटें जीत सकने की स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम सभी 243 सीटों पर अकेले चुनाव नहीं जीत सकते, लेकिन 85 सीटों पर जीत सकते हैं या समर्थन देकर किसी को जिताया जा सकता है।'

2015 चुनाव में ये रहे थे नतीजे

पांच साल पूर्व 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 41 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और इनमें से 27 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, आरजेडी और जेडीयू के हिस्से में 101-101 सीटें आई थीं। आरजेडी 80 सीटें जीत कर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी था। वहीं, 71 सीटें हासिल करने वाला जेडीयू लगभग 20 माह बाद ही महागठबंधन से अलग हो गई थी और बीजेपी के साथ बिहार में सरकार बना ली थी। बीजेपी केवल 53 सीटों पर जीत दर्ज कर पाई थी।

कांग्रेस भी बना रही दबाव

कांग्रेस भी झारखंड चुनाव परिणाम से उत्साहित होकर महागठबंधन में सीटों को लेकर दबाव बना रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रवींद्रनाथ मिश्रा ने कहा कि बिहार में जनता कांग्रेस के प्रति भरोसा रख रही है, साथ ही बिहार में कांग्रेस का जनाधार तेजी से बढ़ा है। कांग्रेस 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है और जिस तरह से माहौल बन रहा है, उसमें 100 सीटें गठबंधन में पाने में कांग्रेस को कोई कठिनाई नहीं होगी।

किस दल को कितनी सीटें?

बहरहाल, सभी दल अपने महागठबंधन के रणनीतिकारों पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत सीट बंटवारे को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया है, अब चुनाव के समय देखना होगा कि कौन पार्टी कितनी सीटों पर उम्मीदवार उतारती है।

जेडीयू की सफाई

विपक्षी दलों के महागठबंधन में फिलहाल आरजेडी, कांग्रेस और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के अलावा राष्ट्रीय लोक समता पार्टी और विकासशील इंसान पार्टी शामिल है। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने सीट बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मीडिया में बयानबाजी से सियासी फैसले नहीं लिए जाते। हर पार्टी की अपनी मांग होती है। समय से पहले इस पर बोलना उचित नहीं है। समय पर सब कुछ तय हो जाता है।

केरल: चार सेकंड में ताश के पत्तों की तरह बिखर गई बहुमंजिला इमारतें

कोच्चि(ए.)। केरल के कोच्चि में झील के किनारे बने दो अन्य अवैध अपार्टमेंट को रविवार को गिरा दिया गया। कोच्चि के मरादु

नगर निगम क्षेत्र में स्थित 55 मीटर ऊंची इमारत जैन कोरल कोव को रविवार सुबह 11 बजकर तीन मिनट पर जमींदोज किया गया। इसके बाद दोपहर में चौथी इमारत को जमींदोज कर दिया गया। जिला प्रशासन ने विस्फोटक लगाकर इन अवैध इमारतों को गिराया। अंतिम बहुमंजिला इमारत देखते ही देखते ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पूरा इलाका मलबे के गुबार से भर गया। इस इमारत का निर्माण तटीय नियमन क्षेत्र के प्रावधानों का उल्लंघन कर किया गया था।

इससे पहले इमारत के दो सौ मीटर के इलाके में चारों तरफ से लोगों को हटा लिया गया था और सभी प्रकार के यातायात को रोक दिया गया था। इसके साथ ही अब उन सभी चार आलीशान अपार्टमेंट को ध्वस्त कर दिया गया है जिनका निर्माण, नियमों का उल्लंघन कर किया गया था। इसे गिराने के लिए शीर्ष अदालत ने आदेश दिया था।

इस इमारत के गिराए जाने के साथ ही पिछले साल आए शीर्ष अदालत के आदेश का पूरा हो गया। इससे पहले शनिवार को दो अन्य इमारतों को जमींदोज किया गया था। मुंबई स्थित एडिफिसीज इंजीनियरिंग ने दक्षिण अफ्रीका स्थित जेट डिमोलेशन कंपनी के विशेषज्ञों की मदद से इसे गिराया गया।

घरेलू झगड़े के बाद पत्नी को जबरन जहर पिलाकर कमरे में किया बंद, मौत

आबोहर(ए.)। पंजाब के आबोहर जिले में एक दंपती के बीच घरेलू झगड़े ने खतरनाक मोड़ ले लिया। पति ने अपनी पत्नी को इस दौरान जबरन जहर पिलाया और उसे घर में बंद करके फरार हो गया। शुक्रवार देर रात कस्बे के पंजपीर इलाके में यह घटना हुई। पत्नी की अस्पताल में मौत हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर पड़ोस के लोग मदद के लिए पहुंचे और उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन यहां से उसे दूसरे अस्पताल रिफर किया गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक महिला की पहचान पवनदीप कौर के रूप में हुई है।

40 लाख की फिरौती के लिए दोस्त का मर्डर, फिल्म देखकर बनाया प्लान

पुणे(ए.)। महाराष्ट्र के पुणे में में 40 लाख रुपये की फिरौती के लिए एक 17 वर्षीय लड़के की उसके ही दोस्त ने कथित तौर पर अपहरण करने के बाद हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ने एक फिल्म देखने के बाद फिरौती और मर्डर की साजिश रची। पुलिस का कहना है कि अब्दुल्ला सिद्दीकी नाम के किशोर का शव रविवार को पुणे के सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय परिसर में पाया गया। उसका परिवार पुणे के पिंपरी चिंचवाड़ इलाके में कबाड़ का व्यसाय करता है। आरोपी उमर नासिर शेख ने पुलिस को बताया कि उसने खतरनाक खिलाड़ी-2 नाम की फिल्म देखने के बाद पैसे के लिए अपने दोस्त का अपहरण करने की योजना बनाई थी। भोसरी पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी उमर नासिर शेख (20) को अपहरण और हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीएए पर अमित शाह की राहुल-ममता को चुनौती

सीएए के समर्थन में मध्य प्रदेश के जबलपुर में रैली करने पहुंचे बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह

- अमित शाह ने कहा- राहुल और ममता बताएं कि सीएए से नागरिकता कैसी जाएगी
- शाह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान से आए शरणार्थी हमारे भाई हैं, नागरिकता देकर रहेंगे

'शरणार्थी हमारे भाई हैं, नागरिकता देकर ही रहेंगे'

अमित शाह ने सीएए के मुद्दे पर पीछे ना हटने की बात पर जोर देते हुए कहा, 'कांग्रेस वालों कान खोल कर सुन लो, जितना विरोध करना है करो, ये सारे लोगों को नागरिकता देकर ही हम दम लेंगे। भारत पर जितना अधिकार मेरा और आपका है, उतना ही अधिकार पाकिस्तान से आए हुए शारणार्थियों का है। वे भारत के बेटा-बेटी हैं, वे हमारे भाई हैं।'

जबलपुर(ए.)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर विपक्ष पर हमला बोला है। मध्य प्रदेश के जबलपुर में सीएए के पक्ष में आयोजित रैली में अमित शाह ने राहुल गांधी और ममता बनर्जी को चुनौती दी कि वे सीएए का एक प्रावधान बताएं, जिससे किसी की नागरिकता जाती है। अमित शाह ने कहा कि भारत पर जितना हक हमारा है, उतना ही पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध और ईसाई शरणार्थियों का भी है।

सीएए के मुद्दे पर कांग्रेस के अलावा तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी भी लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। इसी के चलते अमित शाह ने जबलपुर में कहा, 'मैं राहुल बाबा और ममता बनर्जी को चुनौती देता हूं कि वे सीएए का एक ऐसा प्रावधान बताएं, जिससे किसी की नागरिकता जा रही हो। आज मैं बताने आया हूं कि सीएए में कहीं पर भी किसी की नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है, इसमें नागरिकता देने का प्रावधान है।'

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, 'जब देश का बंटवारा हुआ और कांग्रेस पार्टी ने देश का बंटवारा धर्म के आधार पर किया। बंटवारे के समय पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारत आना था, मगर उस समय स्थिति सही नहीं होने के कारण वे वहीं रह गए। हमारे देश के सभी नेताओं ने आश्वासन दिया कि आप अभी वहां रह जाइए और आप जब भी कभी भारत आएंगे तो आपका स्वागत किया जाएगा, भारत आपको नागरिकता देगा।'

महात्मा गांधी के बहाने कांग्रेस पर फिर बरसे अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा, '2 जुलाई 1947 को महात्मा गांधी जी ने कहा- जिन लोगों को पाकिस्तान से भगाया गया, जो पाकिस्तान में रह गए हैं, उनको पता होना चाहिए कि वे भारत के नागरिक थें, जब भी भारत में आना चाहते हैं भारत उनको नागरिकता देगा। आज सारे कांग्रेसी पूरे देश में सीएए का विरोध कर रहे हैं। जो गांधी जी ने कहा था, राहुल बाबा आप गांधीजी की भी नहीं सुनोगे। महात्मा गांधी जी को तो कब का आपने छोड़ दिया है।'

208 अकादमिक विद्वानों ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा खत

शिक्षा के माहौल को खराब रहे लेफ्ट विंग के लोग

नई दिल्ली(वार्ता)। देश के 200 से ज्यादा अकादमिक जगत के विद्वानों ने पीएम नरेंद्र मोदी को खत लिखकर लेफ्ट विचारधारा से जुड़े लोगों पर शिक्षण का माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। पत्र लिखने वाले लोगों में कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर भी शामिल हैं। पत्र में लिखा गया है कि लेफ्ट विंग के ऐक्टिविस्ट्स की मंडली देश में अकादमिक माहौल को खराब करने में जुटी है।

अकादमिक विद्वानों ने अपने पत्र में लिखा, 'हमारा मानना है कि स्टूडेंट पॉलिटिक्स के नाम पर अतिवादी वामपंथी अजेंडे को आगे बढ़ाया जा रहा है। हाल में ही जेएनयू से जामिया औ एएमयू से जाधवपुर यूनिवर्सिटी तक में सामने आए घटनाक्रम से पता चलता है किस तरह से अकादमिक माहौल को खराब किया जा रहा है। इसके पीछे लेफ्ट ऐक्टिविस्ट्स के एक छोटे से वर्ग की शरारत है।'

'लेफ्ट ने लगाई सेंसरशिप, खुलकर बोलना हुआ मुश्किल': नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और जेएनयू में हुई हिंसा के बाद लिखे गए इस पत्र को सरकार की ओर से अकदामिक जगत में समर्थन जुटाने की कोशिश माना जा रहा है। लेफ्ट से जुड़े समूहों पर हमला बोलते हुए पत्र में कहा गया है कि लेफ्ट विंग राजनीति की ओर से लगाई गई सेंशरशिप के चलते स्वतंत्र रूप से कुछ भी बोलना और कोई सार्वजनिक कार्यक्रम करना मुश्किल हो गया है।

पत्र लिखने वालों में कई यूनिवर्सिटीज के VC भी शामिल

इस पत्र को लिखने वालों में हरि सिंह गौर यूनिवर्सिटी के कुलपति आरपी तिवारी, साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति एचसीएस राठौर और सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के वीसी शिरीष कुलकर्णी शामिल हैं। 'शिक्षण संस्थानों में लेफ्ट विंग की अराजकता के खिलाफबयान' शीर्षक से लिखे गए पत्र में कुल 208 अकादमिक विद्वानों के हस्ताक्षर हैं।

यूक्रेन विमान हादसे की जिम्मेदारी लेने के बाद खामनेई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

तेहरान(ए.)। यूक्रेन के विमान हादसे की जिम्मेदारी लेने के बाद खामनेई के खिलाफ ईरान की सड़कों पर हजारों लोग उतर आए हैं। प्रदर्शनकारी ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामनेई के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी चेतावनी दी है कि वह स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और अब दूसरा 'नरसंहार' नहीं होना चाहिए। ईरान ने स्वीकार किया था कि उसने गलती से यूक्रेन के विमान को गिरा दिया जिसमें 176 लोगों की मौत हो गई।

लगे नारे, खामनेई छोड़ें देश

ईरान की राजधानी तेहरान में अमेरिकी दूतावास के बाहर हजारों लोग प्रदर्शन करने के लिए जुटे। वहीं अमीर काबिर यूनिवर्सिटी के बाहर भी ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। लोग हाथों में पोस्टर्स लेकर यहां इकट्ठा हुए थे और खामनेई से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। शनिवार को ईरान में छात्रों ने इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया और मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि सुलेमानी की मौत के बाद लाखों लोग ईरान की सड़कों पर उतरे थे और अमेरिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

गौरव चंदेल मर्डर: पुलिस खाली हाथ, प्रियंका गांधी और मायावती ने सरकार को घेरा

नोएडा(ए.)। गुड़गांव की निजी कंपनी के रीजनल मैनेजर गौरव चंदेल मर्डर केस में अबतक पुलिस के हाथों कुछ नहीं लगा है। इस बीच मामले पर राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी ने यूपी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। रविवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और बीएसपी प्रमुख मायावती ने ट्वीट किया। मायावती ने लिखा, 'नोएडा में गौरव चंदेल की हत्या के मामले में भी लीपापोती व सरकारी उदासीनता के कारण वहां पूरे क्षेत्र में जन आक्रोश लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यूपी सरकार

खासकर अपराध-नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के मामले में इस प्रकार की लापरवाही को छोड़कर जनहित पर समुचित ध्यान दे तो यह बेहतर होगा।'

इससे पहले प्रियंका गांधी ने लिखा था कि, 'प्रबंधक के पद पर काम करने वाले गौरव चंदेल जी की नोएडा में अपराधियों ने हत्या कर दी थी। लूट-पाट के बाद हुई हत्या में सरकार की कार्रवाई अभी तक ढीली-ढाली ही है।' प्रियंका ने आगे लिखा था कि नोएडा जैसे लोकेशन पर अगर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं तो पूरे यूपी में क्या स्थिति होगी? गौरव चंदेल जी के परिवार को न्याय जल्द से जल्द मिलना चाहिए। इसके साथ प्रियंका ने एक विडियो भी शेयर किया, जिसमें गौरव का बेटा पिता के लिए न्याय मांग रहा था।

अंदाज | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज सुबह रामकृष्ण मंदिर में पूजा की

बेलूर मठ में मोदी की संतो से भेंट, ध्यान लगाया

- प्रधानमंत्री मोदी ने रामकृष्ण परमहंस को श्रद्धांजलि दी और वहां रह रहे संतों से मुलाकात की
- पीएम मोदी ने हावड़ा स्थित रामकृष्ण मिशन के मुख्यालय बेलूर मठ में ही रात गुजारी थी

कोलकाता (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज सुबह ऐतिहासिक बेलूर मठ के रामकृष्ण मंदिर में जाकर पूजा की और वहां रह रहे संतों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने रामकृष्ण

परमहंस को श्रद्धांजलि भी दी। पीएम मोदी ने हावड़ा स्थित रामकृष्ण मिशन के मुख्यालय बेलूर मठ में ही रात गुजारी थी। इस मठ में रात गुजारने वाले वह पहले प्रधानमंत्री हैं। बताया जा रहा है कि सुबह ध्यानकक्ष में मठ के स्वामियों के साथ प्रधानमंत्री ने भी ध्यान लगाया। बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री मई 2019 में केदार की गुफा में ध्यान लगाते हुए रात गुजार चुके हैं।

मिशन से मोदी का पुराना नाता

स्वामी विवेकानंद द्वारा 1897 में स्थापित रामकृष्ण मिशन से मोदी का परिचय नया नहीं है। वह जब किशोर थे तब स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरित होकर गुजरात की राजकोट शाखा में मिशन के आश्रम पहुंचे थे और संस्था से जुड़ने की इच्छा जाहिर की थी। तब उस आश्रम के प्रमुख आत्मसहजानंद ने उन्हें संन्यास न लेकर लोगों के बीच रहकर काम करने को कहा था।

बेलूर मठ के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और कई अन्य प्रधानमंत्री भी कई बार मठ आ चुके हैं लेकिन कोई भी रात में यहां नहीं ठहरा था। उन्होंने बताया कि इससे पहले जारी यात्रा कार्यक्रम के अनुसार पीएम मोदी शनिवार रात को राज भवन में रुकने वाले थे लेकिन इसमें बदलाव किया गया। पीएम शनिवार शाम हावड़ा ब्रिज पर लाइट ऐंड साउंड शो के बाद नाव से बेलूर मठ पहुंचे और उन्होंने यहां संतों से मुलाकात की। पीएम को मठ परिसर के अंदर अंतरराष्ट्रीय अतिथि गृह में ठहराया गया।

उन्होंने कहा कि मठ में अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री का श्री रामकृष्ण, श्री शारदा देवी और स्वामी विवेकानंद के प्रति सम्मान व्यक्त करने के बाद अध्यक्ष स्मरणानंद से मुलाकात का कार्यक्रम है। अधिकारियों ने कहा कि पीएम को रात में भोग दिया जाएगा। वहां कोई विशेष व्यवस्था नहीं होगी। भोग और प्रसाद वही होगा जो दूसरे भक्तों को दिया जाता है।

सुबह ये कार्यक्रम

अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री का यहां रात में ठहरने का फैसला इस तथ्य को ध्यान में रखकर लिया गया हो सकता है कि रामकृष्ण मिशन के संस्थापक स्वामी विवेकानंद की जयंती रविवार को पड़ रही है। मठ के अधिकारियों ने कहा कि रविवार को मठ में एक प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई और प्रधानमंत्री इसमें शामिल हुए।

'आप' ने बदल दी देश की राजनीति: केजरीवाल

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने देश की राजनीति को बदल दिया है। केजरीवाल आप के राष्ट्रीय संयोजक और फाउंडर हैं। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि चुनाव सरकार के काम पर नहीं जीते जाते लेकिन हमने यह सोच बदली है।

केजरीवाल ने ट्वीट किया,'लोग मुझसे कहते थे केजरीवाल जी चुनाव सरकार के कामकाज पर नहीं जीते जाते,चुनावी राजनीति अलग होती है और हम कहते थे कि हम इसे बदलने आए हैं। देश की राजनाति काफी हद तक बदली है।' दिल्ली के मुख्यमंत्री का यह बयान विधानसभा चुनाव से

पहले आया है।

आप का कैम्पेन सॉन्ग 'लगे रहो केजरीवाल' लॉन्चबता दें कि राजधानी में 8 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं और इससे पहले सभी पार्टियां अपनी जीत का दावा पेश कर रही हैं। मतगणना 11 फरवरी को होनी है। चुनाव की तारीख जैसे-जैसे सामने आ रही है आप का चुनाव प्रचार और अन्य तैयारियों में भी तेजी आई है।

न्यूज गैलरी

कुर्राह से 402 हज यात्रियों का चयन

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा हज-2020 के लिये प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों के चयन हेतु कुर्राह का आयोजन आज 12 जनवरी 2020 को नया विश्राम भवन सिविल लाईन रायपुर में आयोजित किया गया। हज गाईड लाईन्स 2020 के नियमानुसार राज्य को प्राप्त कुल 469 हज सीट में से 63 रिजर्व केटेगरी की तथा चार महिला विथ आउट मेहरम केटेगरी के आवेदकों की सीटें घटाकर 402 हज सीटों के लिए कुर्राह किया गया। शेष 439 सभी हज आवेदकों को कुर्राह के माध्मय से ही प्रतिक्षा सूची में रखा गया। सभी जिलों में चयनित आवेदकों की सूची प्रेषित की गयी है।

16 को बुलाए गए विस सत्र का भाजपा विधायक दल ने किया विरोध

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल ने 16 जनवरी को बुलाए गए एक दिवसीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र का विरोध किया है तथा इस संबंध में राज्यपाल सुश्री अनसुईया उईके तथा विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत को ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के मुताबिक इस विशेष सत्र में कृतज्ञता प्रस्ताव का अनुमोदन और उसी दिन 126 वे सविधान संसोधन का पारण होना है। भाजपा विधायकों की आपत्ति इस बात पर है कि संसदीय इतिहास में एक दिन में ही ऐसा नहीं हुआ है। संशोधन देना विपक्ष का अधिकार है ऐसे में उसी दिन संशोधन होना, सचिवालय द्वारा चेक करना और संशोधन प्रिंट होने के बाद सदस्यों में वितरण होता है पश्चात संसोधन प्रस्ताव और अभिभाषण पर चर्चा होती है। परंतु ऐसा एक दिन में होना प्रतीत नही होता। जानकारी यह भी है कि सरकार राज्यपाल का अभिभाषण कराने जा रही है। यह संसद इतिहास का पहला मौका होगा जब राज्यपाल का अभिभाषण वर्ष में दूसरी बार होगा। परंपरा अनुसार वर्ष की प्रथम सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण होता है।

ओटीपी नम्बर पूछकर खाते से हजारों पार

रायपुर। स्वयं को बैंक कर्मी बताकर एटीएम कार्ड नवीनीकरण करने की बात कह ओटीपी नंम्बर पूछ खाते से निकाल लिया हजारों रूपये। घटना की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। न्यू शांति नगर सिविल लाईन निवासी सुरेन्द्र मोहन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 जनवरी को प्रार्थी के मोबाइल फोन पर मोबाईल क्रमांक 916291729470 के धारक ने स्वयं को यूकों बैंक से होना कहकर एटीएम कार्ड का नवीनीकरण करने के लिए ओटीपी नम्बर की जानकारी मांगा, जानकारी देते ही खाते से 46 हजार 4 सौ रूपये खाते से निकाल लिया।

छत्तीसगढ़ देश के नए विश्वास के रूप में उभरा : भूपेश

स्वाभिमान, अस्मिता और नई ऊर्जा से प्रारंभ हुआ आगे बढ़ने का नया दौर, मुख्यमंत्री रेडियोवार्ता लोकवाणी की 6वीं कड़ी में आम जनता से हुए रूबरू

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की छठवीं कड़ी में छत्तीसगढ़वासियों को नववर्ष 2020 की बधाई देते हुए कहा कि आपकी शुभकामनाएं और सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा तो निश्चित तौर पर आगामी वर्षों में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने कहा कि हमने अपनी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को सेवा और जतन का एक साल कहा है। इन चार शब्दों में बहुत सारी बातें समा जाती है। आज पहले साल के पड़ाव का मुझे यह कहते हुए संतोष है कि हम प्रदेश के ग्रामीणों, किसानों और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य कमजोर तबको को राज्य के विकास के साथ जोड़ने में सफल हुए है। शिक्षा से रोजगार तक, युवाओं को सर्वांगीण विकास के अवसर देने से लेकर सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाने तक हर उपाय हमने किया है। राज्य सरकार के चैतरफा प्रयासों के कारण विश्वव्यापी मंदी का असर छत्तीसगढ़ के जनजीवन को तनिक भी नहीं छू पाया, बल्कि इस दौर में विकास के नए प्रतिमान स्थापित हुए।

राज्य सरकार के एक वर्ष के कामकाज का दिया ब्यौरा

प्रारंभ हुई देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना :

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में जनता को राहत और प्राथमिकता देने का सिलसिला जारी है। हमने एक जनवरी 2020 से देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना भी शुरू कर दी है। प्रदेश के सभी 65 लाख परिवारों के प्रत्येक सदस्य के उपचार हेतु डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना् एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है जो मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 20 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता जरूरतमंद लोगों को देगा ताकि गरीबी उपचार में आड़े ना आए। इस योजना में लीवर ट्रांसप्लान्ट, किड़नी ट्रांसप्लान्ट, कॉर्निया ट्रांसप्लान्ट, हृदय ट्रांसप्लान्ट, हीमोफीलिया, थैलेसिमिया, कैंसर, हृदय रोग, अप्लास्टिक एनीमिया, कॉक्लियर इम्प्लान्ट, सिकलसेल एनीमिया, एसिड अटैक विक्टिम्स, मस्कुलर डिस्ट्राफी जैसी बीमारियों का उपचार संभव होगाए जो प्रचलित योजनाओं में नहीं हो पा रहा था। डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से प्रदेश के 56 लाख परिवारों को 5 लाख रूपए तक का नगद रहित उपचार शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्व में 42 लाख परिवारों को ही इसका लाभ मिल रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में संचालित योजनाओं में उपचार के दौरान जांच भी सबसे बड़ी समस्या थीए जिसका खर्च उठा पाना मरीज व उनके परिजनों के लिए संभव नहीं हो पाता था।

युवा उत्सव में छत्तीसगढ़ की तरूणाई और युवाओं की प्रतिभाओं का होगा अद्भुत प्रदर्शन

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के सुखद संयोग का भी उल्लेख करते हुए प्रदेश के युवा शक्ति और प्रदेश की तरूणाई का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को हम युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। बीते एक साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में हमारे नेतृत्व में युवाओं का वर्चस्व बढ़ा है। स्वामी विवेकानंद बहुत उदार, बहुत व्यवहारिकए बहुत सुधारवादी थे। वे युवाओं को प्रचलित रूढ़िवादिताओं से दूर रखकर अपने गुणों का विकास करते देखना चाहते थे, ताकि वो अपने समाज से समरस हो सके, अपने सामाजिक सरोकारों की प्रति जागरूक हो सके। उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाए। उनका यह आह्वान युवाओं में सकारात्मक लगाव और लक्ष्यों के प्रति जुनून पैदा करने का आह्वान था। मुझे यह कहते हुए खुशी होता है कि कई पीढ़ियां इस आह्वान को आत्मसात् करके तर गए। हमारी नई पीढ़ी भी इस अमरवाणी को आत्मसात् करें और स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बनाने में अपना योगदान दे। इसके लिए हमने युवा उत्सव को व्यापक बनाया। प्रदेश में 15 अक्टूबर 2019 को इसकी शुरूआत विकासखंड स्तर हुई थी। 25 विधाओं में प्रतियोगिताएं हुई और अब राज्य स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन 12 से 14 जनवरी तक किया जाएगा। यह तीन दिवसीय युवा उत्सव छत्तीसगढ़ की तरूणाई, युवाओं की शक्ति और युवाओं की प्रतिभाओं का अद्भुत रंगारंग प्रदर्शन होगा। मेरा मानना है कि यह एक तरह का सांस्कृतिकए वैचारिक.विनिमय है जो युवाओं की सोच का दायरा बढ़ायेगा। युवाओं को जाति.धर्म.संप्रदाय.क्षेत्र से ऊपर उठकर एक.दूसरे को समझने का अवसर देगा और हमारे प्रदेश की सबसे बड़ी विशेषता आपसी भाईचारे को बढ़ाने में मदद करेगा।

छत्तीसगढ़ सिंचाई विकास प्राधिकरण का गठन

महिलाओं का सम्मान हो या संस्कृति का उत्थान, हर मोर्चे पर विकास के छत्तीसगढ़ी मॉडल का रंग चढ़ा है। बीता एक साल तत्कालिक रूप से राहत देने के बड़े.बड़े कामों के लिए याद किया जायेगा तो नए साल में हम राज्य को अनेक बड़ी स्थायी योजनाएं और अधोसंरचना देने जा रहे हैं जिसके लिए एक बड़ी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। प्रदेश में सिंचाई क्षमता के विकास के लिए समन्वित प्रयास करने हेतु हमने छत्तीसगढ़ सिंचाई विकास प्राधिकरण का गठन किया है तो सड़कए बिजलीए पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए भी ठोस पहल की जा रही है। औद्योगिक विकास के लिए हमारा पैमाना अलग है। हम चाहते हैं कि अपने संसाधनों और उपजों का वैल्यू.एडिशन हो। इसके लिए नई उद्योग नीति में फूड़.प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देने जैसे प्रावधान हैं ताकि बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर प्राप्त हों। हमारा उद्देश्य जीडीपी के आंकड़ों में विकास का ग्राफबनाना नहीं बल्कि मानव विकास और इसके लिए गुणवत्तापूर्ण सेवा की व्यवस्था करना है। मेरा मानना है कि एक साल में जो ठोस बुनियाद रखी गई है उस पर हम समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ बनाएंगे।

जल्द नियमित होंगे 7000 शिक्षाकर्मी, 15 हजार व्याख्याताओं की भर्ती पूर्णता की ओर

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि सरकार का एक साल पूर्ण होते ही हमारी नई पहल और योजनाओं का क्रियान्वयन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने शिक्षाकर्मियों के संविलियन को लेकर बागबाहरा से नीरज तिवारी, मरवाही से प्रकाश कुमार, सरायपाली से रश्मि पटेल, महासमुंद से देवराज पाणिग्रही,वैशाली रिखी, रायगढ़ से सूरज प्रधान, मुकेश निर्मलकर, कुसुम देवांगन, जांजगीर से योगेश बनर्जी, खरसिया से संजय राठौर, भरत लाल गुप्ता, मुंगेली से मुकेश कुमार बंजारे, रायगढ़ से ज्योति राज पाण्डा, रायगढ़ से लिंगराज चैधरी, पुसउर कमलेश कुमार साहू, महासमुंद से धीरज तिवारी, राजिम से लखेन्द्रदत्त साहू सहित कई साथियों पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जिन शिक्षाकर्मियों का 8 वर्ष पूरा हो रहा है, उनका नियमितीकरण आदेश क्रमशः निकाला जा रहा है। 7 हजार शिक्षाकर्मियों के नियमितीकरण का आदेश इस माह निकाल दिया जाएगा। शिक्षामितान या अतिथि शिक्षकों के 1885 पद स्वीकृत किए गये हैं। अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती का अधिकार स्थानीय स्तर पर दिया गया है। लगभग 15 हजार व्याख्याताओं की भर्ती की प्रक्रिया पूर्णता की ओर है अभी सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जब से हमारी सरकार बनी है तबसे लगातार कोई न कोई चुनाव और आचार संहिता के कारण लंबी प्रक्रिया वाले कार्य पूर्ण होने में दिक्कत हुई लेकिन अब ऐसी सभी कार्यों में तेजी आएगी। आदिवासी अंचलों में कनिष्ठ चयन बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया है ताकि इन अंचलों के युवाओं को स्थानीय स्तर पर शासकीय सेवा में लिया जा सके। विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में युवाओं को सीधी भर्ती का लाभ दिया जा रहा है। हम सिर्फसरकारी दफ्तरों में ही नहीं बल्कि नई उद्योग नीति के माध्यम से उद्योगों मेंए आर्थिक राहतों के माध्यम से व्यापार में भी युवाओं को नए.नए अवसर दे रहे हैं। आठ मॉडल कॉलेज शुरू होंग, मर्रा और साजा में कृषि महाविद्यालय : मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमनें प्रदेश में उच्च शिक्षा को रूचिकर और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए कदम उठाए हैं। बरसों से लंबित सहायक प्राध्यापकों की भर्ती शुरू की है जिससे लगभग 1400 युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। बालोद में कन्या महाविद्यालय, दंतेवाड़ा, कोंडगांव, बीजापुर, सुकमाए नारायणपुर, महासमुंद और कोरबा में मॉडल डिग्री कॉलेज, ग्राम मर्रा जिला दुर्ग और ग्राम साजा जिला बेमेतरा में कृषि महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। 14 नये फॉर्मेसी कॉलेज खोले गए हैं। ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में देश का पहला ष्डाटा साइंस तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण के लिए छत्तीसगढ़ खेल प्राधिकरण का गठन किया जा रहा है। हमनें सीएसआर का पैसा, युवा प्रतिभाओं को निखारने में लगाने का निर्णय लिया है। इसके तहत् उद्योगों को यह जिम्मेदारी दी जाएगी कि वे संस्थाओं का विकास करेंए कोच का इंतजाम करे साथ ही स्टेडियम की व्यवस्था में भी सहयोग करें।

खेल विकास प्राधिकरण के गठन से युवाओं की प्रतिभा आएगी सामने : विजेन्दर सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, खेल प्रतिभाओं में छत्तीसगढ़ अग्रणी हैं। राज्य की सरकार ने खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया है, इससे निश्चित ही युवाओं की प्रतिभा सामने आएगी। उक्त बातें ओलंपिक पदक विजेता और प्रसिद्ध मुक्केबाज विजेन्दर सिंह ने राज्य युवा महोत्सव में कही। तीन दिवसीय युवा महोत्सव का आज आगाज हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में विभिन्न जिलों से पहुंचे युवा प्रतिभागियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। प्रदेश के 27 जिलों से 6521 प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल होने राजाानी पहुंचे हैं। इस आयोजन के दौरान 39 विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें

छत्तीसगढ़ी खेलकूद, गायन-नृत्य आदि का कार्यक्रम भी शामिल है।कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल अनुसुईया उईके और मुख्यमंत्री के उद्बोधन से हुआ।

इस दौरान मंत्रिमंडल के सदस्य और विधायक सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

आदर्श को नतमस्तक

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष मान. चरणदास महंत ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर रविवार पूर्वाह्न 11 बजे छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर में प्रतिष्ठापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं विधान सभा के अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संदेश में विधान सभा अध्यक्ष मान. डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि - स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचारों से समाज को एक नई दिशा दी। वे हमेशा से युवाओं के प्रेरणाश्रोत रहे हैं। उठो, जागो और तब तक आगे बढ़ो जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त न करो का उनका संदेश आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि - यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी युवावस्था का कुछ समय यहाँ व्यतीत किया।

परंपरा — कलाकारों ने नरवा, गरूवा, घुरवा अऊ बारी के साथ गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का दिया संदेश

राज्य युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत की प्रस्तुति

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य युवा महोत्सव के पहले दिन आज बलौदाबाजार और दुर्ग जिले के युवक-युवतियों ने मनोहारी गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ी गीत पर आधारित नृत्य में बलौदाबाजार के युवक-युवती कलाकारों ने बाबा गुरू घासीदास के वंदना गीत बाबा तोर नाम अमर रहे न के साथ नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का दिल जीत लिया। इन कलाकारों ने लोक गीत के साथ सुवा नृत्य भी प्रस्तुत किया। दुर्ग जिले की युवतियों ने गौरी-गौरा की झांकी निकालकर गीत प्रस्तुत किया। इन कलाकारों ने छत्तीसगढ़ में दीपावली के अवसर पर गौरी-गौरा बनाकर पूजा करने की परंपरा को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। इन कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की राज्य गीत अपरा पैरी के धार महानदी हे अपार..... पर आकर्षक नृत्य की

प्रस्तुति दी। युवतियों ने नरवा, गरूवा, घुरवा अऊ बारी को गीत के रूप में गाकर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।

युवा महोत्सव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चलाई गेड़ी

रायपुर (नवप्रदेश)। राजधानी रायपुर के साइंस कालेज मैदान में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर आज 12 जनवरी से प्रारंभ हुए तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेलअतिथियों के साथ मंच के नीचे उतरे और वहां गेड़ी नृत्य कर रहे कलाकारों के पास पहुंचे। उन्होंने कलाकारों से गेड़ी ली और स्वयं भी गेंड़ी पर चढ़े। युवाओं की तालियों से मैदान गूंज उठा। मुख्यमंत्री के साथ विधायक मोहन मरकाम भी गेंड़ी पर चढ़े। इस अवसर पर युवा कल्याण एवं खेल मंत्री उमेश पटेल भी उपस्थित थे।

संपादकीय

अब पीओके पर कब्जे की तैयारी

पड़ौसी देश पाकिस्तान लगातार सीमा पार से भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने की नाकाम कोशिश कर रहा है। कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद से वहां कायम अमन और चैन पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है और वह कश्मीर सहित देश के अन्य हिस्सो में हिंसा फैलाने की हर संभव कोशिश कर रहा है। एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से की जा रही साजिश को भारतीय सेना नाकामयाब कर रही है। इस बारे में नए सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना एलओसी पर हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। हम एलओसी पर सक्रिय है प्रतिदिन हमें एंटेलिजेंस इनपुट मिल रहे है और उसे हम गंभीरता से ले रहे है ताकि दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। नए आर्मी चीफ ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है और इस बारे में सरकार का आदेश मिलते ही भारतीय सेना एक्शन ले लेगी। उन्होंने पीओके के भविष्य को लेकर कहा है कि वह भारत का हिस्सा बन सकता है। किन्तु इसका फैसला केन्द्र सरकार को लेना है। जैसे ही सरकार फैसला ले लेगी भारतीय सेना तत्काल अमल कर देगी। उन्होंने पाकिस्तान और चीन की चुनौती के बारे में कहा है कि भारतीय सेना किसी भी परिस्थित से निपट सकती है इसके लिए हम तैयार है। खास तौर पर पाकिस्तान की साजिशों को ध्वस्त करने में हम कामयाब हो रहे हैं। कश्मीर से 370 खत्म होने के बाद से कश्मीर में हालात लगातार सुधर रहे है। वहां आतंकवादियों का सफाया किया जा रहा है। इसमें सेना को स्थानीय प्रशासन और स्थानीय लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है। रही बात पीओके की तो वहां खुद भी लोग पाकिस्तान से अलग होकर भारत में विलय करना चाह रहे हैं। इस मांग को लेकर पीओके में आंदोलन चल रहा है। जिसे पाकिस्तानी सेना बंदक की नोक पर कुचलने की कोशिश कर रही है। जैसे ही सरकार निर्णय लेगी। भारतीय सेना पीओके पर कब्जा करने के लिए पुरी तरह तैयार है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय सेना अध्यक्ष के इस बयान को पाकिस्तान गंभरीता से लेगा और अपने नापाक इरादों से तौबा करेगा। वरना उसे इसके गंभीर दुष्परिणाम झेलने के लिए तैयार रहना होगा।

विचार

विश्व-हिंदी: नौकरानी है, अब भी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आज विश्व हिंदी दिवस है लेकिन क्या हिंदी को हम विश्व भाषा कह सकते हैं ? हां, यदि खुद को खुश करना चाहें या अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना चाहें तो जरुर कह सकते हैं, क्योंकि यह दुनिया के लगभग पौने दो सौ विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है (इनमें भारत के भी हैं), दुनिया के लगभग आधा दर्जन प्रवासी भारतीयों के देशों में किसी न किसी रुप में यह बोली और समझी जाती है और कई देशों में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित होता रहा है। 1975 में प्रथम बार यह नागपुर में आयोजित हुआ है। लगभग 50 साल इस विश्व हिंदी सम्मेलन को आयोजित होते हुए हो गए लेकिन हिंदी की दशा आज भी भारत में नौकरानी की है। अंग्रेजी आज भी भारत की महारानी है और हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाएं उसकी नौकरानियां हैं। देश में कांग्रेस और विरोधी दलों की इतनी सरकारें पिछले 72 साल में बनी लेकिन किसी प्रधानमंत्री की हिम्मत नहीं पड़ी कि इस अंग्रेजी महारानी को उसके सिंहासन से नीचे उतारे। भाजपा और नरेंद्र मोदी को 2014 में हम इसीलिए लाए थे। उनके लिए हमने अपना सारा अस्तित्व और संबंध दांव पर लगा दिए थे लेकिन इन पिछले साढ़े पांच वर्षों में हुआ क्या ? सिर्फसंयुक्तराष्ट्र में हिंदी का भाषण मोदी और सुषमा ने पढ़ दिया बाकी हर जगह आपको हिंदी वैसी ही पायदान पर बैठी मिलेगी, जैसी वह लॉर्ड मैकाले के जमाने में बैठी हुई थी। कानून, चिकित्सा, इंजीनियरी, अंतरराष्ट्रीय राजनीति आदि किसी विषय की उच्च शिक्षा हिंदी या किसी अन्य भारतीय भाषा में नहीं होती न कोई शोध होता है। सरकार के फैसले, संसद के कानून, अदालतों के फैसले, मरीजों का इलाज- ये सब काम अंग्रेजी में होते हैं। देश का ठगी का यह सबसे बड़ा कारोबार है। मैं अंग्रेजी या किसी विदेशी भाषा को स्वेच्छया पढ़ने-पढ़ाने का पूर्ण समर्थक हूं लेकिन जब तक स्वभाषा में काम नहीं होगा, यह भारत एक नकलची, फिसड्डी और पिछलग्गू देश बना रहेगा। हम हिंदी को विश्व भाषा तो जरुर कहते हैं लेकिन हमें यह कहते हुए जरा भी शर्म नहीं आती कि भारत के प्रांतों के बराबर जो देश हैं उनकी भाषाएं तो संयुक्त राष्ट्र संघ में मान्य है और हिंदी को वहां घुसने की भी इजाजत नहीं है।

टेक ज्ञान

3 इंच से भी छोटे फोन में सारे फीचर

स्मार्टफोन कंपनियां आए दिन नई टेक्नॉलजी वाली डिवाइस ला रही हैं। इनमें अडवांस कैमरा, पावरफुल प्रोसेसर जैसे कई प्रीमियम फीचर मौजूद रहते हैं। हालांकि, दुनियाभर में ऐसे यूजर्स की संख्या लाखों की तादाद में हैं जिन्हें बड़े स्मार्टफोन कुछ खास पसंद नहीं आते। इन्हीं यूजर्स के लिए Zini Mobiles एक बेहद छोटा फोन लेकर आई है। Zanco Tiny Tw नाम का यह डिवाइस दुनिया का सबसे छोटा मोबाइल फोन है। महज 31 ग्राम का यह फोन कॉलिंग और टेक्स्ट मेसेज भेजने जैसे जरूरी फीचर्स के अलावा बेसिक मल्टी-मीडिया फंक्शन्स के साथ आता है। आइए जानते हैं डीटेल।

महाराष्ट्र विधानसभा में जाति जनगणना

बिहार चुनाव में भी सुनाई देगी इसकी गूंज

उपेन्द्र प्रसाद

> 2011 की जनगणना के समय यूपीए की सरकार थी। सरकार पर जाति जनगणना के लिए दबाव पड़ा और लोकसभा में सरकार ने जाति जनगणना का प्रस्ताव भी पास कर दिया, लेकिन जब जनगणना की बारी आई, तो सरकार ने अपने हाथ पीछे कर लिए और संसद के प्रस्ताव के सम्मान में खानापूति के लिए सोशिया इकनॉमिक कास्ट सेंसस का शगूफा छोड़ा। उसमें क्या हुआ, यह किसी को पता नहीं। उसके बार में स्पष्ट रूप से मोदी सरकार कुछ नहीं कर रही है और जाति जनगणना कराने के पुराने निर्णय से भी पलट गई है। लेकिन अभी महाराष्ट्र विधानसभा में इसका प्रस्ताव पास हुआ है और यदि इसे कराने मे केन्द्र सरकार आगे नहीं बढ़ती है, तो बिहार विधानसभा में इसकी गूंज जरूर सुनाई देगी।

महाराष्ट्र विधानसभा में विधायक उस समय अवाक रह गए जब स्पीकर पटोले ने उनके सामने जनगणना से संबंधित प्रस्ताव रखा और विधानसभा को उस पर मतदान करने को कहा। वह प्रस्ताव सरकार की ओर से नहीं आया था। कार्य मंत्रणा समिति द्वारा भी उसे सूचीबद्ध नहीं किया गया था। विधानसभा का वह अधिवेशन सिर्फ एक दिन के लिए ही बुलाया गया था और उसमें संसद द्वारा अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लोकसभा और विधानसभा में मिल रहे आरक्षण को दस और साल के लिए बढ़ाने के फैसले का अनुमोदन करना मात्र था। संसद का वह फैसला संविधान का हिस्सा बन चुका है और महाराष्ट्र की विधानसभा का वह सत्र महज एक औपचारिकता थी। जब सत्र में वह काम पूरा हो गया, तो एकाएक स्पीकर पटोले ने अपना वह प्रस्ताव पढ़ा। वह प्रस्ताव था जनगणना 2021 के दौरान ओबीसी की गणना करने का। सरकारी पक्ष ने कहा कि यह एक अच्छा प्रस्ताव है, लेकिन यह सत्र के एजेंडे में नहीं था, इसलिए इस पर अगले सत्र में हम चर्चा कर सकते हैं। लेकिन स्पीकर ने कहा कि तबतक बहुत देर हो जाएगी, इसलिए बेहतर है कि इसी सत्र में इस प्रस्ताव को पारित कर दिया जाय। स्पीकर की इच्छा का सम्मान करते हुए उस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। सरकारी पक्ष ने तो उसका समर्थन किया ही, विपक्ष के नेता फड़नवीस ने भी उसका समर्थन करते हुए कहा कि ओबीसी की गणना होनी चाहिए।

फड़नवीस भारतीय जनता पार्टी के हैं और केन्द्र में उनकी ही पार्टी की सरकार है, लेकिन उनकी सरकार जाति जनगणना नहीं करवा रही है। लोकसभा चुनाव के पहले मोदी सरकार ने फैसला किया था कि 2021 में ओबीसी की गणना भी कराई जाएगी। लेकिन वह चुनाव के पहले की बात थी। चुनाव के बाद प्रचंड सत्ता में आने के बाद नरेन्द्र मोदी अपने उस निर्णय को भूल गए। यहां यह बता देना आवश्यक है कि वह कोई चुनावी वायदा नहीं था, बल्कि मोदी मंत्रिमंडल का फैसला था कि ओबीसी की गिनती भी जनगणना में होगी, लेकिन दुबारा सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार अपने पुराने निर्णय से पलट गई। लेकिन इसके कारण जाति जनगणना की मांग कमजोर नहीं हुई है। अभी भी इसके लिए अभियान चल रहे हैं और महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर का वह प्रस्ताव उसी अभियान के दबाव का नतीजा था। स्पीकर ने कहा भी लोग भारी संख्या में उनसे मिलते हैं और कहते हैं कि ओबीसी की जनसंख्या का ताजा आंकड़ा जुटाया जाना चाहिए, क्योंकि अभी जो ओबीसी की जनसंख्या का जो आंकड़ा है, वह 1931 में कराई गई जनगणना के आधार पर है।

> *सुप्रीम कोर्ट ने एक सांगठनिक आधार तैयार करने का आदेश दिया था। वह सांगठनिक आधार तो तैयार हो गया, लेकिन किसी जाति को लिस्ट से बाहर करने के लिए और किसी बाहर की जाति को लिस्ट के अंदर करने के लिए जो आवश्यक आंकड़े चाहिए, उसके लिए जाति जनगणना जरूरी है। वहीं से यह पता चलेगा कि कौन सी जाति सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी नहीं रही और उसने सरकारी नौकरियों में उचित हिस्सा प्राप्त कर लिया है। किस जाति ने उचित हिस्सा पा लिया है और किसने नहीं, यह जानने के लिए उनकी जाति की संख्या भी जाननी पड़ेगी और वह जाति जनगणना से ही संभव है।*

1931 के बाद जाति जनगणना हुई ही नहीं। 1941 में दूसरा विश्व युद्ध चल रहा था और उसके कारण संसाधनों के अभाव का हवाला देते हुए भारत की ब्रिटिश सरकार ने ढंग से जनगणना कराई ही नहीं। 1947 में भारत आजाद हो गया। 1951 में आजाद भारत की जनगणना हुई और उसमें जाति की जनगणना की ही नहीं गई। कहा गया कि जाति जनगणना से देश मे बिखराव पैदा होगा। देश के विभाजन का हवाला दिया गया। दिलचस्प बात यह है कि देश का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ था, इसलिए उस तर्क से धर्म के आधार पर जनगणना नहीं होनी चाहिए थी, लेकिन जनगणना में धर्म के आधार पर लोगों को गिना गया और किस धर्म के मानने वाले कितनी संख्या में है, इसका आंकड़ा एकत्र किया गया, लेकिन जाति जनगणना नहीं हुई, जबकि जाति जनगणना से देश के विभाजन का न तो कोई कभी खतरा था और न ही कोई खतरा है।

यह कहना भी गलत होगा कि जाति के आधार पर गणना होती ही नहीं। अनुसूचित जातियों और जनजातियो के लोगों की जातियों की गणना होती है। अनुसूचित जाति के लोग कितने हैं, इसका पता चलता है और इसका पता भी चलता है कि उनमें किन जातियों की कितनी संख्या है। यानी जाति जनगणना के दायरे मे देश की आबादी का करीब 25 फीसदी पहले से ही है, लेकिन 75 फीसदी आबादी की जनगणना में उनके जाति आंकड़े एकत्र नहीं किए जाते हैं। मंडल आयोग लागू किए जाने के बाद इसकी मांग उठ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने मंडल मुकदमे में फैसला देते हुए कहा था कि ओबीसी में जो जातियां उन्नति कर जायं, उन्हें ओबीसी लिस्ट से बाहर कर दिया और यदि यह देखा जाय कि ओबीसी लिस्ट से बाहर की कोई जाति पिछड़ी हुई है, तो उसे ओबीसी लिस्ट में शामिल कर दिया जाय। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक सांगठनिक आधार तैयार करने का आदेश दिया था। वह सांगठनिक आधार तो तैयार हो गया, लेकिन किसी जाति को लिस्ट से बाहर करने के लिए और किसी बाहर की जाति को लिस्ट के अंदर करने के लिए जो आवश्यक आंकड़े चाहिए, उसके लिए जाति जनगणना जरूरी है। वहीं से यह पता चलेगा कि कौन सी जाति सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी नहीं रही और उसने सरकारी नौकरियों में उचित हिस्सा प्राप्त कर लिया है। किस जाति ने उचित हिस्सा पा लिया है और किसने नहीं, यह जानने के लिए उनकी जाति की संख्या भी जाननी पड़ेगी और वह जाति जनगणना से ही संभव है।

इसलिए देवेगौड़ा सरकार ने 2001 की जनगणना में जाति के आंकड़े जुटाने की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन उनकी सरकार गिर गई। जिस समय 2001 की जनगणना हुई, उस समय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी और उसने जाति जनगणना कराई ही नहीं। (संवाद)

सर्दी के सितम से नहीं, व्यवस्था तंत्र की काहिली से मरते हैं लोग

अनिल जैन

> वैसे सर्दी हमारे नियमित मौसम चक्र का ही हिस्सा है। कडाके की सर्दी इसका हल्का सा विचलन भर है। सर्दी और भीषण सर्दी अंत में हमें कई तरह से फायदा ही पहुंचाती है। सबसे बडी बात है कि कडाके की सर्दी हमें आश्वस्त करती है कि ग्लोबल वार्मिंग उतनी सन्निकट नहीं है, जितना कि अक्सर हम मान बैठते हैं। मौसम की मौजूदा अति भी हमारे लिए कोई नई बात नही है। हर कुछ साल के बाद हमारा इससे सामना होता रहता है- कभी सर्दी में, कभी गरमी में तो कभी बारिश में। मौसम कोई भी हो, जब भी उसकी अति दरवाजे पर दस्तक देती है तो हमारी सारी व्यवस्थाओं की पोल का पिटारा खुलने लगता है। फिलहाल सर्दी की बात की जाए तो हमेशा की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा पोल खुली है पूर्वानुमान लगाने वाले मौसम विभाग की। बारिश का मौसम खत्म होते ही हमें बताया गया था कि इस बार सर्दी कम पडेगी।

नया साल शुरू हो चुका है और उससे पहले शुरू हो गई कंपकपा देने वाली सर्दी। इस समय भी देश के विभिन्न इलाकों में शीतलहर कहर बरपा रही है, जिससे लोगों के मरने की खबरें भी आ रही हैं। अब तक अकेले उत्तर प्रदेश में ही 200 से ज्यादा लोग सर्दी की ठिठुरन से मौत की नींद सो चुके हैं। देश के अन्य इलाकों से भी भीषण सर्दी की वजह से लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। वैसे इस तरह की खबरें आना कोई नई बात नहीं है। कहीं भूख और कुपोषण से होने वाली मौतें तो कहीं गरीबी और कर्ज के बोझ से त्रस्त किसानों की खुदकुशी के जारी सिलसिले के बीच हर साल ही सर्दी की ठिठुरन, गरम लू के थपेडों और बारिश-बाढ से भी लोग मरते हैं।

मौसम की अति के चलते असमय होने वाली ये मौतें हमारे उस भारत की नग्न सच्चाइयां हैं, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि वह तेजी से विकास कर रहा है और जल्द ही दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। यह सच्चाइयां सिर्फ हमारी सरकारों के श्शाइनिंग इंडिया', श्भारत निर्माण' श्न्यू इंडिया' श्स्टार्टअप इंडिया', श्स्टैंडअप इंडिया' श्मैक इन इंडिया' जैसे हवा-हवाई कार्यक्रमों और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो जाने जैसे गुलाबी दावों की ही खिल्ली नहीं उडाती हैं, बल्कि व्यवस्था पर काबिज लोगों की नालायकी और संवेदनहीनता को भी उजागर करती हैं।

दुनिया में संभवतः भारत ही ऐसा देश है, जहां हर मौसम की अति होने पर लोगों के मरने की खबरें आने लगती हैं। लेकिन हकीकत यह है कि लोग मौसम की अति से नहीं मरते हैं, वे मरते हैं अपनी गरीबी से, अपनी साधनहीनता से और व्यवस्था तंत्र की नाकामी या लापरवाही की वजह से। यूरोप के देशों में सरकारें मौसम की अति का मुकाबला करने के चाकचैबंद इंतजाम करती हैं, इसलिए वहां लोग हर मौसम का तरह-तरह से लुत्फ उठाते हैं। हमारे देश में भी खाया-अघाया तबका ऐसा ही करता है, जिसके पास हर मौसम की अति का सामना करने और उसका लुत्फ उठाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं। हर साल जब हिमालय पर्वतमाला पर बर्फ गिरती है तो पहाडी प्रदेशों और मैदानी इलाकों में शीतलहर चलने लगती है। लेकिन अभी जो शीतलहर जारी है, वह सिर्फ हिमालयी प्रदेशों और गंगा-यमुना के मैदानों तक ही सीमित नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और रेगिस्तानी राजस्थान के साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और सुदूर छत्तीसगढ तथा ओडिशा तक ठंड से ठिठुर रहे हैं। सभी जगह न्यूनतम तापमान के पुराने रिकॉर्ड टूट रहे हैं। कई जगह तापमान शून्य डिग्री को पार कर गया है।

सर्दी के इस सितम से सामान्य जनजीवन बुरी तरह गडबडा गया है। देश के विभिन्न इलाकों से बेघर लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। हालांकि बडे शहरों से निकलने वाले समाचार पत्रों में अब सर्दी से होने वाली मौतों की खबरों को जगह मिलनी लगभग बंद हो गई है। कुछ साल पहले तक ऐसा नहीं था। तब अखबारों में नियमित खबरें छपती थीं और हाई कोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट उन खबरों का संज्ञान लेकर संबंधित राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों से जवाब तलब करती थे, उन्हें साधनहीन लोगों के उचित इंतजाम करने के निर्देश देते थे। लेकिन अब सरकारों का मीडिया प्रबंधन तंत्र ऐसी खबरों को छपने से रोकने में सफल होने लगा है। यही वजह है कि अभी तक कुछ गिने-चुने अखबारों में ही सर्दी से लोगों के मरने की खबरें छपी है। टेलीविजन चैनल तो सुबह से रात तक हिंदू-मुसलमान करने में ही व्यस्त रहते हैं। अगर थोडी फुरसत मिलती भी है तो उनके लिए अपने दर्शकों यह बताना ज्यादा जरूरी होता है कि फ्लां अभिनेत्री कब शादी करने वाली है या फ्लां अभिनेत्री कब मां बनने वाली है, या फिर वे यह बताते हैं कि लोग सर्दी का लुत्फ लेने के लिए क्या-क्या कर रहे हैं और कहां-कहां जा रहे हैं।

हकीकत यह है कि अगर समूचे भारत के आंकडे इकट्ठे किए जाएं तो हर साल सर्दी से मरने वालों की संख्या हजारों में पहुंचती है। ज्यादातर मौतें बडे शहरों और महानगरों में होती हैं। जो मरते हैं, उनमें से ज्यादातर बेघर होते हैं। ऐसे लोग काम की तलाश में दूरदराज के इलाकों से अपने ही राज्य में या दूसरे राज्यों के बडे शहरों या महानगरों में जाते हैं, ताकि मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार के जिंदा रह सकने लायक कुछ कमा सके। इनमें कोई साईकिल रिक्शा चलाते हैं, कोई रेस्त्राओं और ढाबों में काम करते हैं तो कोई किसी और काम में लग जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे लोगों के पास रहने के लिए अपना कोई ठिकाना नहीं होता है, इसलिए खुले आसमान के नीचे रात गुजारना उनकी मजबूरी होती है।

गरमी या दूसरे मौसम में तो किसी तरह उनकी रातें कट जाती हैं, लेकिन कडाके की शीतलहर में एक रात भी सुरक्षित बीत जाने पर वे असीम राहत महसूस करते हैं। अगर वे सर्दी जनित किसी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं तो उनके पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वे अपना इलाज करा सकें। सर्दी के दिनों में ऐसे जानलेवा हालात का सामना करने वाले लोगों की तादाद लाखों में होती है। सवाल है कि अगर इन लोगों के सामने साधनहीनता एक लाचारी है तो कल्याणकारी मूल्यों पर चलने का दावा करने वाली सरकारों की क्या जिम्मेदारी बनती है? (संवाद)

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

काश ऐसा हो के जमीं पे आसमान

काश ऐसा हो के जमीं पे आसमान आ जाए दिलों की फ़िर लबों पे दास्तान आ जाए सजदों में मांगा है मैंने मुस्कान जिसे, वो अजनबी दिल में बन कर मेहमान आ जाए।

कवि धीरज पचवारिया

इंसान का अपना क्या है ?? जन्म

इंसान का अपना क्या है ?? जन्म : दूसरे ने दिया नाम : दूसरे ने रखा शिक्षा : दूसरे ने दी रोजगार : दूसरे ने दिया इज़्ज़त : दूसरों ने दी पहला/आखरी स्नान : दूसरे कराएँगे मरने के बाद संपत्ति : दूसरे बांट लेंगे शमशान : दूसरे ले जायेंगे। फिर भी बेकार में घमंड किस बात पर करते हैं लोग।

सुनीत लाहिरी

खास पाती | औरत ईत्र नहीं, की अच्छा लगे

औरत ईत्र नहीं, की अच्छा लगे तो लगा लिया... ! औरत चित्र नहीं की, मन चाहा तो बदल डाला ! औरत वस्तु नहीं, की अच्छा लगे तो खरीद लिया..औरत सस्ती नहीं की, मन चाहे तो छोड़ दिया औरत खिलोने नहीं ,की साथी उसे लेके खेले औरत किताब नहीं की,जब मन चाहे थोड़ा पढ़ लें ! औरत सृष्टि, दृष्टि, औरत मांझी व कस्ती। औरत तपस्वी, तेजस्वी, औरत शक्ति व भक्ति। औरत ममता मय़ी, गहरा; औरत अगरबत्ती दिया। औरत प्रेम, त्याग,औरत राधा और मीरा। औरत सहनशील, क्षमाशील, धैर्यशील, दयावान। औरत ध्मान, ज्ञान, मान-सम्मान व अभिमान।। **मितु-घोष**

लौटकर जब न यार आएगा ! मौत

लौटकर जब न यार आएगा ! मौत पर ही क़रार आएगा ! याद आएगी बेगुनाही तुम्हें ! प्यार भी बेशुमार आएगा ! बेवफाई को याद कर लेना ! वक़्त का तुमपे वार आएगा ! न मिलेगा सुकून तुमको भी ! याद वो बार बार आएगा ! **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

मैं राख के सिवा कुछ नही... मैं

मैं राख के सिवा कुछ नही... मैं राख के सिवा कुछ भी तो नही फिर भी किसी को कुछ नही गिनता हूं। अहम के नशे में बस डूबा रहता और लोगों से जलता रहता हूं। जब तक जीता झूठी शान दिखाता अकड़ दिखा तिल-तिल जीता-मरता हूं। अपनी मन मर्जी का मालिक बनता खुद ही खुद की गति बनाता हूं। मैं एक शरीर, मिट्टी से बना हुआ अन्त में राख ही तो बनता हूं। जानता हूं पर समझना नही चाहता शुभ कर्म कभी नही करना चाहता हूं। जैसे आता, वैसे ही विदा हो जाता जीवन को सफल नही बनाता हूं। मैं राख के सिवा कुछ भी तो नही पर जब तक जीता बहुत इतराता हूं। **मंजू श्रीवास्तव**

ऐ काश जिंदगी में करिश्मा ए

ऐ काश जिंदगी में करिश्मा ए खास हो जाए, मेरे खूबसूरत खयालों की सुबह हो जाए जगमग हैं रात के दामन मे, जो ख्वाबों के वो जुगन, सकून से वो आज सो जाए। मेरे खयालों की सुबह हो जाए जेहन मे अच्छी चहलकदमी है जिन दुरुस्त ख्वाबों की मगर दूर तलक नामो निशां नही। छू लूं उन्हें आज उनके होने का एहसास हो जाए मेरे खूबसरत उन खयालों की आज सुबह हो जाए। **किरन भंडारी**

आज का मीडिया एक आधुनिक

आज का मीडिया एक आधुनिक रसोईघर है जहां खबरों को धोया काटा उबाला और मिर्च मसालों के साथ तला भूंजा जाकर तडका लगाया जाताहै। फिर मनमाफिक सजा संवारकर परोसा जाता है। **तपन मुखर्जी**

जलो तो, आग की तरह, सबको

जलो तो, आग की तरह.., सबको पवित्र कर देती है.., बहो तो, जल की तरह., सबको निर्मल कर देता है, उठो तो, लहर की तरह.., किनारा मिल ही जाता है, जागो तो...., सूरज की तरह.., अँधेरा दूर कर देता है....। **नवीन गौतम**

परखो तो कोई अपना नही समझो

परखो तो कोई अपना नही समझो तो कोई पराया नहीं चेहरे की हंसी से गम को भुला दो कम बोलो पर सब कुछ बता दो खुद ना रूठो पर सबको हंसा दो यही राज है जिन्दगी का जियो और जीना सिखा दो।

अरूणा राव

लघु कथा– संघर्ष का सौंदर्य

मिट्टी ने मटके से पूछा– 'मैं भी मिट्टी तू भी मिट्टी, परंतु पानी मुझे बहा ले जाता है और तुम पानी को अपने में समा लेते हो. वह तुम्हें गला भी नहीं पाता, ऐसा क्यों?' मटका हंसकर बोला– 'यह सच है कि तू भी मिट्टी है और मैं भी मिट्टी हूं. पर मेरा संघर्ष अलग है. पहले मैं पानी में भीगा, पैरों से गूंथा गया फिर चाक पर चला कुम्हार के. थापी की चोट, आग की तपन को झेला। संघर्ष झेलकर पानी को अपने में रखने की ताकत मैंने पायी।मंदिर की सीढ़ियों पर जड़े पत्थर ने मूर्ति के पत्थ र से पूछा– 'भाई तू भी पत्थर मैं भी पत्थर पर लोग तुम्हारी पूजा करते हैं और मुझे पैरों से रौंदकर, बिना ध्यान दिये चलते हैं. ऐसा क्यों? मूर्ति के पत्थर ने उत्तर दिया– क्या तू मेरे संघर्ष को जानता है? मैंने इस शरीर पर कितनी छैनियों के प्रहार सहे हैं, मुझे कई बार घिसा गया है, मार और संघर्ष की पीड़ा को सहकर ही मैं इस रूप में आया हूं. संघर्षों की भट्ठी में तपकर ही 'जीवन' स्वर्ण बनता है।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व इतिहास में 13 जनवरी की प्रमुख घटनायें इस प्रकार हैं:-

1607 - स्पेन में राष्ट्रीय दिवालियान की घोषणा के बाद 'बैंक ऑफजेनेवा' का पतन हुआ।

1709 - मुगल शासक बहादुर शाह प्रथम ने सत्ता संघर्ष में अपने तीसरे भाई कमबख्श को हैदराबाद में पराजित किया।

1818 - उदयपुर के राणा ने मेवाड़ के संरक्षण के लिये अंग्रेज़ों के साथ संधि की।

1842 - ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के अधिकारी डॉ. विलियम ब्राइडन 'आंग्ल अफ़ग़ान युद्ध' में जिंदा बचे रहने वाले इकलौते ब्रिटिश सदस्य रहे।

1849 - द्वितीय आंग्ल सिख युद्ध के दौरान चिलियांवाला की प्रसिद्ध लड़ाई शुरू हुई।

1889 - असम के युवाओं ने अपनी साहित्यिक पत्रिका 'जोनाकी' का प्रकाशन शुरू किया।

न्यूज गैलरी

लैंगिक उत्पीड़न पर कार्यशाला

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय के सभाकक्ष में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न संबंधी षिकायतों के निराकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजित किया। कार्यषाला में आंतरिक शिकायत समिति की पीठासीन अधिकारी सनिली चौहान, संयोजिका दुर्गेश नंदिनी, विशेष आमंत्रित सदस्य संध्या खिचरिया अध्यक्ष जीवन ज्योति महिला सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था, सदस्य सुजाता जयन एवं रश्मि शर्मा, माणिक वर्मा एवं सेवानिवृत्त कल्याण अधिकारी दीनानाथ वर्मा द्वारा महिलाओं के अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

नेटबाल टूर्नामेंट में विजेता शंकराचार्य

भिलाई। मनसा महाविद्यालय में इंटर कॉलेज नेटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ. अरूणा पलटा कुलपति हेमचंद यादव वि.वि. तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. ललित वर्मा खेल संचालक विवि दुर्ग, डॉ. नरेशधर दिवान, सदस्य क्रीड़ा समिति सदस्य विवि दुर्ग, इस टूर्नामेंट में फाइनल मैंच श्री शंकराचार्य महाविद्यालय एवं शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के बीच खेला गया जिसमें श्री शंकराचार्य महाविद्यालय विजेता रही। टूर्नामेंट मनसा महाविद्यालय में आयोजित किया गया।

जीवन में जब तक जीत न मिले तब तक हार न माने : संभागायुक्त

32 राज्य के 1196 प्रतिभागियों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। 65 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज सेक्टर 2 भिलाई विद्यालय में शुभारम्भ हुआ। संभागायुक्त दिलीप वासनीकर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों की हौसला अफ्जाई करते हुए कहा कि खेल का जीवन में एक विशेष महत्व है।खेल का जीवन में चरित्र निर्माण में विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है। पूरे देश मे इस तिथि को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के मार्गदर्शक हैं। विवेकानंद जी कहा करते थे जीवन मे जब तक जीत न मिल जायेए हार नहीं मानना चाहिए। इससे हमें जीवन मे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

खेल एकता उमंग उत्साह का प्रतीक है। हमें खेल भावना के साथ खेलते हुए अपने साथ ही अपने राज्य व देश का नाम रौशन करना चाहिए। संभागायुक्त श्री वासनीकर ने कहा कि भिलाई को इस्पात नगरी एवं खेल नगरी के नाम से जाना जाता है। यहां अपनी गौरवमयी परंपरा अनुसार खेल का आयोजन किया जाता है। यहां आए सभी प्रतिभागियों को इसका एहसास होगा।उन्होंने विभिन राज्यों से आये खेल शिक्षकों, प्रतिभगियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर अंकित आनंद ने कहा कि खेल हमारे पूर्ण मनोबल के साथ स्फूर्ति जोश उत्साह को प्रदर्शित करता है। खेल हमारे जीवन को गति प्रदान करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां हमें 3 दिन तक सौहाद्रपूर्ण माहौल में प्रतियोगिता देखने मिलेगी। यहां प्रतिभावान खिलाड़ी अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कबड्डी उत्साह का संचार करता है। थ्रो बाल एक ऐसा विधा है जिसे कला के रूप में देखा जाना चाहिए। सभी प्रतिभागियों को पूर्ण लक्ष्य के साथ अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए उन्होंने शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 65 वीं रष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को 3 खेल विधा कबड्डी थ्रो बाल व योगमुंडू आयोजन करने की जिम्मेदारी मिली है। इन खेल प्रतियोगिता का आज यहां शुभारंभ किया गया। 3 दिनों तक यहां 32 राज्य के 1196 प्रतिभागी क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

सेक्टर-7 स्कूल ग्राउण्ड में पतंग उत्सव

विधायक व महापौर की उपस्थिति में आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेक्टर 7 स्कूल ग्राउंड भिलाई में 12 जनवरी को जिले समस्त गुजराती समाज को मिला कर बनाए गए श्री सकल गुजराती समाज द्वारा पतंग उत्सव मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के समस्त गुजराती परिवारों के सदस्य शामिल हुए। प्रातः 10 बजे विधायक एवं महापौर देवेंद्र यादव ने माँ अम्बे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रभु वंदना एवं स्वागत गीत के पश्चात सकल गुजराती समाज में शामिल सभी

18 समाज के अध्यक्षों का सम्मान किया गया। साथ समाज के प्रतिभावान बच्चों एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त व्यक्तित्व को सम्मानित किया गया। ततपश्चात समाज के सदस्यों एवं बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके बाद पतंगबाजी की शुरुआत हुई और कुछ ही देर में सेक्टर 7 ग्राउंड का आसमान रंगबिरंगी पतंगों से भर गया। कार्यक्रम में पधारे मेहमानों ने काफी देर तक पतंगबाजी का आनंद लिया। साथ ही कार्यक्रम में आयोजित आनन्द मेले में लगे गुजराती व्यंजनों के फूडस्टाल का भी लोगों ने लुत्फ उठाया। आनद मेले के साथ ही लगे अन्य ट्रैड स्टाल में भी लोगों ने बेहद रुचि दिखाई। इन सब के साथ साथ बच्चों ने गेम जोन का भी भरपूर आनंद लिया एवं हाऊजी, म्यूजिकल चेयर एवं करोके सिंगिंग का सिलसिला चलता रहा।

कार्यक्रम में दुर्ग, भिलाई, धमतरी, दल्ली राजहरा, अहिवारा, बालोद आदि शहरों से आए लगभग 1500 लोगों ने आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा कि सेक्टर 7 की ज़मीन पर समूचा गुजरात उतर आया है। यह पतंग उत्सव मिलन समारोह सकल गुजराती समाज का पहला प्रयास थाए अब आगे और भी गुजराती संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन श्री सकल गुजराती समाज दुर्ग द्वारा किया जाता रहेगा।

शास्त्री की मनाई 54 वीं पुण्यतिथि

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 54 वी पुण्यतिथि लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला मे स्थित शास्त्री प्रतिमा के समक्ष समिति व्दारा श्रद्धाजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष नरेन्द्र श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए शास्त्री संदिग्ध मृत्यु की गंभीरतापूर्वक जाच कराने की मांग की।यह देश का दुर्भाग्य है कि शास्त्री जी की मृत्यु किन परिस्थितियों मे हुई एअभी तक यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका है। समिति के प्रतिनिधि मण्डल व्दारा शास्त्री चिकिसालय को सौ बिस्तरों के अस्पताल मे उन्नत करने हेतु स्वास्थ्य मंत्री को ग्यापन

सौंपा जावेगा। समिति के संस्थापक सदस्य पारसनाथ श्रीवास्तव ने शास्त्री चिकिसालय मे कार्यरत डाक्टर्स एवं कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की। वरिष्ठ पत्रकार आलोक पण्डा ने शास्त्रीजी की जीवनी पर विस्तृत रूप से वर्तमान संदर्भ मे चर्चा की। मुख्य अतिथि डा. संजय वालवान्दे प्रभारी शास्त्री चिकिसालयए जीसी वर्मा, एनजी श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, कमल किशोर श्रीवास्तव, डा. बबिता सक्सेना, डा. अन्किता, एमएम कुरैशी, नवेल मसीह अरुण शर्मा, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, केसी खरे एवं बसंत सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शास्त्री जी व्दारा किए गए कार्यों को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धाजलि अर्पित की। नवेल मसीह एवं शैलेंद्र श्रीवास्तव का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

एबीवीपी और आरएसएस के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जेएनयू परिसर में घुसकर छात्रों पर हिंसक हमला करने के विरोध में एनएसयूआई ने साइंस कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान चलाया। एबीवीपी और आरएसएस को इस घटना के लिए दोषी मानते हुए एनएसयूआई नेता सोनू साहू ने कहा है कि देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक जेएनयू में घुसकर एबीवीपी के छात्रों ने राड, लाठी से हमला किया जिसके कारण कई छात्र छात्राओं को गंभीर चोट लगी है। वहां हुई गुंडागर्दी के लिए आरएसएस और एबीवीपी जिम्मेदार हैं। हम आपके साथ हैं अभियान चलाते हुए एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि जेएनयू के छात्रों पर हुए हमले का पूरे देश के छात्रों ने विरोध किया है। फिल्म जगत सहित बुद्धिजीवियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। अन्य कॉलेजों में भी इसी तर्ज पर अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के दौरान एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष हितेश सिन्हा, गोल्डी कोसरे, करण साहू, लाकेश सिन्हा, कृतार्थ शर्मा, हरीश देवांगन, उस्मान रजा, दामिनी, पायल, दीपक, दुर्गेश, सूर्यकांत देशमुख, चुनेश नेताम, युवराज, चेतन वर्मा, खिलावन निषाद, सहित अन्य छात्र शामिल थे।

मनखे मनखे एक समान, फिर भेदभाव कैसा : बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। मनखे मनखे एक समान एक ही रक्त लाल, हाड मांस का शरीर एक ही ईश्वर ने सबको बनाया है। फिर भेदभाव कैसा। गुरू घासीदास बाबा ने जो सत्य समानता और भाईचारे का संदेश दिया है उन्होने जातीविहिन समाज की रचना की, इंसान इसे अपने जीवन में उतारकर एक श्रेष्ठ जीवन जी सकता है। आयोजित गुरू घासीदास बाबा की जयंती समारोह में पहूंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उक्त बात कही। उन्होने कहा की आज गुरू घासीदास बाबा की जयंती भी है और छेरछेरा पर्व भी। हमारी छत्तीसगढी संस्कृति बहुत समृद्ध है। इस धरती पर गुरू घासीदास बाबा जैसे विभूतियों का

पटेल समाज को दिया भवन का तोहफा

अवतरण हुआ। उन्होने मनखे मनखे एक एक समान की बात कही और छत्तीसगढिया लोगों मे यह भाव कूट-कूट का भरा हुआ है। जैतखंभ का श्वेतध्वज शान्ति का प्रतीक है। घासीदास जयंती पर प्रत्येक वर्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहां आते रहे हैं। इसके पश्चात वे वार्ड क्रमांक 3 में शाकम्भरी उत्सव मे शामिल होने पहूंचे वहां भी उन्होने बडे बुर्जुगों सहित बच्चों के साथ छेरछेरा पर्व पर हंसी ठिठोली की और छेरछेरा पर्व की बधाईयां दी। पार्षद थनेश पटेल द्वारा शादी विवाह के लिए एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन की मांग की जिसे सहर्ष स्वीकार कर लिया। सब्जी व्यापारियों द्वारा उन्हें मां शाकम्भरी का चित्र दिया गया। इसके पश्चात वे देर रात अचानक वे व्यापारी संघ के वार्षिक उत्सव में पहूंचे और व्यापारियो को चैंका दिया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर व्यापारी बेहद खुश हुए। व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा की आज देश मे मंदी का माहौल है लेकिन हमे खुशी है की छत्तीसगढ में ऐसी स्थिति नही हे। उन्होने कहा की हम किस तरह एथेनाल बनाकर पेट्रोल की कीमत के संकट से बाहर आ सकते हैं। हमारे यहां मांग के अनुरूप से अधिक गन्ना होता है इसका भी हम उपयोग एथेनाल के रूप में कर सकते हैं।

आज का लोकवाणी श्रवण अद्भूत अनुभव : रजनीश

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जब लोकवाणी का श्रवण करने पहुंचे तो लगा था कि छत्तीसगढ़ में चल रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री की मासिक लोकवार्ता से मिल सकेगी। मुझे तब और अच्छा लगा जब मुख्यमंत्री ने विस्तार से स्वामी विवेकानंद के कार्यों और विचारों की जानकारी दी। यह बात सुपेला में लोकवाणी का श्रवण कर रहे रजनीश यादव ने कही। रजनीश ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के शिकागो स्थित धर्म सभा के व्याख्यान के बारे में सुना था। आज इसके कुछ अंश मुख्यमंत्री से सुने। बरसों पहले स्वामी जी ने जो शिक्षा दुनिया को दीए वो आज भी प्रासंगिक है। मुझे लगता है कि युवाओं को आगे बढ़ाकर स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने युवा महोत्सव के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए शानदार मंच दिया है। पहले आदिवासी महोत्सव के माध्यम से और अब युवा महोत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने के अभूतपूर्व अवसर युवाओं को उपलब्ध हुए हैं। नीतू ने बताया कि मुझे यह खुशी हुई कि सरकार ने डॉक्टर खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य योजना आरम्भ की है। अब इससे गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा हो सकेगी।

जियो खुलकर अभियान में लिया संकल्प

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज विवेकानंद सिन्हा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रोहित कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में चलाये जा रहे जियो खुलकर नशा मुक्ति अभियान के तहत शनिवार को जवाहरलाल नेहरु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुर्सीपार भिलाई में जियो खुलकर नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। श्री शुक्ला ने बताया कि यह अभियान दुर्ग पुलिस के नेतृत्व में नशे के खिलाफ संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। अभियान में दुर्ग पुलिस के साथ साथ समाज कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग तथा विभिन्न गैर सरकारी संगठन जैसे कल्याणी संस्था, ब्रह्माकुमारीज, गायत्री परिवार जनसुनवाई फाउंडेशन जैसी संस्था जुड़ी हुई है। बताया कि खुर्सीपार स्थित जवाहरलाल नेहरु शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में आसपास की बस्तियों में रहने वाले बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं, और यह वह क्षेत्र है यहां पर नशे का प्रकोप सर्वाधिक है। इन बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल में बच्चों को यह लक्ष्य दिया गया कि वह अपने आसपास के ऐसे 5 परिवार को चिन्हित करें जो नशे में लिप्त हो, और उन्हें नशा छुड़ाने हेतु प्रेरित करें।

लक्ष्य प्राप्ति हेतु विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलें युवा : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विवेकानंद सभागार में युवा दिवस का आयोजन किया गया। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरएन वर्मा की उपस्थिति में स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा में माल्यार्पण कर विचार संगोष्ठी में कांग्रेस जनों ने अपने विचार रखे। विधायक वोरा ने कहा कि स्वामी

विवेकानंद जैसा युगपुरुष सदियों में एक बार जन्म लेते हैं उन्होंने ही सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन में हिंदी में भाषण देते हुए सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार बताया था और सभी मनुष्यों को भाई बहन के रूप में संबोधित किया था। उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए, युवाओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए उनके इन विचारों से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने युवाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए प्रयास कर रही है। रिक्त सरकारी पदों में भर्तीए शिक्षा एवं रोजगार परक योजनाओं के साथ ही खेल कूद में भी युवाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में खेल विकास प्राधिकरण का भी गठन किया गया है। जिससे युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री शंकर लाल ताम्रकार, राधेश्याम शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष अजय मिश्रा, अल्ताफ अहमद, राजकुमार पाली, अनीता तिवारी, अनूप चंदनिया, प्रकाश गीते, माहेश्वरी ठाकुर, अंशुल पांडेय, पप्पू श्रीवास्तव, अनूप वर्मा, भोजराज यादव, लक्ष्मण चंदनिया, विजय कटेन्द्र, एनी पीटर सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद थे।

आधुनिक पहल — महिला स्व-सहायता समूहों को विस्तारित बाजार देने की व्यवस्था की जा रही है : सीईओ कुंदन

गौठानों में महिलाएं गोबर से बना रही हैं खूबसूरत गमले

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ड्रीम प्रोजेक्ट नरवा, गरुवा, घुरवा अऊ बारी योजना से ग्रामीण अर्थक्रांति लाने का सपना अब धीरे धीरे ही सही साकार होने लगा है। इस प्रोजेक्ट के जरिये बने गौठानों में एकत्र गोबर से ग्रामीण इलाकों की महिलाओं ने खूबसूरत गमले बनाना शुरू कर दिया है। जिला पंचायत ने कई गांवों में गठित स्वसहायता समूह की महिलाओं को गोबर से गमले बनाने का प्रशिक्षण दिया। संसाधन जुटाकर इन महिलाओं ने नवाचार शुरू कर दिया। पाहंदा के समूह ने अब तक 30 क्विंटल कंडे और जैविक खाद का विक्रय कर लिया है।

अब गोबर के गमले बनाकर वे नई व्यावसायिक संभावनाओं की दिशा में बढ़ रही हैं। गोबर के गमलों की विशेषता ये है कि कंपोस्ट की जरूरत पौधों को गमलों से भी मिलेगी। अब इन गमलों की बिक्री नर्सरी में होगी। गमलों की बिक्री से महिलाओं की आमदनी बढ़ेगी। हाल ही में जिले में वाटरशेड प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करने पाटन के दौरे पर आए केंद्र सरकार के टास्क फोर्स के सदस्यों ने महिला समूहों के नवाचार को मुक्त कंठ से सराहा। पाहंदा में गोबर के गमले का नवाचार देख कर टास्क फोर्स के सदस्यों ने कहा कि इसी तरह के छोटे.छोटे नवाचार से महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

जिला पंचायत के अफसरों ने बताया कि गौठानों में महिला स्वसहायता समूहों की सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद पाहंदाए ढौरए अमलीडीहए बोरवायए ढाबा जैसे माडल गौठानों में गोबर से गमले बनाए जा रहे हैं। महिला समूहों के लिए मार्केटिंग करने टिप्स भी दिए गए हैं। इन गमलों की बिक्री नर्सरी में की जाएगी। नर्सरी के लिए ये गमले काफी उपयोगी होंगे क्योंकि ये गोबर से बने हैं। गमले में पौधों को गोबर खाद से पोषण भी मिलेगा।

जिपं सीईओ कुंदन कुमार ने बताया कि हर गौठान की जरूरतों के अनुसार अलग तरह का नवाचार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला स्व-सहायता समूहों को विस्तारित बाजार देने की व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। गोबर के गमलों में पीली मिट्टीए काली मिट्टी और भूसा भी मिलाया गया है। काली और पीली मिट्टी में अलग.अलग तरह के पोषक तत्व होते हैं। गोबर में जैविक खाद के गुण होते हैं। इन सबके मिश्रण से पौधे के लिए खाद का अच्छा स्रोत तैयार होता है। ऐसा गमला नर्सरी के लिए काफी उपयोगी होता है। इन गुणों के कारण गोबर से बने गमलों को बढ़िया मार्केट मिलने की संभावना है।

अध्यक्ष की कुर्सी सम्हालते ही वार्डों का दौरा, दूर होगी समस्याएं : सोनकर

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश्वार सोनकर ने पदभार ग्रहण किया और उन्होने विभिन्न वार्डों का दौरा करना प्रारंभ कर दिया एवं वार्डवासियों सं मिलकर उनकी समस्याओं को सुन उसके ठोस निदान की ओर भी कदम बढाना प्रारंभ कर दिया है। इसी तारतम्य में उन्होने सबसे पहले वार्ड क्रमांक 8 आईएचएसडीपी 320 कॉलोनी का दौरा किया। गौरतलब है की इस वार्ड में लम्बे समय से सफाई और पानी को लेकर लोगों की शिकायत रही है। अध्यक्ष द्वारा निरीक्षण प्श्चात आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया।

इसके प्श्चात वार्ड क्र 13 गंगानगर पहूंचकर वहां मुख्यमार्ग, सडक, नाली एव विद्युत की व्यवस्था को सुचारू करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। इसके बाद शासकीय राशन वितरण दुकान में जाकर स्वयं ही राशन सामग्रियों का वजन एवं वितरण किया। अंत में लम्बे समय से पानी की समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 17 एवं 24 रामपुर (चोरहा) जहां लोग परेशान थे वहां पहूंचकर 3 इंच के पाईप को लगवाकर लोगों को राहत देने का प्रयास किया। इस बात को लेकर वार्डवासियों में खुशी का माहौल है।

महासमुंद जिले में मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता लोकवाणी का आमजनों ने किया श्रवण

■ **लोकवाणी की छठवीं टीवी कड़ी का हुआ प्रसारण**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी को महासमुंद जिले में नागरिकों ने उत्साह के साथ श्रवण किया। जिले के विकास खंड मुख्यालयों सहित आश्रम एवम छात्रावासों में भी इसका श्रवण किया गया। सेवा और जतन के एक साल विषय पर आधारित इस रेडियो वार्ता में जहां मुख्यमंत्री ने विगत1 वर्ष में किये गए विभिन्न जान हितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को विस्तार से बताया वहीं युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश भी डाला।

मुख्यमंत्री ने नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।अपने बीते एक वर्ष के कार्यकाल के विषय में उन्होने कहा कि हम प्रदेश के ग्रामीणों, किसानों और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य कमजोर तबकों को राज्य के विकास के साथ जोड़ने में सफल हुए हैं। शिक्षा से रोजगार तक, युवाओं को सर्वांगीण विकास के अवसर देने से लेकर सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाने तक हर उपाय हमने किया। उन्होंने कहा कि इस दौर में विकास के नए प्रतिमान स्थापित हुए। चाहे वह बेरोजगारी दर घटाने का विषय हो, ग्रामीण समृद्धि की ताकत से बाजारों का विश्वास जीतने का विषय हो, बीमारियों और कुपोषण से सीधी जंग का ऐलान हो या नए जमाने की जरूरतों के लिए नई तालीम की शुरूआत हो।

उन्होने बताया कि प्रदेश के सभी 65 लाख परिवारों के प्रत्येक सदस्य के उपचार हेतु ''डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना'' एवं ''मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना'' शुरू कर दी गयी है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है जो ''मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना'' के तहत 20 लाख रू. तक की आर्थिक सहायता जरूरतमंद लोगों को देगा ताकि गरीबी उपचार में आड़े ना आए। इस योजना में लीवर ट्रांसप्लान्ट, किड़नी ट्रांसप्लान्ट, कॉर्निया ट्रांसप्लान्ट, हृदय ट्रांसप्लान्ट, हीमोफीलिया, थैलेसिमिया, कैंसर, हृदय रोग, एनीमिया, कॉक्लियर इम्प्लान्ट, सिकलसेल, एसिड अटैक विक्टिम्स, मस्कुलर डिस्ट्राफी जैसी बीमारियों का उपचार संभव होगा। इसी प्रकार ''डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना'' के माध्यम से प्रदेश के 56 लाख परिवारों को 5 लाख रू. तक का नगद रहित उपचार शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा जबकि पूर्व में 42 लाख परिवारों को ही इसका लाभ मिल रहा था। गुणवत्तापूर्ण बनाने के बारे में उन्होंने कहा कि बरसों से लंबित सहायक प्राध्यापकों की भर्ती शुरू कर दी गयी है जिससे लगभग 1400 युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। 14 नये फॉर्मेसी कॉलेज खोले गए हैं। इसके अलावा ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में देश का पहला ''डाटा साइंस तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पाठ्यक्रम'' शुरू किया गया है।

शिक्षाकर्मियों के नियमितीकरण के विषय में उन्होने जानकारी दी कि जिन शिक्षाकर्मियों का 8 वर्ष पूरा हो रहा है, उनका नियमितीकरण आदेश क्रमशः निकाला जा रहा है। 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उन्होने स्वामी जी के महानतम योगदान को स्मरण करते हुए उन्होने कहा कि स्वामी विवेकानंद का धर्म और आध्यात्म किसी एक धर्म के प्रचारक की तरह नहीं था। स्वामी जी ने धर्म को किसी एक विचार की कट्टरता में बांधकर नहीं रखा था बल्कि उन्होंने तो दुनिया के सभी धर्मों को इंसान के उत्थान का जरिया बताया था। स्वामी जी कर्मकांड, और धार्मिक आडंबरों के सख्त खिलाफ थे। शिकागो की विश्व धर्म महासभा में स्वामी विवेकानंद जी का भाषण सबको ध्यान से पढ़ना चाहिये।

■ **न्यूज गैलरी**

रेंगाबोड में निर्विरोध पंच ने निकाली विजयी रैली

भाटापारा। ग्राम रेगाबोड पंचायत से वार्ड क्र 10 में सुशीला साहू निर्विरोध पंच निर्वाचित हो गई। पंच निर्वाचित होने के बाद श्री मती सुशिल साहु पति खिलेशवर साहु ने वार्ड वासियो का आशीर्वाद लेने विजय आभार रैली निकाली जिसमे शुशील शर्मा ने उपस्थित होकर समस्त वार्ड वासियों को बधाई दी और रैली में शामिल हुए । इस अवसर पर वार्ड के माहादेव धृव ,नन्दराम पुरकाने,मुकेश शर्मा , केशव साहु संतोष धृव रामलाल धृव प्यारे सिग माखन धृव सोनु साहु आदि उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान पुलिस ने निकाली बाईक रैली

भाटापारा। पुरे प्रदेश में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रविवार को भाटापारा अनुभाग में एसडीओपी श्री के . बी . द्विवेदी की अध्यक्षता में बाईक रैली निकाली गई जिसमें थाना प्रभारी भाटापारा शहर महेश धुव , थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण नरेश चौहान ,थाना प्रभारी सिमगा सी0आर0 चंद्रा, थाना प्रभारी सुहेला रौशन सिंह राजपुत व थाना के करीबन 70 पुलिस अधिकारी कर्मचारी के द्वारा हेलमेट पहन कर बाईल रैली निकाली गई बाईक रैली थाना भाटापारा शहर से नाका नंबर एक होते हुए ग्राम तरेंगा , से देवरी कालेज रोड बस स्टैण्ड होते हुए पटपर थाना भाटापारा ग्रामीण माता देवालय वार्ड सेंट मेरी स्कुल होते हुये सदर बाजार भाटापारा से वापस थाना आये आम जनता को तीन सवारी बैठाकर वाहन नही चलाने , वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने , शराब पीकर वाहन न चलाने , वाहन चलाते समय मोबाईल फोन से बात नही करने , नाबालिक बच्चो को वाहन चलाने नही देने , तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, मोबाईल फोन से बात नहीं करने आदि के सुझाव दिये गये।

मलेरिया उन्मूलन के लिए एक महीने का, मास स्क्रीनिंग कार्यक्रम 14 से

राजनांदगांव। जिले में मलेरिया उन्मूलन के लिए गांव स्तर पर महीने भर का मास स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन 15 जनवरी से 14 फरवरी 2020 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा 0.5 मलेरिया वार्षिक परजीवी सूचकांक (एपीआई) से अधिक के 320 संवेदनशील गांवों तथा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के सीमा क्षेत्र के सभी गांवों, प्रवासी ग्रुप कुपोषित बच्चे, एनीमिक मरीजों, स्कूली बच्चों, छात्रावासी, पोटाकेबिन, सी.आर.पी.एफ आई.टी.बी.पी. कैम्प, पुलिस चौकी एवं अन्य कैम्प मास स्क्रीनिंग कर जनसमुदाय का शत-प्रतिशत रक्त जांच कर मलेरिया सकारात्मक प्रकरण पाए जाने पर उन्हे संपूर्ण उपचार प्रदान किया जायेगा एवं जनसमुदाय को मलेरिया से रोकथाम की संपूर्ण जानकारी प्रदान की जायेगी।

34 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित

■ **जिला इन्सपायर अवार्ड 2020 का हुआ समापन**

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय इन्सपायर अवार्ड 2020 का समापन श्री गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। इस अवसर पर बाल वैज्ञानिक के रूप में सम्मिलित कु. कुमकुम देवांगन, कु. देविका साहू, कु. प्रीति सिन्हा, हिमांशु पटेल के आतिथ्य में एवं जूरी मेंबर अविनाश सामल, कार्तिक पटेल, राहुल प्रकाश नेशनल इनोवेशन फाउडेंशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी हेमन्त उपाध्याय की उपस्थिति थे। जिला इन्सपायर अवार्ड 2020 में 34 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल राज्य स्तरीय स्पर्धा हेतु चयनित किए गया है।

दो दिवसीय इन्सपायर अवार्ड 2020 के समापन अवसर पर प्रतिभागी बाल वैज्ञानिक कु. कुमकुम देवांगन बताया कि उन्होंने अपना मॉडल गुजरात के कोचिंग सेन्टर पर हुई घटना को लेकर बनाया था। उन्होंने मॉडल के माध्यम से बताया था कि इस प्रकार की घटना होने पर कैसे सुरक्षित निकाला जा सकता है। कु. देविका साहू ने अपने भावनात्मक संबोधन में कहा कि पालकों के साथ ही शिक्षकों के मागदर्शन में हमेशा कार्य एवं मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। शासकीय हाईस्कूल अंजोरा की कु. प्रीति सिन्हा ने अपने मॉडल के माध्यम से जानकारी दी कि मल्टीस्टोरी भवनों पर पार्किंग सुव्यवस्थित ढंग से कैसे की जा सकती है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धामनसरा के बाल वैज्ञानिक हिमांशु पटेल ने ट्रैफिक पुलिस को परेशानियों से बचाने के लिये ट्रैफिक चिन्हों को डिजीटल चिन्हों पर अंकित करने के मॉडल पर अपना वक्तव्य दिया। नेशनल इनोवेशन फाउडेंशन के राहुल प्रकाश ने बताया कि प्रदेश स्तर पर राजनांदगांव जिला इन्सपायर अवार्ड में इतनी बड़ी संख्या में बाल वैज्ञानिकों को सम्मिलित कराकर नंबर वन जिला रहा। उन्होंने अपने अनुभव बाल वैज्ञानिकों के साथ भी साझा भी किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हेमन्त उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि कभी हताशा का भाव नहीं होना चाहिए। हमेशा आशावान रहना चाहिए। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों से कहा कि आज जो पीछे रह गये,वे प्रतिज्ञा करें कि कल वे उच्च शिखर पर पहुँचेगें। मां भी एक वैज्ञानिक होती है, वे भी चिन्तन करती है और समस्याओं का विकल्प खोजकर समाधान करती है। श्री उपाध्याय ने कालीदास जी के महान कवि कालिदास बनने की कहानी सुनाकर बच्चों को सफलता के लिये हमेशा प्रयास करने पर बल दिया। समारोह का संचालन सुश्री शोभा श्रीवास्तव ने व आभार नोडल अधिकारी एव सहायक संचालक आदित्य खरे ने किया।

ग्राम मुण्डा महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना पश्चात, सुनील साहू ने किया प्रचार अभियान की शुरूआत

लवन। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विभिन्न पदों के लिए किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार शुरू हो चूका है। इसी कड़ी में जिला पंचायत बलौदाबाजार के क्षेत्र क्र. 09 से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सुनील साहू ने आदर्श ग्राम पंचायत मुण्डा के महामाया मंदिर में पुजा-अर्चना पश्चात घर-घर घूमकर अपने पक्ष में वोंट करने की अपील ग्रामीणों से किये गए । श्री साहू के साथ युवाओं के साथ साथ बड़े बुजुर्गों की जनसैलाब देखते ही बन रही थी ।वे अपने समर्थकों के साथ मुण्डा गांव के अंतिम छोर के गली-मोहल्लों से लेकर चौक चौराहा तक प्रचार की खुब रौनक पहले ही दिन दिखाई दिए। सुनील साहू गांव के एक-एक मतदाता के घरों में पहुंचकर गांव के विकास के लिए अपने पक्ष में वोट करने की अपील ग्रामीणों से कर रहे है।

पंचायत चुनाव की रौनक ढनढनी-मुण्डा के ग्रामीणों में खुब दिखाई दिए। सुनील साहू ने अपने चुनाव प्रचार में अपने युवा वर्ग के समर्थकों के साथ पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को सुनील साहू ने जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 09 के आदर्श ग्राम पंचायत मुण्डा में अपने चुनाव-प्रचार की शुरूआत महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात डोर-टू-डोर घरों घर पहुंचकर अपने पक्ष में वोंट करने की अपील मतदाताओं से कर रहे है।

यातायात नियमों पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को गुलाब फुल देकर दिये समझाईश

राजनांदगांव। सड़क सुरक्षा सप्ताह का पहला दिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक श्यामसुंदर शर्मा, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र गुप्ता, थाना प्रभारी लालबाग, थाना प्रभारी घुमका, यातायात उनि सुखेराम धुर्वे एवं यातायात स्टॉफ के द्वारा शहर के महावीर चौक, जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, भारतमाता चौक में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले को गुलाब फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने एवं यातायात नियम के प्रति जागरूकता लाने हेतु पाम्पलेट देकर एवं फ्लैक्स-बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया, जिसमें ट्रक चालक, आटो चालक, मोटर सायकिल चालक, स्कूटी, सायकल चालक व पैदल यात्री कुल 2000 लोगों को बेहतर यातायात व्यवस्था हेतु, सड़क दुर्घटना रोकथाम करने एवं न्यूनतम जनहानि हेतु अभियान चलाया गया।

सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु केन्द्र सरकार पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें पुलिस व प्रशासन का आपसी सहयोग के साथ-साथ सामाजिक संस्थाएं भी सम्मिलित है। इसी क्रम में लायंस क्लब के सदस्यों व कार्यकर्ता के द्वारा एवं एनसीसी के बच्चों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को पुलिस के साथ सहयोग कर गुलाब फुल, पाम्पलेट, स्टीकर देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु आग्रह किया गया। वाहन चालकों के अलावा सायकल चालकों के सायकल में रेडियम स्टीकर लगाकर सुरक्षा हेतु समझाईश दिया गया। प्रचार-प्रसार को सफल बनाने के लिए इलेक्ट्रानिक प्रिंट मिडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले में यातायात शाखा राजनांदगांव के अतिरिक्त विभिन्न थाना/चौकियों में यातायात नियमों के प्रचार हेतु विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है।

भाजापा के पार्षद को तोड़ कर आंखों से काजल चूरा लिया हमनेः सुशील शर्मा

भाटापारा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुशील शर्मा ने अपनी सूझ बूझ और चाणक्य नीति से शिवरीनारायण नगर पंचायत में कांग्रेस का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ऐतिहासिक वोटो से जीता कर नया कीर्तिमान स्थापित कर भाटापारा का नाम राजनैतिक क्षेत्र रौशन किया है,पर्यवेक्षक के रूप में सुशील शर्मा को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रभारी महा मंत्री गिरीश देवांगन ने नगरीय निकाय चुनाव हेतु नगर पंचायत शिवरीनारायण में कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने भेजा था,वहाँ पहुँच कर सुशील शर्मा ने अपनी कुशाग्र बुद्धि से कांग्रेस के 10 बहुमत वाली पार्षदों से वन टू वन चर्चा कर सभी की अंतरात्मा की आवाज सुनकर पार्टी हित मे बहुमत प्राप्त करने वाले अंजनी तिवारी को अध्यक्ष और राजेंद्र यादव को उपाध्यक्ष प्रत्याशी प्रदेश कांग्रेस के दुवारा घोषित होने पर भा जा पा के पार्षद को तोड़ कर कांग्रेस के पछ में मतदान करा कर भा जा पा के आंखों से ही काजल चुरा लिया,जिसकी कल्पना किसी भी भाजपाई नेता को नही थी।

सुशील शर्मा ने एक प्रश्न के जवाब में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन के कुशल मार्गदर्शन में ये सभ संभव हो पाया है,पार्षदों ने मुख्यमंत्री के एक साल के जनहितार्थ कार्यो को देख कर कांग्रेस के पछ में अपना मतदान किया है,यहाँ कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत का पूरा पूरा श्रेय भूपेश बघेल को जाता है,हम सब उनके बताये रास्तो पर चल कर पूरे प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहरायेंगे।

25 मार्च को आईआरसीटीसी ले जायेगा कामाख्या देवी

भाटापारा। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय पुरे देश में 5 आस्था ट्रेनों को चला है जिसमे एक ट्रेन छत्तीसगढ़ के अनेको शहर होते हुए 25 मार्च को कामख्या देवी के दर्शन को जायेगी जिसके लिए आई आर सी टी सी नाम मात्र के शुल्क में 9 दिन की यात्रा मात्र 900 रूपये प्रतिदन के हिसाब से लेगा। आई आर सी टी सी के रीजनल प्रबंधक राजेद्र बोरबन ने स्थानीय एक होटल में पत्रकारो से चर्चा करते हुए जानकारी दी।

इंडियन रेल्वे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन जो की रेल मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक उपक्रम है। देश में पर्यटनो को बढ़ावा देने के लिए रेलवे ने भारत दर्शन तीर्थ यात्रा का आयोजन कर रहा है, जिसका नाम आस्था रखा है और पुरे देश में फिलहाल 5 ट्रेन चल रही है। जिसकी जवाबदारी आई आर सी टी सी ने ले रखी है। रीजनल मेनेजर राजेन्द्र बोरबन ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए बताया की नवरात्री के अवसर पर 25 मार्च को एक स्पेशल ट्रेन भंडारा रोड से चालू होगी और गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग रायपुर बिलासपुर चाम्पा रायगढ़ के रास्ते से कामाख्या देवी की यात्रा के लिए जायेगी। इस स्पेशल ट्रैन से यात्रियो को कलकत्ता काली मन्दिर, गँगा सागर, बिड़ला मन्दिर आदि का दर्शन कराया जायेगी। उसके बाद गुवाहाटी कामाख्या मन्दिर,नवग्रह मन्दिर, शंकर देव कला क्षेत्र का दर्शन पश्चात बिहार के गयाजी ले जाया जायेगा।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHMMED HUSANE S/O ZAHED HUSSAIN निवासी SHANKAR WARD BHATAPARA DIST. BALODA BAZAR (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MOHAMMAD HUSSAIN S/O ZAHED HUSSAIN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MOHAMMAD HUSSAIN S/O ZAHED HUSSAIN से ही जाना पहचाना जावे।

MOHAMMAD HUSSAIN
SHANKAR WARD
BHATAPARA
DIST. BALODA BAZAR (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ZAHID HUSANE S/O MULLA MAHMOOD ALI निवासी SHANKAR WARD BHATAPARA DIST. BALODA BAZAR (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ZAHED HUSSAIN S/O MULLA MAHMOOD ALI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ZAHED HUSSAIN S/O MULLA MAHMOOD ALI से ही जाना पहचाना जावे।

ZAHED HUSSAIN
SHANKAR WARD
BHATAPARA
DIST. BALODA BAZAR (C.G.)

नई शुरूवात — **कई कार्यक्रमो में प्लास्टिक की जगह स्टील से बनी बर्तन के उपयोग के लिए फ्री में बर्तन उपलब्ध कराती रही**

नो प्लास्टिक कैम्पेन चलाने वाली श्रध्दा का राजनीति में कदम

उतई। जिला पंचायत दुर्ग के क्रमांक 8 के उम्मीदवार श्रध्दा साहू को ,अनेक पर्यावरण प्रेमिका होने के साथ सामाजिक विकास में इनकी गहरी रुचि , उच्च शिक्षित होने साथ विभिन्न विषयो में स्नातकोत्तर व समाजसेवा में उच्च डिग्री हाशिल करने वाली श्रध्दा साहू ,सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में सामने आ रही है ।

नो प्लास्टिक कैम्पेन ने दिलाया राष्ट्रीय पहचानः छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बना चुकी श्रध्दा साहू नो प्लास्टिक कैम्पेन चला रही है जिसमे वे कई कार्यक्रमो में प्लास्टिक की जगह स्टील से बनी बर्तन के उपयोग के लिए फ्री में बर्तन उपलब्ध कराती है ,जिससे प्लास्टिक जैसे गिलास ,प्लेट जैसे प्लस्टिक पर्यावरण में नही फैलती है ,इस वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाये प्रदान भी किया गया। वे इस मुहिम को लगातार बनाये रखी है।

विकास न कर पाउ तो छोड़ दूंगी पदः श्रध्दा साहू हमारे सवाल से भावुक हो गयी जब उनसे पूछा गया कि अगर आप विकास नही कर पाई तो इस पर उनका स्पष्ट उत्तर था ,मुझे पैसा कमाने इस क्षेत्र में नही आई हूं ,मैं वचन देती हूं अगर विकास नही कर पाई तो मैं अपने पद से तुरंत हटा जाएंगी जिससे किसी दूसरे को मौका मिल सके व क्षेत्र के लोगो को विकास मिल सके ।

छाता छाप से लड़ेगी चुनावः क्षेत्र क्रमांक 8 से यू तो 6 उम्मीदवार है जिसमे धर्मेन्द्र बंजारे, दयाराम साहू ,योगिता चन्द्राकर सहित और भी नाम है मगर श्रध्दा साहू के विचार जानने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जनता उनको नकारने वाली नही है बल्कि अधिक अंतर से जीत भी दर्ज करेगी ।

राजनीति नहीं सिर्फ जनसेवा की उम्मीद

सवाल पूछने पर श्रध्दा साहू का कहना है कि मैं राजनीति करने नही बल्कि समाजसेवा करने के लिए आई हूं मुझे किसी भी प्रकार की राजनीति करने नही आती, जबकि मेरे क्षेत्र के सभी लोगो को मैं परिवार की तरह समझती हूं जिससे मुझे लगाव रहेगी।

लोगों को सहयोग व गरीब बच्चों के फीस पटाने भी इनके शौक में : श्रध्दा के पति पुरेन्द्र साहू का कहना है कि उनके लिए हमेशा मेरा सहयोग रहता है । वे राजनीति में समाजसेवा के लिए आई है न कि राजनीति के लिए ,आप सब के आशीर्वाद से श्रध्दा साहू को छाता छाप पर मुहर लगाकर एक अच्छे सेवक के रूप में चुने छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में दे चुकी है फ्री बर्तन सेवा बालोद रायपुर ,दुर्ग सहित राजनांदगांव जैसे जिलों में विभिन्न सामाजिक व पारिवारिक या सार्वजनिक कार्यो में श्रद्धा साहू बेहिचक बर्तन दे कर सेवा करती है

न्यूज गैलरी

धमतरी को बागवानी मिशन योजना में शामिल करने विधायक साहू ने सौंपा ज्ञापन

धमतरी। धमतरी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने माननीय कैलाश चौधरी जी केंद्रीय राज्य मंत्री को प्रथम धमतरी आगमन पर छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले को राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना में शामिल करने केंद्रीय मंत्री जी को ज्ञापन सौंपकर निवेदन किए। छत्तीसगढ़ राज्य धमतरी जिला खेती के मामले में उन्नत है उन्नत खेती धमतरी जिला की पहचान बन गई है। जिला के जलवायु और जमीन उद्यानिकी विकास के लिए उपयुक्त है। इस योजना में शामिल करने से किसान उद्यानिकी फसलों के लिए प्रेरित होंगे तथा आसपास के जिले में भी उद्यानिकी उत्पादों की आपूर्ति हो जाएगी साथ ही किसानों की आय में वृद्धि होगी। जिसे क्षेत्र के किसान खुशहाल होंगे आर्थिक स्थिति में सुधार होगी इसलिए विधायक महोदया ने ज्ञापन सौंपकर इस संदर्भ में माननीय केंद्रीय मंत्री जी से चर्चा किए साथ ही साथ धमतरी जिले में एकमात्र कृषि विज्ञान केंद्र ग्राम संबलपुर में संचालित है।

नेहरू महाविद्यालय में आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर

डोंगरगढ़। स्थानीय नेहरू महाविद्यालय में रेडक्रास प्रभारी, रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष डाकेश्वर वर्मा, उपाध्यक्ष पूजा डोंगरे, सचिव रमन साहू एवं सहसचिव श्वेता सांगोड़े के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय के प्राचार्य के एल तांडेकर की अध्यक्षता एवं रेडक्रास प्रभारी डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक अनिता भारती एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य के एल तांडेकर ने किया।

नव निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण 13 को

खरोरा। नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का का पदभार ग्रहण 13 जनवरी को दो. 12 बजे नगर पंचायत परिसर मैं आयोजित एक भव्य समारोह मैं सम्पन्न होगा पद ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा रायपुर सुनिल सोनी, अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक अनिता शर्मा , विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल , प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गिरीश देवांगन , भाजपा जिलाध्यक्ष डा. गुलाब सिंह टिकरीहा , जिला पंचायत उपाध्यक्ष नवीन अग्रवाल , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निशा अरविंद देवांगन , भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर , पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरीश वर्मा होंगे

मोबाइल टॉवर पर चढ़ा युवक उतारने में नाकाम रही पुलिस

पिथौरा। बता दें कि रविवार सुबह पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर दसवा पारा गांव में लगे 130 फीट के मोबाइल टॉवर में विछिप्त युवत अर्द्ध नग्न अवस्था में चढ़कर उत्पात मचाने लगा. ग्रामीणों ने युवक को मोबाइल टॉवर मे चढ़े देख अनहोनी की आशंका में थाना पिथौरा को सूचना दी. मौके पर पहुंची पिथौरा पुलिस घंटों तक युवक को उतारने की मशक्कत करती रही. लेकिन पुलिस सफल नहीं हुई. आखिर में युवक ही अपने आप मोबाइल टॉवर से उतर गया। जानकारी के अनुसार, युवक का नाम नेतराम ओगरे पिता वेद राम ओगरे (30 वर्ष) ग्राम कोटादादर थाना तेंदू कोना का रहने वाला है. पिथौरा पुलिस ने विक्षित युवक के मोबाइल टॉवर से नीचे उतरने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया है।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए विविध आयोजन

कुसुमकसा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर कुसुमकसा में दिनांक 12 जनवरी को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जी के 157 जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ.श्री भूपेंद्र जी मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ आचार्या श्रीमती सत्यवती साहू जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्री नन्दलाल कोसमा जी की गरिमामयी उपस्थिति में विवेकानंद जी के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया गया है। तत्पश्चात विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधानाचर्य जी ने कहा कि विवेकानंद जी के सामजिक विकास कार्यों तथा उसके अद्भुत साहस की अनेक घटनाएं हम सबके लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर भैया बहिनों ने भी विवेकानंद जयंती पर प्रेरक प्रसंग एवं गीत की प्रस्तुति दिए। कार्यक्रम के पश्चात नगर में स्वामी विवेकानंद की भव्य झांकी घोष दल के साथ निकाली गई।

जुड़ा पंचायत मनरेगा का कार्य जोरों पर

■ 480 मजदुर कर रहे है कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत जुड़ा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत तालाब गहरीकरण का कार्य दूसरे सप्ताह भी जारी है। जिसमें गांव के 480 मजदुर कार्यरत है। जुड़ा पंचायत के पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा ने बताया कि ग्राम जुड़ा में मनरेगा के तहत जनपद पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार द्वारा जारी निर्देर्शो के पालनानुरूप प्रत्येक ग्रामीण एवं पंजीकृत अकुशल श्रमिक को एक वित्तीय वर्ष में 150 दिवस का कार्य दिया जाना अनिवार्य है, एवं कोई भी परिवार काम के अभाव में अन्य राज्यों में पलायन न करें। इसी को ध्यान में रखते हुवे लगातार कार्य कराया जा रहा है। गांव में डबरी निर्माण के पश्चात टावर तालाब गहरीकरण 9.65 लाख का पूर्ण होने के बाद, नया तालाब निर्माण एवं गौठान निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाना है। इसके लिए तकनीकि सहायक प्रिति मतावले द्वारा स्थल पर उपस्थित होकर ले आउट जारी कर दिया है। सी.ई.ओ द्वारा सभी पंचायतों को शक्त निर्देश देते हुवे पत्र जारी किया गया है कि किसी भी हालत में सभी पंचायतों में मनरेगा का काम प्रारंभ करों और प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवार को मांग के आधार पर एक वित्तीय वर्ष में 150 दिवस का कार्य देने का लक्ष्य को पूरा करें।

छेरछेरा मांगकर बटोरे पैसे से बहुत ज्यादा पी ली थी शराब, हुई मौत

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी/नगरी। नगर के शनिवार बाजार जाने वाले रास्ते भुरु सेठ घर के पीछे जोहरा नार नाली के पास एक व्यक्ति के शव मिलने से सनसनी फैल गई ।खबर लगते ही लोग घटना स्थल पर पहुचने लगे शनिवार को बाजार का दिन होने के कारण घटना स्थल पर लोगो का हुजूम लग गया था। मामला यह है कि शनिवार को राजाबाड़ा के पास भुरु सेठ घर के मकान के पीछे जोहरानार नाली के पास संतोष पिता विक्रम शांडिल्य का शव मिला जिसे देखने लोगों का हुजूम लगा था। मृतक के पिता विक्रम शांडिल्य से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शुक्रवार छेरछेरा पर्व पर संतोष ने लोगो के घरों से छेरछेरा मांगकर सामग्री बटोरी और शाम को शराब का सेवन करने लगा। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन रात से ही संतोष की खोजबीन करने लगे परंतु वह नहीं मिला। शनिवार की सुबह कुछ लोगों ने संतोष का शव देखा तो उनके परिजनों को इतला किया तब परिजन मौके पर पहुंचकर इस घटना की सूचना पुलिस को दी जिस पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नितिश ठाकुर थाना प्रभारी नकुल सिंह ठाकुर सहित स्टाफ बिना देरी किये घटना स्थल पर पहुच गए घटना का जायजा लिया व कुछ लोंगो से पूछताछ भी की उसके बाद पंचनामा की कारवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

पडोसी देश द्वारा भारत में हिंसा व अराजकता कि साजिश : कैलाश

धमतरी। केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की देश में सराहना हो रही है। क्योंकि धार्मिक उत्पीडऩ झेलकर पड़ोसी सीमा से आए लोगों को भारत में मोदी सरकार नागरिकता देने जा रही है। जिस पर विपक्ष यह कहकर भ्रामक प्रचार कर रहा है कि भारत के लोगों की नागरिकता छीनी जा रही है। विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं रह गया है। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में जिस तरह का वातावरण बनाया जा रहा है वे लोग भारत को तोडऩे के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों के साथ अगर फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी खड़ी हैं तो दीपिका को भी उसी तरह दोषी माना जाएगा।

नपा अध्यक्ष ने हवाई शॉट लगा किया मैच का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। उपाध्यक्ष की शॉट पिच गेंद पर नगर पालिका अध्यक्ष ने हवाई शॉट लगाकर मैच का शुभारंभ किया। जिसके बाद औपचारिक रूप से मैच की शुरुवात की गई। नगर के आउटडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का रविवार से आगाज हो गया है।उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, पार्षद संदीप सरकार, पारस ठाकुर ने आयोजक समिति के सदस्यों की उपस्थिति में फीता काटकर व बैट, बॉल, स्टंप का पूजन कर किया। इसके बाद नपाप के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री मेमन ने बैटिंग करते हुए उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके के शॉट पिच गेंद पर हवाई शॉट लगाते हुए मैच का शुभारंभ किया। वहीं दोनों ही टीम खम्हारीपारा और बारुला के खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए शुभकामनाएं दी। जिसके बाद शुभारंभ मैच का शुरुवात किया गया।

इस मौके पर श्री मेमन ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है, जिससे कि वे आगे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। कहा कि खेल से तन और मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं।

पहला मैच खम्हारीपारा और बारुला के बीच खेला गया। जिसमें खम्हारीपारा विजयी रही। वहीं दूसरा मैच हरदीभाठा और जडजड़ा के हुआ। इस मैच में हरदीभाठा ने शानदार जीत दर्ज की है।

छेरछेरा मांगकर इकट्ठा किये रकम को कांग्रेसियों ने सुपोषण के लिए दान किया

धमतरी। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा शहर में छेरछेरा जोहार करते हुए सुपोषण अभियान एवं गौठान के लिए दान मांगा गया। कांग्रेसियों को दुकानदारों एवं व्यवसायियों से 51 हजार रूपए दान प्राप्त हुए। यह राशि धमतरी में कुपोषित बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी। शासन द्वारा सुपोषण योजना जारी है, परंतु इस पर्व पर जनता की भागीदारी हो, इसलिए मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को यह आयोजन किया।

निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्याशियों का घर-घर दस्तक देने का दौर शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव को लेकर बलौदाबाजार विकासखंड के कई क्षेत्रों में दोनों राजनीतिक दल भाजपा कांग्रेस के साथ निर्दलीयों ने भी चुनाव को लेकर अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में घर-घर दस्तक देने का दौर प्रारंभ कर दिया है। वैसे तो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव गैर राजनीतिक दलों के द्वारा लड़ा जाता है किंतु अप्रत्यक्ष रूप से पंच से लेकर सरपंच बीडीसी तक के चुनावों में राजनीतिक दलों की भूमिका पूर्ण रूप से रहती है और जनपद को अपने कब्जे में लेने अपनी अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को काबिज कर अपना वर्चस्व स्थापित करने पुरजोर कोशिश की जाती है। बलौदाबाजार विकासखंड के क्षेत्र क्रमांक 08 से लगभग 11 प्रत्याशी मैदान में है। जिसमे कई प्रत्याशी सरपंच से लेकर जिला सदस्य तक रह चुके है। जिसके कारण इस क्षेत्र में मुकाबला जोर का दिख रहा है। क्योंकि यह सीट महिला पिछड़ा वर्ग आरक्षित है जिसमे सिरियाडीह की युवा प्रत्याशी मोनिका पटेल, निर्वतमान जिला सदस्य देवकुमारी सुशील साहू और निर्वतमान सरपंच नारायण अपने पत्नी शंकुतला नारायण साहू के अलावा 08 अन्य सदस्य मुख्य रूप से मैदान पर है।

यहाँ मोनिका पटेल युवा के साथ दमदारी से क्षेत्र के मतदाताओं के समक्ष पहुँच रही है, जिससे इनकी दावेदारी प्रबल दिख रही है। वही अन्य प्रत्याशी भी जोड़-तोड़ प्रचार प्रसार में जुटे दिखाई दे रहे है। विदित हो कि क्षेत्र क्रमांक 08 के अंतर्गत पांच ग्राम आते है जिसमे तिल्दा, सिरियाडीह, लाटा, करदा और मरदा सम्मिलित है, वही मतदाता संख्या की बात करें तो लगभग 7000 के लगभग है। जिसमे महिला-पुरूष एवं युवा सम्मलित है।

युवा महोत्सव में धमतरी जिले के दल को कलेक्टर-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

धमतरी। धमतरी विषयांतर्गत लेख है कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव रायपुर में दिनांक 12 से 14 जनवरी 2020 तक आयोजित है, जिसमें धमतरी जिले से चयनित कुल 270 प्रतिभागी एव दल प्रभारी, सुरक्षा प्रभारी तथा अधिकारी व कर्मचारी कुल 300 की संख्या में शामिल होने मिशन ग्राउंड में उपस्थित हुए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, धमतरी द्वारा स्वल्पाहार पानी, स्वास्थ्य विभाग, धमतरी द्वारा मेडिकल चेकअप, पुलिस विभाग, धमतरी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं 08 बस की व्यवस्था परिवहन विभाग, धमतरी द्वारा किया गया।

सरकार का सेवा और जतन का एक साल : सीएम बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरियाबंद जिले के आश्रम-छात्रावास, क्रीडा परिसर के साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मुख्यमंत्री जी के मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की छठवीं कड़ी उत्साहपूर्वक सुना गया। मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल ने लोकवाणी के माध्यम से छत्तीसगढ़वासियों को नववर्ष 2020 की बधाई देते हुए कहा कि आपकी शुभकामनाएं और सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा तो निश्चित तौर पर आगामी वर्षों में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने कहा कि हमने अपनी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को 'सेवा और जतन का एक साल' कहा है। इन चार शब्दों में बहुत सारी बातें समा जाती है। आज पहले साल के पड़ाव का मुझे यह कहते हुए संतोष है कि हम प्रदेश के ग्रामीणों, किसानों और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य कमजोर तबको को राज्य के विकास के साथ जोड़ने में सफल हुए है। राज्य सरकार के चैतरफा प्रयासों के कारण विश्वव्यापी मंदी का असर छत्तीसगढ़ के जनजीवन को तनिक भी नहीं छू पाया, बल्कि इस दौर में विकास के नए प्रतिमान स्थापित हुए।

छत्तीसगढ़ी एलबम का विमोचन

नवप्रदेश संवाददाता

पिथौरा। डाली स्टूडियो पिथौरा में आयोजित छत्तीसगढ़ी एल्बम तोर जवानी मा एलबम का विमोचन मुख्यअतिथि पूर्व भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी विशिष्ट अतिथि सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष मनरखन ठाकुर कोमल महन्ती युका नेता स्वतन्त्र पांडे साहित्यकार संतोष गुप्ता आलोक बन्सल ने पुजा अर्चना कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से स्वप्निल तिवारी ने कहा कि डाली स्टूडियो के माध्यम से क्षेत्र की कलाओं को आगे आने का मौका मिल रहा है निश्चित है डाली स्टूडियो के सभी साथी बधाई के पात्र हैं जो क्षेत्र का नाम छत्तीसगढ़ी गीत संगीत के माध्यम से गौरवान्वित कर रहे हैं। विमोचन समारोह में अतिथियों के द्वारा कलाकारों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर खेमलाल डरसेना एल्बम के एक्टर शशांक मिश्रा ज्योति पात्रा गीतकार जनकराम डरसेना निर्देशक हरिहर मिश्रा शह निर्देशक टिकेश डरसेना कैमरा ग्राफिक्स गीतेश डरसेना प्रोडक्शन मैनेजर चंद्रकुमार कुंदन ठाकुर डागेश्वर दुबे रोशनी भूपेंद्र डरसेना समीर सोनु सेन सुकेश महन्ती प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

निर्भया को मिला सुकून

न्याय पालिका से जगी आस देर से ही पर सही सजा

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। निर्भया के साथ हुई हैवानियत के बाद से लोगों में इसको लेकर जबदस्त आक्रोश, गुस्सा व नफरत और फैसले में हो रही देरी को लेकर तरह-तरह की बातें भी हो रही थी। तो वही न्याय पालिका के ऊपर भरोसा भी कायम था। लोगों का कहना ऐसे हैवानियत करने वाले लोगों के लिए तत्काल कार्रवाई हो। 16 दिसंबर 12 को झकझोर कर रख देने वाले निर्भया गैंगरेप केस में दिल्ली की अदालत ने चारों दोषियों को मौत की सजा सुनाई हैं। सात साल की लंबी सुनवाई के बाद डेथ वॉरंट जारी किया। फैसले के मुताबिक चारों दोषियों को 22 जनवरी को सुबह सात बजे तिहाड़ जेल में फांसी पर लटकाया जाएगा। साफहै कि दोषियों को आज से 12 दिन बाद फांसी दे दी जाएगी।

हादसे की तिथि : वो तारीख थी 16 दिसंबर, साल था 2012, बस का नम्बर था DL vPC 0149 और जगह थी दिल्ली के मुनिरका का बस स्टॉप। यहां से निर्भया और उसका दोस्त बस में चढ़े। वो नहीं जानते थे कि दिल्ली की बरसती सर्द ठंड ने बस में पहले से मौजूद लोगों के अंदर वाले इंसान को जमा दिया है। एक नाबालिग समेत बस में मौजूद छह लोगों ने निर्भया को अपनी हवस को शिकार बनाया और उसके साथ बर्बरता की। निर्भया के दोस्त को पीटा, और फिर दोनों को महिपालपुर के पास सड़क किनारे छोड़कर चले गए।

उस रात की रात की घटना के बाद जब सुबह लोगों की आंखें खुलीं तो सभी टीवी चैनल्स और अखबारों की सुर्खियां देखकर जनमानस में जबर्दस्त आक्रोश दिखा था। सभी घायल निर्भया के ठीक होने उसके होश में आने की खबर सुनने को बेताब थे। सबकी नजरें टीवी पर गड़ी हुई थीं। लेकिन निर्भया उन हैवानों की हैवानियत नहीं झेल पायी और उसकी मौत हो गयी।

धमतरी का छात्र भी हुआ जेएनयू हिंसा का शिकार

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। 5 जनवरी को हुए जेएनयू में नकाब पोश द्वारा यूनिवर्सिटी के अंदर हुए हिंसा पर निर्दोश एवं बेगुनाह छात्र भी हिंसा के शिकार हुए एक ओर जहा सीएए और एनआरसी पर देश भर में मचे बवाल के बीच 2 दिन पहले दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में कुछ अज्ञात लोगों ने वहां के छात्र नेताओं पर हमला बोल दिया इस हमले में करीब दर्जनभर छात्र घायल हुए हैं इस हिंसा के बाद देश की राजनीति भी गर्म हो गई है भारतीय जनता पार्टी और दूसरे दक्षिणपंथी दलों ने जहां इसे वामदलों की करतूत बताया है तो वहीं वामपंथी दलों ने इसे भारतीय जनता पार्टी और उसके स्टूडेंट यूनियन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कारनामा कहां है द्य लेकिन इन सबके बीच इस पूरे हिंसा में कुछ बेगुनाह भी बेवजह चपेट में आ रहे हैं बात करें छत्तीसगढ़ की तो यहां के धमतरी के रहने वाले एक स्टूडेंट शेषमणि साहू पर भी हमला हुआ इस मारपीट में उसका बाया हाथ फैक्चर हो गया और उसे काफी अंदरूनी चोट ही पहुंची है घायल शेषमणि साहू जेएनयू में कला संकाय का विद्यार्थी है शेषमणि के घायल अवस्था की फोटो भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट की है।

जनहितकारी और जनलाभकारी योजनाओं को समर्पित रहा सरकार का बीता एक साल

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की सेवा के एक साल विषय पर आधारित लोकवाणी की छठवीं कड़ी का प्रसारण आज सुबह 10-30 बजे से 10-55 बजे तक किया गया। धमतरी जिला मुख्यालय में इसके सार्वजनिक श्रवण की व्यवस्था मकई गार्डन में की गई जहां उपस्थित जनप्रतिनिधि और लोगों ने राज्य सरकार की पिछले एक साल के कार्यो का ब्यौरा 12 से 14 जनवरी तक राज्य में चलने वाले युवा उत्सव सरकार की आगे की कार्ययोजना और स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के मौके पर उनसे जुड़ी बातों को लोकवाणी के जरिए तन्मयता से सुना। नवनिर्वाचित नगरनिगम महापौर श्री विजय देवांगन ने लोकवाणी सुनने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वास्तव में प्रदेश सरकार का बीता एक साल सेवाओं और जनलाभकारी योजनाओं से भरपूर रहा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बीते एक साल में तात्कालिक राहत देने वाली कई योजनाएं लाई और इस साल बड़ी.बड़ी योजनाएं बिजली पानी सड़क व्यवस्था के लिए शुरू करने की पहल की है।

आमामोरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

गरियाबंद। जिले के सर्वाधिक कठिनतम, दूरस्थ तथा दुर्गम पहाड़ी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र आमामोरा, ओड़ तथा आश्रित ग्रामों में कलेक्टर श्याम धावड़े के के निर्देशानुसार गरियाबंद विकासखंड के कोसमी एवं नवागढ़ सेक्टर के स्वास्थ्य टीम द्वारा 09 जनवरी को आदिवासी बालक आश्रम आमामोरा में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरत्न ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में मौसम में बार-बार बदलाव होने के कारण सर्दी-खॉसी, दर्द बुखार से पीड़ित मरीजों के साथ उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच एवं उपचार किया गया।

चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों ने प्रचार के लिए झोंकी ताकत

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल । नामांकन वापसी एवं चुनाव चिन्ह मिलने के बाद त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ प्रचार प्रसार की गति बढ़ा दी है । सभी प्रत्याशी बैनर ,पोस्टर , होर्डिंग्स तथा दीवार लेखन के काम पर अपना मुख्य फोकस किया हुआ है , वहीँ आम मतदाताओं से सीधा संपर्क साधकर अपने पक्ष मतदान की अपील कर रहे हैं । त्रि -स्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन वापसी के बाद सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित हो गया है । चुनाव चिन्ह आबंटित होने के बाद अब सभी प्रत्याशी अपने प्रचार प्रसार के लिए बैनर , पोस्टर होर्डिंग्स आदि बनवा लिए हैं और उन्हें चौक चौराहों एवं गांव के प्रमुख स्थानों पर टंगवा रहे हैं ।हालांकि चुनाव के लिए अभी 15 दिन का वक्त बाकी है फिर भी कोई भी प्रत्याशी एक भी मतदाता को छोड़ना नहीं चाह रहा है और हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं कि एक एक मतदाता के पास पहुंचा जाए ।पंचायत चुनाव में पंच ,सरपंच तथा जनपद सदस्य हर रोज हर गाँव या हर व्यक्ति तक पहुंच सकता है लेकिन जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र बड़ा होने के कारण एक बार पहुंच पाना कठिन काम होता है इसलिए पार्टी संगठन एवं समर्थकों के माध्यम से जन जन तक रोज पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है । कसडोल जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चारों जिला पंचायत क्षेत्रों में कांग्रेस एवं भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है , हालांकि अभी अभी बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुछ क्षेत्रों में ऐन वक्त पर प्रत्याशी बदले जाने से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश है ।

नगर विकास के लिए सरकार कटिबद्ध : डॉ शिव कुमार डहरिया

भाटापारा नगरपालिका को आदर्श नगरपालिका बनाया जायेगा, भाटापारा पालिका को 5 करोड़ की घोषणा

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। प्रदेश की भूपेश सरकार नगर के विकास के प्रतिबद्ध है आप लोग कार्य योजना बना कर लाओ आप लोगो को पैसे के लिए कोई कमी नही होगी,भाटापारा को इस बार 1 करोड़ के बदले 5 करोड़ रूपये दिए जायेंगे ,उक्त उदगार प्रदेश शासन के वरिस्ठ मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित अध्यक्ष उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कही।

प्रदेश सरकार के नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने कहा की प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार लगातार नगरीय क्षेत्रो में विकाश के कार्य कर रही है। नगर के क्षेत्रो में इतने विकाश कार्य हुए है जिसका नतीजा प्रदेश की जनता ने दिया है। प्रदेश के 10 में से 10 नगर निगम में कांग्रेस के महापौर निर्वाचित हुए है जो निश्चित रूप से प्रदेश की कार्य योजना का जीता जागता स्वरूप है। यही नही प्रदेश की 38 नगरपालिका में से 28 नगरपालिका में कांग्रेस के अध्यक्ष गण बैठे है तो नगर पंचायत की 102 सीटों में 62 में कांग्रेस के अध्यक्ष सत्ता संभाल लिए है। डॉ डहरिया ने प्रदेश सरकार का गुण गान करते हुए कहा की 19 नवम्बर 2018 के पहले शहर में कब्ज़ा धारियों को पट्टा प्रदान कर सीधे मालिक बना रही है।उन्होंने बताया की सरकार अपनी विभिन्न जन कलयाण कारी योजना चला रही है जिसमे मोर जमीन मोर मकान,,,इस योजना के तहत सरकार मकान बनाने के लिए 2 लाख 28 हजार रूपये दे रही है ताकि कोई भी अपने मकान से वंचित ना हो सके। डॉ डहरिया ने आगे कहा की शहर में झुग्गी झोपड़ी में तालाब पा, नहर किनारे रहने वाले लोगो को भी मोर मकान मोर चिन्हारी,योजना के तहत लाभान्वित कर रही है जिसमे 2 कमरो के मकान के लिए उन्हें 4 लाख रूपये की राशि दी जा रही है। उन्होंने बताया की पूर्व में शहर में बी पी एल राशन कार्ड बनता था अब प्रदेश सरकार सभी का राशन कार्ड बनाने जा रही है जिसका फायदा सभी वर्ग के लोगो को मिलेगा। वही मंत्री ने पौनी पसारी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की यह एक ट्रेडिशनल व्यापार है और मात्र 10 रूपये किराये में लोगो को इसका लाभ मिलेगा।

नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने बताया की प्रदेश में घर घर डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है और उन्हें इस बात की खुशी हो रही है स्वच्छ्ता के मामले में प्रदेश को प्रथम स्थान मिला है और राष्ट्रपति महोदय ने यह पुरुस्कार इस राज्य को दिया है। उन्होंने प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की जमकर तारीफकरते हुए कहा की सरकार बनने के बाद से लेकर आज तक पुरे प्रदेश में विकाश कार्य लगातार कराये जा रहे है। प्रदेश की सत्ता सँभालते हुए मुख्यमंत्री ने किसानो के कर्जा माफ़ कर दिया और 400 यूनिट तक बिजली हाफ़ कर दिया जो निश्चित रूप से प्रदेश के किसानो एव नागरिको के लिए सुखद अनुभव है। मंत्री ने यहाँ के विकाश के लिए प्रत्येक वर्ष मिलने वाली 1 करोड़ की राशि को इस वर्ष 5 करोड़ देने की घोषणा की और कहा की इस पालिका को जिले की आदर्श पालिका बनाना है, यहाँ के विकाश के लिए और भी धनराशि मांगी जायेगी सरकार उसको उपलब्ध कराएगी। उन्होंने शहर के शोन्द्रियकरण, सड़क,पेयजल,आदि के लिये योजना बनाने को कहा।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को दिलाई शपथ

प्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने सम्बोधन के पहले नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता और उपाध्यक्ष त्रिलोकसिंग सलूजा को शपथ दिलाई। इसके पश्चात नव निर्वाचित अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने अपने सम्बोधन में लोगो के विश्वास के लिए खरा उतरने का भरोसा जताते हुए कहा की नगर की सभी समस्या का समाधान सभी मिल जुल कर करेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष ने मांग पत्र मंत्री को सौपा,जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंह ने किया। इसके पूर्व मंत्री का पालिका भवन पहुँचने पर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी सहित सभी कांग्रेस जन,पार्षद गणो ने किया। कार्यक्रम को सतीश अग्रवाल,चैतराम साहू गणेश धुव,मनोज जैन,सुशिल शर्मा,रमेश यदु,मोतीलाल केशरवानी,बी के दीक्षित,डा बसंत भृगु आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा सुनील माहेश्वरी रसीद चौहानअजित बाजपेयी,ईश्वर सिंह ठाकुर,आलोक मिश्रा,हितेन्द्र ठाकुर,अविनाश मिश्रा,अमित शर्मा,अख्तर चौहान,संतोष सोनी सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

20 वर्षो से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा बोड़ला : सुनील

■ महिला रोग विशेषज्ञ और शिक्षकों की कमी को दूर करने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

बोड़ला। युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में डॉक्टर की पूर्ति तथा हायर सेकंडरी स्कूल एंव कन्या मीडिल स्कूल में शिक्षकों की पूर्ति हेतु केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही भरपाई करने के लिए निवेदन किया गया । युवा जनता कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 20 वर्ष होने के बाद भी नगर पंचायत बोड़ला डॉक्टर की कमी से जूझ रहा है । यहां के स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञ डॉक्टर के 9 पद स्वीकृत है जिसमे सिर्फ 3 ही डॉक्टर है । सबसे बड़ा ब्लॉक होने के साथ साथ लगभग 2 लाख की जनसंख्या इस ब्लॉक की है जिसमे महिलाओं की संख्या अधिक है दुर्भाग्य की बात है कि इनके लिए एक महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नही है इसी तरह छोटे शिशुवों के लिए एक भी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नही है इस वजह से विशेष करके महिलाओ को समस्या से गुजरना पड़ता है ।

नशे की ओर खींची चली जा रही युवा पीढ़ी

खेत और सुनशान जगह को कर देते हैं मयखाने में तब्दील

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नशे की लत से आज युवा वर्ग नही बच पा रहा है। चौक-चौराहो व सूनशान जगहो पर जाम छलकाते नजर आ जाते है। तो साथ ही तलाबो के आस-पास शाम होते ही नशेडियो का जमवाडा लगना शुरू हो जाता है। शहर की ही बात करे तो तलाबो और मैदानी क्षेत्रो में आय दिन शराबी दिख ही जाते है। वर्तमान समय में खेत की ओर देखा जाए तो डिस्पोजल सहित पानी पाउच व टेस्टी व चिप्स के रेपर पडे रहते है। जिससे खेतो की उर्वरकता मे भी कमी आती है। शराब की गंध जिले से नही बल्कि ग्रामीण क्षेत्रो से भी आने लगी है षाम होते ही गांव के कुछ स्थान मयखाने की तरह नजर आने लगता है जिला मुख्यालय से लेकर वनांचल तक जाम छलकने लगे है।षराब के कारण गांवो मे भाईचारा बिगड़ रहा है। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगी है। युवाओं के पांव शाम होते ही बहकने लगते है। साथ मे ही स्कूली बच्चे यह सब देख भयभीत होते नजर आ जाते है।

पांडातराई थाना क्षेत्र अंतर्गत के कई गांवो मे आज भी अवैध शराब की बिक्री की जा रही है ऐसा नही है कि अवैध शराब की बिक्री मे यह ही क्षेत्र हो सहसपुर लोहारा क्षेत्र के कई ऐसे गांव है जहां कोचियो के माध्यम से षराब परोसी जा रही है और युवा वर्ग इस नशे मे डूबने लगे है। जिले मे जिन स्थानो मे जनसंख्या के आधार पर शराब दुकाने बंद की गई थी वहीं सबसे ज्यादा शराब की अवैध बिक्री होने की चर्चाएं आ रही है। किसी भी नषे की लत को छोड़ना उतना आसान नही होता है जितना जल्दी लोग नशे को अपने हलक से नीचे उतार लेते है नषे की आदत कुछ इस हद तक गुजरने लगता है कि नशेड़ी अपने इस लाचार आदत को पूरी करने गलत रास्तो पर भी चलने मजबूर हो जाता है। शराब को आज कोचियों के माध्यम से परोसा जा रहा है कोई खुषी मे षराब पी रहा है तो कोई मातम मनाने के नाम पर इसे अपनी हलक से नीचे उतार रहा है और गांव का माहौल इस तरह के नशे के चलते बिगडता जा रहा है और युवावर्ग देखा सीखी मे इस नषे की ओर खींचे चले जा रहे है ऐसा नही है कि इन कोचियो पर कार्रवाई नही की गयी हो कार्रवाही होने के बावजूद आज भी गांवो मे शराब की अवैध बिक्री की जा रही है। जिन स्थानो पर शराब की अवैध बिक्री होती है वह जगह प्रभावित होता ही है साथ मे वहां से गुजरने वाले बच्चो पर भी इसका बुरा असर पड़ने लगता है। ग्रामीण अवैध शराब की बिक्री की शिकायत को लेकर जिला मुख्यालय तक पहुंचते भी है और इन कोचियों पर कार्रवाई भी की जाती है लेकिन यह अवैध शराब बिक्री का यह सिलसीला पूर्ण रुप से थम नही पा रहा है ।

प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित

बोड़ला। त्रिस्तरीय पंचायती राज निर्वाचन 2019 के अंतर्गत बोड़ला जनपद के लिए होने वाले चुनाव के लिए मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में सभी मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है बोड़ला विकासखंड अंतर्गत लगभग 1250 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जो अन्य विकास खंडों में जाकर अपनी ड्यूटी देंगे इसी के अंतर्गत 10 जनवरी 2020 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोड़ला में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी 123 को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती मधु हर्ष देवांगन के द्वारा चुनाव संबंधी निर्देश दिए गए साथ ही मास्टर ट्रेनर के रूप में सहायक संचालक एम के गुप्ता, यू आर चंद्राकर, संजय श्रीवास्तव ,आदित्य श्रीवास्तव ,प्रमोद शुक्ला ,सुजीत गुप्ता ,नंद कुमार सोनी ,नरेंद्र कुलमित्र, एल एस कंवर, सुरेश मानकर, अरुणाभ झा, फगूराम डिंडोरे ,गुरुदत्त दुबे ,संतोष पांडे, मालिक राम ठाकुर, जलेश चंद्रवंशी ,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष वर्मा, एस एल पनद्रो, सभी सेक्टर ऑफिसर तथा राजेश तिवारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे

एनएसयूआई ने रक्तदान कर मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगर के अग्रणीय शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में स्वामी विवेकानंद जयंती भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा मनाया गया। युवाओ के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद का सर्वप्रथम पूजा-अर्चना माल्यार्पण कर तिलक लगाया गया। युवा कांग्रेस कार्य.जिलाध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने बताया कि स्वामी जी मानवता के प्रति लगाव रखते थे,मानव सेवा ही उनका धर्म था,मनुष्य सेवा को ईश्वर सेवा मानते थे,स्वामी जी के विचारो को अपनाते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो,उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये। एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि स्वामी जी युवाओ के प्रेरणा स्रोत महान दार्शनिक शिक्षाविद है,स्वमी विवेकानंद जी चाहते थे कि भारतीय युवाओ का धार्मिक,शाररिक,मानसिक,बौद्धिक सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास किया।साथ ही उस समय के महिला की दयनीय स्थिति देखकर उनके शिक्षा,सम्मान के लिए आवाज उठाया।ताकी आदर्श संस्कृतिक महिला बने। और धैर्यवान, बलवान, वीरपुत्रो को जन्म दे,हमारा समाज और राष्ट्र का विकास हो।इस प्रकार स्वामी जी हर क्षेत्र में युवाओ,महिलो जनमानस को एक ऐसी मंत्र दी और भारती संकृति को पुरे विश्व में फैलाया स्वामी जी ने सन्देश।

अधिकृत प्रत्याशी के लिए बन रही परेशानी, अनाधिकृत प्रत्याशी कर रहे दिग्गजों की तस्वीर का उपयोग

कवर्धा। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव अब रोचक होते जा रहा है। मजेदार बात यह है कि जिन प्रत्याषियो के नाम पर पार्टी ने मुहर नही लगाई वो प्रत्याषी भी पार्टी के दिग्गजो की तस्वीर लगाकर जोर-षोर से प्रचार्य प्रसार कर रहे है। अब मतदाता भी उलझन मे पडे हुए है। कि किस पार्टी से कौन दावेदारी कर रहा है। दरासल वर्तमान स्थिति में जहां कुछ दावेदारो के नाम पर पार्टीयो ने मुहर नही लगाई थी। और उनसे अनुरोध भी किया गया था कि नाम वापस लेते हुए उस प्रत्याषी का समर्थन करे जिसे पार्टी ने अधिकृत करते हुए चुनावी रणभूमि पर उतारा है। लेकिन इस आदेष और अनुरोध का कुछ दावेदारो पर कोई असर ही नही हुआ।

कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने सुनी लोकवाणी

अम्बिकापुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मासिक रेडियो वार्ता ''लोक वाणी'' के छठवीं कड़ी के प्रसारण को आज गंगापुर स्थित कन्या शिक्षा परिसर के छात्रावास में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने उत्साह के साथ सुना। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी के छठवीं कड़ी में ''सेवा और जतन के एक साल'' विषय पर सरकार के कार्यों तथा उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंनें स्वामी विवेकानन्द के जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित युवा महोत्सव पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द छत्तीसगढ़ में करीब दो वर्षो तक रहे थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एक समय में सबसे लम्बे समय तक ठहरे थे। श्री बघेल ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी के विचार किसी एक धर्म, जाति, सम्प्रदाय के लिए न होकर समग्र मानव जाति के कल्याण के लिए था।

कहीं म्यूजियम में न चले जाए छत्तीसगढ़ के वाद्ययंत्र !

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के वाद्ययंत्रो की एक अलग ही पहचान है जब इन वाद्ययंत्रो को बजाया जाता था तो लोग आसानी से समझ जाते थे कि गांव मे कौन सा कार्यक्रम हो रहा है,वहीं ब्याह मे बेटी की बिदाई पर इनकी धून को सुन सहज ही आंखो से आंसु छलक आता था छत्तीसगढ की पारंपरिक धून जहां लोगो को थिरकने पर मजबूर कर देती थी वहीं बिदाई के समय लोगो की आंखे नम हो जाती थी । चिंकारा की धून और निषान (गडवा बाजा) की थाप और मोहरी लय अब आधुनिकता की दौर लुप्त होते जा रही है आने वाले दस वर्षो मे कहीं ऐसी स्थिती बनी रही तो ये वाद्ययंत्र म्युजियम मे षोभा बढ़ाते नजर आते आयेगी, छत्तीसगढ की परंपरागत अनुसार ब्याह मे इन्ही षहनाईयों का उपयोग किया जाता रहा पुराने बुर्जुग भी इन परंपरो को बनाये रखने नई पीढी को सिखा रहे है लेकिन आधुनिकता युवाओ पर पुरी तरह से हावी हो चुका है आज जहां ब्याह मे डीजे का प्रयोग किया जाता है वहीं छत्तीसगढ़ की भडौनी गीत भी लुप्त हो रही है। बुर्जगों की माने तो छत्तीसगढ़ की यह वाद्ययंत्र सहज ही लोगो को अपनी ओर आर्कषित करती थी इस धून की लय मे ध्वनि प्रदुषण भी नही होता था बल्कि लोग इसकी लय मे गुनगुनाते हुए रम जाते थे इन वाद्ययंत्रो को बजाने वाले लोगो का पहनावा ही आर्कषित कर इनकी पहचान बताती थी सिर पर जहां लाल गुलाबी सफेद हरे रंग की कलंगी लगाते थे वहीं कमर पर घुंघरु का पट्टा बांधे रहते थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अब खेलबो... जीतबो....

विवेकानंद की याद में खोलेंग स्कूल व संस्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर महीने से ही इस प्रतियोगिता की शुरुआत हो चुकी थी, जो आज प्रदेश स्तर पर सबके सामने है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विवेकानंद से जुड़ी कई स्मृतियां मौजूद हैं, रायपुर में उन्होंने कई साल गुजारे। वहीं विवेकानंद की यादों के संजोने के लिए रायपुर के अलावा नारायणपुर और कई अन्य जिलों में संस्थान और स्कूल खोलेंगे।

युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह

महोत्सव को लेकर साईंस कॉलेज मैदान पर युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह है। यहां प्रदेश के सभी जिलों से हजारों कलाकार आए हुए हैं। युवा महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, कषि मंत्री रविन्द्र चौबे, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन मंडावी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, महापौर एजाज ढेबर, भारत के सुप्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता विजेन्दर सिंह सहित प्रदेश भर से आए सात हजार युवा और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

यातायात, सुरक्षा और भोजन की भी व्यवस्था

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले प्रतिभागियों के लिए साईंस कॉलेज मैदान आने एवं जाने के लिए 195 बसों की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 7000 से अधिक प्रतिभागियों के भोजन की व्यवस्था के लिए तीन विशाल डोम बनाए गए है, प्रत्येक डोम में एक साथ 2000 लोगों की खाने की व्यवस्था रहेगी। महोत्सव के दौरान कानून व्यवस्था और सुरक्षा के लिए 3000 से अधिक जवान तैनात रहेंगे। मुख्य मंच के बगल में मीडिया सेंटर भी बनाया गया है। मीडिया सेंटर के बगल में ही पुलिस सहायता केंद्र बनाया गया है। इसी के नजदीक ही आपात चिकित्सा केंद्र होगा जहां चिकित्सकों का दल तैनात रहेगा। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कंट्रोल रूम भी यहां मनाया गया है।

त्राल में मुठभेड़...

जानकारी के मुताबिक, भारतीय सेना को खुफिया इनपुट्स के जरिए पुलवामा में तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इंटेलिजेंस इनपुट्स के आधार पर सेना की राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने त्राल में एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया। रविवार सुबह शुरू हुई इस मुठभेड़ में दोपहर 2 बजे के आसपास 3 आतंकियों को मार गिराया गया। इसके बाद सेना ने गुलशनपोरा इलाके में एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों के शव बरामद करने के बाद सेना यहां पर बड़ा तलाशी अभियान चला रही है। पुलिस के मुताबिक, मारे गए आतंकियों में एक आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और दो हिज्बुल मुजाहिदीन के लिए काम करते थे।

प्रेसिडेंट पुलिस मेडल विजेता है डीएसपी-डीएसपी का नाम देविंदर सिंह है। वह प्रेजिडेंट पुलिस मेडल विजेता है और आतंकियों के खिलाफ प्रभावी ऑपरेशन की वजह से उसे इंस्पेक्टर के पद से प्रमोट करके डीएसपी बनाया गया था। अफजल गुरु के मामले में भी उसका नाम चर्चा में आया था। दिल्ली के लिए निकली कार से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

बोले कम, काम ज्यादा...

निर्देश देने के लिए स्वतंत्र है। अगर आप पीओके पर कार्रवाई करने के लिए इतने ही इच्छुक हैं, तो मेरी सलाह है कि आप सीडीएस और पीएमओ से बातचीत करें। कम बोलें, काम ज्यादा करें।' बता दें कि शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए सेना प्रमुख ने कहा था, 'जहां तक पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की बात है तो पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा होने संबंधी संसद का कई साल पुराना प्रस्ताव है। अगर संसद चाहेगी कि वह हिस्सा भी हमारा होना चाहिए और अगर इसका आदेश हमें मिले तो निश्चित तौर पर हम कार्रवाई करेंगे।

रायपुर समेत देशभर...

कहा कि रायपुर स्थित रेलवे प्रतिष्ठानों पर भी ड्रोन हमले की आशंका जताई गई है। इस संबंध की सूचना प्राप्त होने पर आरपीएफ की ओर से अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि खमतराई थाने को पत्र लिखकर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई है। चंद्रा के मुताबिक हालांकि आरपीएफ को प्राप्त पत्र में यह नहीं बताया गया है कि ये हमला किसके द्वारा किया जा सकता है। लेकिन आरपीएफ रेलवे प्रतिष्ठानों के आसपास ड्रोन संबंधी कोई भी गतिविधि नजर आने पर तुरंत एक्शन के लिए तैयार है। वैगन रिपेयर शॉप,जनरल स्टोर, डिपो, एक्सचेंज यार्ड आदि में अज्ञात ड्रोन से हमला हो सकता है।

पीएम मोदी के कार्यक्रम से...

इस मुलाकात पर उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा था। लेफ्ट संगठनों ने मोदी से ममता की मुलाकात का विरोध करते हुए उनपर सीएए के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करने का आरोप लगाया था। इस पर वामपंथी छात्र संगठनों ने कहा था कि जब पूरा राज्य मोदी सरकार के लाए गए इस कानून का विरोध कर रहा है तो ऐसे में सीएम को उनसे मिलने की क्या जरूरत थी? लेफ्ट स्टूडेंट्स ने टीएमसी के धरना स्थल के बगल में ही प्रदर्शन किया था।

पीटर इंग्लैंड ने डियोडरेंट रेंज के लॉन्च के साथ ग्रूमिंग सेगमेंट में रखा कदम

रायपुर। आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मेंसवियर ब्रांड पीटर इंग्लैंड ने पुरुषों के ग्रूमिंग सेगमेंट में कदम रखा है। ब्रांड ने अपनी उत्पाद श्रृंखला में प्रीमियम डियोडरेंट के 8 विशिष्ट वैरिएंट्स का अनावरण किया है, जोकि आधुनिक भारतीय पुरुषों के लिए आवश्यक ऐक्टिववियर का अभिन्न हिस्सा होने का वादा करता है। अरोमा प्रोटेक्ट की अनूठी प्रॉपर्टी से युक्त प्रत्येक वैरिएंट 12 घंटों से ज्यादा समय तक भीनी-भीनी सुगंध बिखेरता है और कीटाणुओं एवं बैक्टीयरिया से शरीर की रक्षा करता है और इस प्रकार पूरे दिन ताजगी से भरपूर सुगंध प्रदान करता है।

प्रत्येक 8 वैरिएंट की कीमत 199 रुपये है और यह वैरिएंट है

एक्वा, फ्लोरिश, लेजेंड, ओरिएंटल, सेंसुअल, स्पाइसी, स्पोर्टी और वुडी। इनमें से प्रत्येक सुगंध व्यक्ति को खुशबू की एक अलग दुनिया में ले जाती है, जिसमें उसका अस्तित्व घुलने-सा लगता है। इनमें से हर खुशबू एक अनूठी ऊर्जा देती है, जिससे व्यक्ति को हर दिन चुनौतियों से लड़ने की ताकत मिलती है। इसका उपयोग करने वाले एक अलग स्टाइल के साथ पसीने को दरकिनार करते हुए सक्रिय और तरोताजा दिख सकते हैं। वर्तमान में 500 से अधिक ब्रांड आउटलेट्स और अन्य स्टोर्स में उपलब्ध ये रेंज शानदार पैकेजिंग में पेश की गई है। इसे उत्पाद के प्रदर्शन और समग्र उपयोक्ता अनुभव दोनों को बेहतरीन बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे बेहद स्लीक और आधुनिक लुक दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

मलाइका अरोड़ा ने अपनी फिटनेस का बताया राज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने अपनी फिटनेस का राज साझा किया है।

मलाइका अरोड़ा हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह नियमित अंतराल पर अपने इवेंट्स या फिटनेस वीडियो सोशल मीडिय पर शेयर करती हैं। एक बार फिर मलाइका अरोड़ा ने अपना वीडियो शेयर किया है, जो खूब वायरल हो रहा है। मलाइका अरोड़ा इस वीडियो में अपने डाइट के बारे में बता रही हैं। उन्होंने इस बार भी फैन्स को यह सलाह दी है कि वे खुद को कैसे फिट रख सकते हैं। उन्होंने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।

मलाइका के इस वीडियो को लोग खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट के जरिए अपना रिएक्शन भी दे रहे हैं।

QUIZ TIME

1) ऐब्सोल्यूट............ में इंटरनेट पर फाइल का सम्पूर्ण पता होता है। (यूआरएल / जावास्क्रिप्ट)
2) निम्न हिमालय और......... के बीच में स्थित लम्बवत् घाटी को दून के नाम से जाना जाता है।
3) .... को प्रति इकाई परिवर्ती आगत के रूप में परिभाषित किया जाता है।
4) ड्रोन से समान की डिलीवरी की अनुमति देने वाला विश्व का पहला देश बना-
(क) आस्ट्रेलिया (ख) क्यूबा (ग) चील
5) ओमान के सुल्तान का नाम बताए जिनका हाल ही में निधन हो गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) यूआरएल (2) शिवालिक (3) औसत उत्पाद (4) आस्ट्रेलिया (5) काबूस बिन सईद अल सईद

जब एक-दूसरे से नजर नहीं हटा पा रहे थे कार्तिक और सारा

सारा अली खान और कार्तिक आर्यन को एक फिल्म प्रॉडक्शन कंपनी के बाहर स्पॉट किया गया। पपराजी ने दोनों की कई तस्वीरें क्लिक कीं। दोनों एक-दूसरे से हंसते हुए बात कर रहे थे। बॉलिवुड में कार्तिक आर्यन और सारा अली खान काफी चर्चित सिलेब्स में से एक हैं। जब दोनों रिलेशनशिप में थे तो आए दिन दोनों सुर्खियों में रहते थे। ब्रेकअप होने के बाद भी दोनों काफी चर्चा रहते हैं। हाल ही में दोनों ऐक्टर्स को एक साथ स्पॉट किया गया। दोनों की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। सारा अली खान और कार्तिक आर्यन को एक फिल्म प्रॉडक्शन कंपनी के बाहर स्पॉट किया गया। पपराजी ने दोनों की कई तस्वीरें क्लिक कीं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि दोनों एक-दूसरे से हंसते हुए बात करते हुए नजर आ रहे हैं। कार्तिक आर्यन ने वाइट शर्ट और नेवी ब्लू ब्लेजर और पैंट के साथ वाइट स्नीकर पहने हुए थे। वहीं, सारा अली खान वाइट कलर की आउटफिट में नजर आईं। वहीं, ऐक्ट्रेस बिना मेकअप के भी काफी खूबसूरत लग रही थीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सारा अली खान इम्तियाज अली की फिल्म 'आजकल' में दिखाई देंगी। फिल्म उनके साथ कार्तिक आर्यन होंगे। वहीं इसके अलावा वह वरुण धवन के साथ फिल्म 'कुली नंबर 1' में भी दिखाई देंगी।

सलमान के साथ काम करेंगी कृति सैनन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन 'कभी ईद कभी दीवाली' फिल्म में सलमान खान के साथ काम करती नजर सकती है। सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। सलमान ने अपनी अगली फिल्म 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' पर काम शुरू कर दिया है। यह फिल्म ईद 2020 में रिलीज होगी। इस बीच उनकी एक और फिल्म कभी ईद कभी दीवाली की घोषणा हो गई है। सलमान ने इसकी जानकारी ट्विटर पर दी और बताया कि यह फिल्म वह 'किक' के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के साथ मिलकर बना रहे हैं। सलमान ने बताया कि फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी करेंगे और यह वर्ष 2021 में ईद पर रिलीज होगी। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म के लिए ऐक्ट्रेस की तलाश कर रहे हैं और वह कृति सैनन को कास्ट करना चाह रहे हैं।

सलमान को लेकर डासिंग डैड बनायेंगे रेमो डिसूजा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड निर्देशक रेमो डिसूजा दबंग स्टार सलमान खान को लेकर फिल्म डांसिंग डैड बना सकते हैं। समलान खान और रेमो डिसूजा फिल्म 'रेस 3'में एक साथ काम कर चुके हैं। चर्चा है कि सलमान और रेमो एक बार फिर साथ में काम करते नजर आ सकते हैं। फिल्म का नाम होगा डांसिंग डैड और इसमें रेमो एक बार फिर से सलमान खान को निर्देशित करते नजर आ सकते हैं। रेमो डिसूजा ने कहा, हम सलमान खान के साथ डांसिंग डैड नामक एक फिल्म करने जा रहे हैं। मेरे पास स्क्रिप्ट भी है और जब भी वह कहेंगे कि उनके पास समय है, हम इस पर काम शुरू करेंगे। मुझे खुशी है कि सलमान ने रेस 3 फिल्म के निर्देशन के लिए मुझे चुना था।

इंडियन क्रिकेट प्लेयर झूलन गोस्वामी की बायॉपिक करेंगी अनुष्का शर्मा

पिछले एक साल से ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा बड़े पर्दे से गायब हैं। दिसंबर 2018 में उनकी फिल्म 'जीरो' रिलीज हुई थी। उसके बाद से न तो उन्होंने किसी फिल्म में काम किया है और न ही अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। अब सुनने में आ रहा है कि अनुष्का अब स्पोर्ट्स बायॉपिक करने की तैयारी कर रही हैं। पिछले एक साल से ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा बड़े पर्दे से गायब हैं। दिसंबर 2018 में उनकी फिल्म 'जीरो' रिलीज हुई थी। उसके बाद से न तो उन्होंने किसी फिल्म में काम किया है और न ही अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। अब सुनने में आ रहा है कि अनुष्का अब स्पोर्ट्स बायॉपिक करने की तैयारी कर रही हैं। कुछ हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह बायॉपिक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी पर आधारित है और अनुष्का इसमें लीड रोल में होंगी। हालांकि जबकि पिछले काफी समय से अनुष्का ने किसी फिल्म की घोषणा नहीं की है तो यह भी कहा जा रहा है कि शायद विराट-अनुष्का अपना परिवार बढ़ाने पर भी विचार कर रहे हैं।

प्राइवेट कंपनियां चलगाएंगी ट्रेनः पीयूष गोयल बोले, रेल के विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए जरूरी

- **कुछ यात्री गाड़ियां अशोक कुमार के गीत 'रेलगाड़ी' की तर्ज पर छुक-छुक चलती हैं: गोयल**
- **रेलमंत्री ने कहा, अगले 12 साल में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश जुटाने का लक्ष्य तय किया है**

इंदौर। रेलवे क्षेत्र में बड़ा निवेश जुटाने को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अपनाए जाने पर जोर देते हुए रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र का सहयोग बेहद जरूरी है। गोयल ने यहां मीडिया से कहा, 'कुछ यात्री गाड़ियां आज भी अशोक कुमार के गीत 'रेलगाड़ी' की तर्ज पर छुक-छुक करके चलती हैं। हम देश भर में धीमी गति की रेलगाड़ियों का जमाना खत्म करके उसी तरह तेज रफ्तार से चलने वाली मेमू रेलगाड़ियां और बिजली चालित अन्य सवारी रेलगाड़ियां चला सकेंगे, जैसे मुंबई के उपनगरीय इलाकों में यात्री ट्रेनें चलाई जा रही हैं।'रेल मंत्री ने रेलवे को निजी क्षेत्र के लिए खोलने के प्रस्तावों की पैरवी करते हुए यह बात कही। इन प्रस्तावों के विरोध के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा, 'आम लोग हल्ला नहीं कर रहे हैं। शायद आपको कहीं और हल्ला दिख रहा है। लोग तो इस बात का स्वागत कर रहे हैं कि भारतीय रेल नए युग में प्रवेश कर रही है।'

12 साल में 50 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्यः पीयूष गोयल ने बताया कि रेल मंत्रालय ने देश भर में रेलवे ढांचे के विस्तार और आधुनिकीकरण के जरिए यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों में सुविधाएं बढ़ाने के लिए अगले 12 साल में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश जुटाने का लक्ष्य तय किया है। गोयल ने कहा, 'रेलवे और सरकार के बजट में इतना वित्तीय प्रावधान संभव नहीं है जिससे इस बड़े निवेश लक्ष्य को हासिल किया जा सके। लिहाजा स्वाभाविक रूप से हमें पीपीपी मॉडल के आधार पर काम करना ही होगा।'

'सरकार के हाथ में ही रहेंगे रेलवे के सूत्र': रेल मंत्री ने हालांकि रेलवे के निजी हाथों में चले जाने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा, 'भारतीय रेल इस देश और इसके लोगों की धरोहर है और यह धरोहर आगे भी बनी रहेगी और रेलवे के सूत्र सरकार के ही हाथों में रहेंगे।' मीडिया से बातचीत से पहले, गोयल ने पड़ोस के उज्जैन शहर में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए।

तिमाही नतीजों, महँगाई के आँकड़ों पर होगी निवेशकों की नजर

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक कारकों के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह बढ़त रही। आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों के साथ खुदरा एवं थोक महँगाई तथा आयात-निर्यात के आँकड़ों पर होगी।

गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 135.11 अंक यानी 0.33 प्रतिशत बढ़कर 41,599.72 अंक पर पहुँच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.18 अंक यानी 0.25 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 12,256.80 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण सोमवार को बाजार में गिरावट देखी गयी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम बयान के बाद विदेशी बाजारों के साथ-साथ घरेलू बाजारों में भी तेजी लौट आयी। सप्ताह के पाँच कारोबारी दिनों में तीन दिन बाजार बढ़त में बंद हुआ जबकि सोमवार और बुधवार को गिरावट रही।

मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। बीएसई का मिडकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 15,132.86 अंक पर और स्मॉलकैप 1.20 फीसदी की बढ़त में 14,118.94 अंक पर पहुँच गया।

आने वाले सप्ताह में एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी दिग्गज कंपनियों के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। इनके अलावा कई अन्य बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम भी आने हैं। खुदरा एवं थोक महँगाई के आँकड़े भी आने वाले सप्ताह में जारी होने हैं। निवेशकों की नजर इन सभी कारकों पर रहेगी।

बजट में जनरल बीमा कंपनियों में पूंजी डालने की घोषणा कर सकती हैं सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी आम बजट में सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के लिए दूसरे दौर की पूंजी डालने की घोषणा कर सकती हैं। ऐसी कंपनियों की वित्तीय सेहत सुधारने के लिए सरकार यह कदम उठा सकती है। सरकार ने पिछले महीने 2019-20 के लिए पहली अनुदान के लिए अनुपूरक मांग में तीन बीमा कंपनियों- नैशनल इंश्योरेंस, ओरियंटल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस में 2,500 करोड़ रुपये डालने की घोषणा की थी।

सूत्रों ने कहा कि इन कंपनियों को तय 'सॉल्वेंसी मार्जिन' के लिए 10,000 से 12,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त जरूरत पड़ेगी। सूत्रों ने बताया कि इस बारे में घोषणा वित्त वर्ष 2020-21 के बजट में की जा सकती है। बजट एक फरवरी को पेश किया जाना है। पूंजी डालने के बाद न केवल इन कंपनियों की वित्तीय सेहत सुधरेगी, बल्कि उनके विलय का रास्ता भी खुल सकेगा। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2018-19 में घोषणा की थी कि तीनों कंपनियों का एक इकाई के रूप में विलय किया जाएगा। हालांकि, इन कंपनियों का विलय कई कारणों मसलन उनकी खराब वित्तीय सेहत की वजह से नहीं किया जा सका था।

पाँचवें सप्ताह जारी रही सोने में तेजी

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में पीली धातु में रही तेजी का असर पिछले सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार पर भी देखा गया और सोना 380 रुपये की साप्ताहिक बढ़त में 41,670 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। यह लगातार पाँचवाँ सप्ताह है जब स्थानीय बाजार में सोन की कीमत बढ़ी है। इन पाँच सप्ताह के दौरान यह 2,570 रुपये महँगा हो चुका है। बीते सप्ताह इसमें भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। बुधवार को यह 42,300 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुँच गया था। हालाँकि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने से अगले ही दिन 1,160 रुपये टूट गया। चाँदी में विदेशों में नरमी रही जिससे स्थानीय बाजार में भी यह 475 रुपये लुढ़ककर सप्ताहांत पर 48,025 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी।

वाहन उद्योग में तेजी लौटने की उम्मीद, टोयोटा किर्लोस्कर ने जताई उम्मीद

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को इस साल की तीसरी तिमाही से वाहन उद्योग में तेजी लौटने की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि एक अप्रैल से नये उत्सर्जन मानक भारत चरण-छह (बीएस-छह) लागू होने जा रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ता नयी उत्सर्जन प्रौद्योगिकी तथा इसके कारण लागत में हुई वृद्धि को समझने की कोशिश करेंगे। कंपनी ने हाल ही में अपने लोकप्रिय बहुद्देशीय वाहन (एमपीवी) इनोवा क्रिस्टा का भारत चरण-छह संस्करण पेश किया है। कंपनी इस महीने के अंत तक या अगले महीने की शुरुआत में फॉर्च्यूनर जैसे मॉडलों का डीजल संस्करण भी बाजार में उतारने लगेगी।

पेट्रोल 11 पैसे, डीजल छह पैसे सस्ता

नयी दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल के दाम में लगातार तीन दिन वृद्धि के बाद रविवार को गिरावट देखी गयी।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 11 पैसे सस्ता होकर 75.90 रुपये प्रति लीटर रह गया। यह 17 दिसंबर 2019 के बाद पहला मौका है जब पेट्रोल की कीमत कम हुई है। इस दौरान इसमें या तो तेजी या टिकाव रहा।

दिल्ली में डीजल की कीमत भी छह पैसे घटकर 69.11 रुपये प्रति लीटर पर आ गयी। इसके दाम भी 24 नवंबर 2019 के बाद पहली बार घटे हैं। इससे पहले लगातार तीन दिन दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़े थे।

मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में भी पेट्रोल 11-11 पैसे सस्ता होकर क्रमशः 81.49 रुपये, 78.48 रुपये और 78.87 रुपये प्रति लीटर रह गया। डीजल कोलकाता में छह पैसे, मुंबई में सात पैसे और चेन्नई में पाँच पैसे सस्ता हुआ। एक लीटर डीजल की कीमत आज कोलकाता में 71.48 रुपये, मुंबई में 72.47 रुपये और चेन्नई में 73.05 रुपये रही।

खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूँ, चना, चीनी महँगी, दालों में घटबढ़

नयी दिल्ली (वार्ता) वैश्विक बाजारों में खाद्य तेलों में मिश्रित रुख के बीच बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में इनमें टिकाव रहा। वहीं, चना, चीनी और गेहूँ के भाव बढ़ गये जबकि गुड़ में नरमी देखी गयी। दालों में घटबढ़ रही।

तेल-तिलहन : समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों में घटबढ़ रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट चढ़कर 3,136 रिंगिट प्रति टन पर पहुँच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 सेंट की गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 34.38 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

स्थानीय बाजार में आलोच्य सप्ताह के दौरान आवक और उठाव में संतुलन रहने से सरसों तेल, मूँगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया तेल, पाम ऑयल और वनस्पति के भाव अपरिवर्तित रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 11,722, मूँगफली तेल 13,919, सूरजमुखी 10,989, सोया रिफाइंड 11,429, पाम ऑयल 10,259 और वनस्पति 10,056 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

जन प्रतिनिधियों से लेकर आमजन, सब ने कहा- सीएम ने दी बेहद अहम जानकारी

■ बालोद में नपा अध्यक्ष की अगुवाई में उत्साह पूर्वक सुनी गई लोकवाणी

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की रेडियोवार्ता लोकवाणी की छठवीं कड़ी को आज उत्साहपूर्वक सुना गया। नगर पालिका परिषद बालोद के प्रांगण में मुख्यमंत्री की रेडियोवार्ता लोकवाणी को आज सामूहिक रूप से जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, युवाओं सहित सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सुना और कार्यक्रम की सराहना की। मुख्यमंत्री की रेडियोवार्ता को सुनकर नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष श्री विकास चोपड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के एक वर्ष के कामकाज की जानकारी दी और ग्रामीणों, किसानों और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य कमजोर तबकों को राज्य के विकास के साथ जोड़ने, शिक्षा से रोजगार तक युवाओं को सर्वांगीण विकास के अवसर देने आदि की जानकारी दी वह सराहनीय है। पार्षद श्री बिरझू राम ठाकुर ने रेडियोवार्ता लोकवाणी सुनकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने एक जनवरी 2020 से स्वास्थ्य सेवा योजना शुरू करने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 65 लाख परिवारों के प्रत्येक सदस्य के उपचार हेतु डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना शुरू करने की जानकारी दी, वह बहुत उपयोगी है।

आमापारा बालोद के वरिष्ठ नागरिक श्री आर.के.शर्मा ने रेडियोवार्ता लोकवाणी सुनकर कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपयोगी है। मुख्यमंत्री ने आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के सुखद संयोग का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सिंचाई के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी, वह बहुत अच्छा लगा। संजय नगर बालोद के श्री अरमान अश्क ने मुख्यमंत्री के रेडियोवार्ता लोकवाणी सुनकर कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सिंचाई क्षमता के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सिंचाई विकास प्राधिकरण गठन किए जाने की जानकारी दी, वह बहुत सराहनीय है। लोकवाणी कार्यक्रम को श्रवण करने पार्षद श्री सुनील जैन, श्रीमती दिप्ती शर्मा, श्रीमती धनेश्वरी ठाकुर सहित नागरिकगण और अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

■ न्यूज गैलरी

अभाविप कवर्धा ने मनाई स्वामी विवेकानंद जंयती

कवर्धा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कवर्धा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पीजी कॉलेज कवर्धा में स्थापित विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्र्यापण कर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने स्वामी जी के विषय में अपना उद्बोधन दिया। अभाविप कवर्धा के नगर मंत्री प्रवीण वर्मा ने बताया कि इस देष के नौजवान भगवा वस्त्र धारी जिन कपडो से दुनिया परिचित भी नही थी। जिसे विष्व गुलाम भारत के प्रतिनिधि के रूप में देखते थें। लेकिन उनकी आत्मविष्वास में इतनी ताकत थी कि गुलामी की छाया न तो उनके चिंतन में थी, ना व्यवहार में थी और ना ही उनके वाणी मे थी ऐसी कौन सी विरासत उन्होने अपने अंदर संजोये रखा था। कि गुलामी के हजारो वर्षो बाद भी उनके अंदर का आत्मविष्वास उमड रहा था वे है हमारे प्रेरणा स्त्रोत, महान महापुरूष स्वामी विवेकानंद जी। कोई कम उम्र में क्या कर सकता है यह हमे इनकी जीवन षैली से प्रेरणा मिलती है। अगर जीवन में संकल्प का सामर्थ्य हो, संकल्प के प्रति समर्पित भाव हो एंव जीवन आहुत करने की मन में जिज्ञासा हो तो उम्र कोई मायने नही रखती। इस देष में विभिन्न परिवेष मे रहने वाले युवा है जिसके खानपान अलग है, रहन-सहन अलग है, वेषभूषा अलग है, बोली-भाषा अलग है, उसक बावजूद भी सभी युवाओ का एक ही मंत्र होता है जिससे हमे प्रेरणा मिलती है वह है वंदे मातरम, भारत माता की जय।

बोड़ला में धूमधाम से मनाया गया माँ शाकम्भरी महोत्सव

बोड़ला। शाकंभरी जयंती के अवसर पर नगर सहित विकासखंड की अनेक गांव में शाकंभरी जयंती धूमधाम से मनाई गई ।नगर के भोयरा मरार समाज ने शाकंभरी जयंती के अवसर पर कलश यात्रा निकाल कर नगर भृमण कर मां शाकंभरी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर वार्ड नम्बर 14 में नव निर्मित सामाजिक भवन का का लोकार्पण नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री रामचरण साहू, उपाध्यक्ष संतोष अवस्थी ,मरार समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विजय पाटिल सहित नगर के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों एवम गणमान्य नागरिकों सही मरार समाज के सभी बुजुर्ग महिला एवं बच्चों को उपस्थिति में किया गया। जयंती के अवसर पर अपने उद्बोधन में अध्यक्ष सावित्री साहू ने मां शाकंभरी देवी के विचारों को समाज के लोगों के बीच में रखते हुए मरार समाज के सामाजिक भूमिका योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा ।उन्होंने अपने उद्बोधन में ग्राम मोतीपुर से डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुए गोतम पटेल का जिक्र करते हुए समाज के लोगों से प्रेरणा लेने को कहा। अन्य संबोधन में समाज के पर्व प्रमुखों में पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसी पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष विजय पटेल ने भी अपने संबोधन में समाज से योगदान पर प्रकाश डालते हुए अच्छी बातें कहीं ।

लाल पानी से प्रभावित किसानों के लिए जन मुक्ति मोर्चा कर रहा आंदोलन

मजदूर संघ ने दिया हड़ताल को समर्थन

■ जारी है आमरण अनशन मजदूर संघ के नेता भी शामिल हुए

■ मजदूर संघ नेता मुश्ताक अहमद ने प्रबंधन के द्वारा गलत नीति अपनाने का आरोप लगाया

बालोद/दल्लीराजहरा। दल्लीराजहरा भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद के नेतृत्व में भारतीय मजदूर संघ शाखा दल्ली राजहरा खदान के साथियों ने राजहरा शाखा के अध्यक्ष किशोर कुमार मायती के साथ महामाया माइंस से निकलने वाले लाल पानी से प्रभावित कुमुडकट्टा, कोपेडेरा , नलकसा गांव के किसानों की समस्या को लेकर जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के द्वारा आपने चार सूत्री मांगों को लेकर दिनाँक 08/01/2020 से अनिश्चितता कालीन आमरण-अनशन कर आन्दोलन कर रही है

इस अनिश्चित कालीन हड़ताल को समर्थन दिया

हड़ताल स्थल में पहुंच कर, आंदोलनकारीयो की मांग को जायज ठहराते हुए इस आंदोलन का समर्थन की घोषणा किये। इस हड़ताल में शामिल साथियों को संबोधित करते हुए मुश्ताक अहमद ने कहा कि बी

एस पी प्रबंधन के दोहरी नीति के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है कार्य प्रारंभ करने से पहले जब ग्रामीणों से पर्यावरण स्वकृती लेनी होती है तो भी बी एस पी प्रबंधन हर कार्य में लाल पानी से प्रभावित लोगों को कार्य में रखने का वादा करती है और ग्रामीण लोगों को भी कार्य पर रखने का आश्वासन देती हैं मगर जब समय आता है तब प्रबंधन अपने वादे से मुकर जाती हैं और पैसों का लेन-देन कर अन्य लोगों को कार्य पर रखा जाता है जिसका ज्वलंत उदाहरण राजहरा खदान का वह ठेका है जिसमें दो साल के ठेके में 23 माह तक 122 लोग कार्यरत थे मगर कार्य के अंतिम माह में पैसों का लेन-देन कर 24 नये लोगों की भर्ती की गई जबकि इन 24 लोगों का न तो मस्टर रोल में नाम दर्ज था न ही इनको कभी कोई भुगतान किया गया था न ही इनका सीपीएफ इस कार्य में जमा हुआ है मगर उसके बाद भी ग़लत तरीके से बी एस पी प्रबंधन के अधिकारियों की मिलीभगत से इस तरह का भ्रष्टाचार किया गया है संघ का कहना है कि अगर 24 लोगों को कार्य में लिया जाना अति आवश्यक था तो फिर बी एस पी प्रबंधन अपने वादे के अनुसार लाल पानी से प्रभावित लोगों को कार्य में क्यो नहीं लिया,उन ग्रामीण लोगों को कार्य में क्यो नही लिया गया जिनसे प्र्यावरण स्वकृती के समय वादा किया गया था आगे मुश्ताक अहमद ने कहा बी एस पी प्रबंधन द्वारा जानबूझकर समस्याओं को बढ़ाया जाता है जिससे नगर में औद्योगिक आशंति पैदा होती हैं जिसके लिए बी एस पी प्रबंधन पुरी तरह जिम्मेदार हैं साथ ही कहा कि ग्रामीणों को उनका अधिकार मिलना चाहिए जो वादा बी एस पी प्रबंधन के द्वारा किया गया है उसे हर हाल में पुरा करना होगा।

पुस्तक विमोचन समारोह के अवसर पर जुटे प्रदेश के साहित्यकार

बालोद। सरस साहित्यिक समिति गुंडरदेही द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अंचल के ख्यातिलब्ध साहित्यकार विश्राम सिंह चंद्राकर की साहित्यिक कृति 'यक्ष प्रश्न' (कहानी संग्रह)का विमोचन दिनाँक 12जनवरी 2019 रविवार को विमल वैदिक सेवा आश्रम ग्राम पैरी विकासखण्ड गुंडरदेही में आयोजित समारोह में किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथाकार भावसिंह हिरवानी को उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवम कथा साहित्य में योगदान के लिए ÷सरस साहित्य सम्मान÷ एवम साहित्य,कला व शिक्षा में योगदान के लिए वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण कुमार दीप को रामसेवक कौमार्य सम्मान÷ से विभूषित किया गया।साथ ही सजग पत्रकारिता के लिए सरस् पत्रकारिता सम्मान से अश्वनी सिन्हा, कुशल साहू,डिगेन्द्र साहू को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

यक्ष प्रश्न संग्रह पर विश्राम चंद्राकर जी ने अपने भाव रखे।इस कार्यक्रम में मोहन मंडावी जी(सांसद कांकेर लोकसभा) ने मुख्य अतिथि के रूप में विचार रखते हुए साहित्य को साधना बनाया और अभिव्यक्ति के द्वारा समाज के नवसृजन का स्रोत बताते सभी साहित्यकारो को शुभकामनाएं दी ,स्वामी आत्माराम जी कुम्भज(महर्षि मुक्ताश्रम हथौद),जगदीश देशमुख सम्पादक मानस मंजूषा ,राजेन्द्र ठाकुर (शिक्षाविद व साहित्यकार)सहित प्रख्यात लोकसाहित्यकार सीताराम जी श्याम,हृदय राम सोरी,छगन लाल यदु अतिथि के रूप में मंचीय शोभा बढाते हुए सरस साहित्य समिति के सदस्यों को बधाई दी।कार्यक्रम में स्वागत भाषण विमल वैदिक सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष पी आर साहू ने रखा।अभिनंदन पत्र वाचन सरस् साहित्य समिति के अध्यक्ष द्रोणकुमार सार्वा ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित समस्त साहित्यकारों को मुख्य अतिथि ने श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन श्री केशव साहू संरक्षक सरस् साहित्य समिति गुंडरदेही ने किया।

नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार

■ स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग,वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर लेते थे पैसा

■ 11,05000 रुपये की धोखाधडी नौकरी के नाम पर

■ गुंडरदेही थाना में 420 का मामला दर्ज, दोनों आरोपी को रिमांड पर ले भेजा गया जेल

बालोद/गुंडरदेही। गुंडरदेही थाना क्षेत्र का मामला प्रार्थी नकुलराम साहू पिता दीनदयाल साहू उम्र 55 वर्ष ग्राम देवरी थाना बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि माह अगस्त 2017 को शब्बीर खान निवासी मारी बंगला देवरी व सुभाष चंद्राकर निवासी बघमरा थाना गुंडरदेही व रौशन मिश्रा के द्वारा नकुलराम साहू के

लड़के अरविंद साहू को स्वास्थ्य विभाग में प्यून पद पर नौकरी लगाने के नाम पर व लड़की सुषमा को शिक्षा विभाग में शिक्षाकर्मी के पद पर काम मे लगाने 8,55000 रुपये लेकर धोखाधडी करने वही मारी बंगला निवासी डेमनलाल मानकर को वन विभाग में वनरक्षक गार्ड की नौकरी लगाने के नाम पर शब्बीर खान के माध्यम से सुभाष चंद्राकर व रौशन मिश्रा निवासी कुथरेल के द्वारा 2,50000 रुपये की धोखाधड़ी किया गया है इन तीनो के द्वारा अलग अलग व्यक्तियों से नौकरी लगाने के नाम पर कुल 11,05000 रुपये का धोखाधड़ी किया गया है रिपोर्ट पर थाना गुंडरदेही में मामला कायम कर जांच में लिया गया मामले के आरोपी शब्बीर खान पिता अकरम खान उम्र 32 वर्ष ,सुभास चन्द्राकर पिता घनश्याम चंद्राकर उम्र 40 वर्ष अन्य आरोपी रौशन मिश्रा जो कि फरार है उसकी तलाश की जा रहा है।

शिक्षक कमल कांत शिक्षा दूत अलंकरण से सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यो के चलते विकासखण्ड डौण्डी लोहारा के संकुल केंद्र बड़गाँव में पदस्थ शासकीय प्राथमिक शाला बड़गाँव मे अपनी सेवा दे रहे शिक्षक कमल कांत साहू को शैक्षणिक कार्यो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण (शिक्षा दूत) सम्मान से सम्मानित किया गया ।गत दिनों जिला शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी आर एल ठाकुर द्वारा शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र व पाँच हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है कि शिक्षक कमल कांत साहू शाला के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत है,उनको कक्षा अध्यापन में नवाचार करने पर, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, श्रेष्ठ अध्यापक, छात्र मूल्यांकन ,अध्यापन का परिणाम, शिक्षक की उपलब्धि, शालेय गतिविधियों में शिक्षक का योगदान ,सामुदायिक सहभागिता, शैक्षणिक वातावरण,बागवानी, स्वच्छता, डिजिटल क्लास संचालन,शाला त्यागी बच्चों को दुबारा मुख्य धारा में लाने हेतु प्रयास इत्यादि क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान दिया गया। इसके पूर्व भी उन्हें विश्व शिक्षक दिवस के दिन स्वप्रेरित शिक्षक समूह द्वारा आयोजित कार्यशाला में संत बाल योगेश्वर रामबालकदास के कर कमलों सेराष्ट्रीय गौरव सम्मान, अनुसूचित जाति विकास परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित कार्यशाला में शिक्षामंत्री द्वारा ज्योतिबा फुले नेशनल टीचर अवार्ड,भारतीय दलित साहित्य अकादमी के प्रांताध्यक्ष द्वारा शिक्षक रत्न समता अवार्ड2019 प्रदाय किया जा चूका है ।शिक्षा दूत अलंकार से अलंकृत होने पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर सी देशलहरा जी, सहायक विकास खंड अधिकारी नवीन यादव, प्रदीप खरे ,संकुल प्राचार्य जीतेन्द्र उइके ,संकुल समन्वयक कामता प्रसाद साहू, राजेश पांडे, जयराम निर्मलकर, यज्ञकुमार देवांगन, बी इंदौरिया, प्रधान पाठक लोकनाथ देवांगन ,राजेश यादव, टिकेंद्र रामटेके ,शैलजा मार्टिन , संतोष देवांगन ,नोमेश्वरी साहू,कादम्बिनी यादव,शिवेंद्र बहादुर साहू ,अमित सिन्हा, रिपुसूदन साकार ,सुरेन्द्र मंडलोई ,तोमन लाल भुआर्य व शाला प्रबंध समिति के सभी सदस्य गण संकुल केंद्र के समस्त प्रधान पाठक ,शिक्षिक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं पालको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अंतराष्ट्रीय युवा दिवस पर स्कूल में विविध आयोजन

बालोद। भारत स्वाभिमान के बैनर तले बालोद जिला के विकासखण्ड डौंडीलोहारा के शासकीय प्राथमिक शाला बड़गाँव के प्रांगण में आज भव्य रूप से स्वामी विवेकानन्द जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी आरदा जी के मार्गदर्शन में ग्राम के 80 युवक युवतियों को सामूहिक रूप से मंत्रोच्चार के साथ सूर्य नमस्कार कराया गया।और स्वस्थ रहने के अनेक नुश्खे बताया गया।जिसे सभी ने ध्यान पूर्वक सुना व समझा। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा भारत युवाओं का देश पूरी दुनिया में हमारा देश युवाओं का देश कहा जाता है। भारत में 35 साल की उम्र तक के 65 करोड़ युवा हैं। इसका मतलब है कि हमारे देश में मानव पावर अधिक है लेकिन जरूरत है उन्हें उचित मार्गदर्शन देने की। ऐसी हालत में आवश्यकता है युवाओं के अच्छी शिक्षा तथा सुविधाओं की जिससे समाज का कल्याण हो सके। देश के निर्माण के लिए, देश की उन्नति के लिए, देश को विश्व के विकसित राष्ट्रों के साथ खड़ा होने के लिए युवा वर्ग को मेधावी और मेहनती होना होगा।

पीलूराम साहू ने इस अवसर पर कहा कि आज के युवाओं को अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की कोशिश करने चाहिए। भविष्य आशावान हो सके इसके लिए समय का सदुपयोग आवश्यक है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा होता है, इसलिए मनोरंजन, मस्ती करें लेकिन पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए। आज के युवा को विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए इससे देश तथा समाज का कल्याण होगा।

कमल कान्त साहू ने इंटरनेशनल यूथ डे की का इतिहास के बारे में बताते हुए कहा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसम्बर 1999 को यह फैसला लिया कि 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन पहली बार साल 2000 में किया गया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1985 में अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया था।

इंटरनेशनल यूथ डे 2020 का संदेश देते हुए संकुल समन्वयक के पी साहू ने कहा पिछले 20 सालों से अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है।

शुरुआत | नगर में हर एक छोटी बड़ी समस्या अब हमारी है : आनंद सिंह

पंडरिया नगर पंचायत अध्यक्ष ने ग्रहण किया पद भार

पंडरिया। नगरपंचायत पंडरिया के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती राजिन सुजीत गायकवार्ड एवं उपाध्यक्ष विशाल शर्मा ने अपना पद भार ग्रहण किया।

उक्त आयोजन में विशेष रूप से क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे,लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह जी,भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जनता कोंग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद सिंह, पंडरिया व्यापारी संघ अध्यक्ष हरिस जैन, सहित कोंग्रेस के भी कई वरिष्ठ नेता व तीनो प्रमुख पार्टी के

कार्यकर्ताओ सहित आम नगरवाशी के गरिमामई उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

हाला की क्षेत्रीय विधायक श्रीमती चन्द्राकर को भी उक्त कार्यक्रम में सम्लित होने के लिए नव निर्वाचित अध्यक्ष के द्वारा उनके घर जाकर उन्हें आमन्त्रित भी किया था पर किसी कारण वश वे आयोजन में उपस्थित नही हो पाई।

पूरे जिले में जोगी कांग्रेस (रबबर) से पंडरिया नगर पंचायत में अपना डंका बजा कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है इस मोहिम में सबसे आगे और पार्टी के लिये पंडरिया में अध्यक्ष बनाने में आपना योगदान देकर कुशल नेतृत्व करने वाले आनंद सिंह के द्वारा समस्त कार्यकर्ताओ और जनता को आस्वस्थ किया है कि नगर में हर एक छोटी बड़ी समस्या अब हमारी है हर सम्भव कार्य अनुरुप उनका मद्दत किया जाएगा।

ब्राम्हण समाज की मासिक बैठक संपन्न

दल्ली राजहरा। लौह अयस्क नगरी में ब्राम्हण समाज दल्ली राजहरा की मासिक बैठक शनिवार 11 जनवरी 2020 को ब्राम्हण समाज अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में ब्राम्हण समाज भवन में सपंन्न हुई। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं के समक्ष कोषाध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने दिसम्बर माह के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तत्पश्चात विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की गई। जिसमें राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2020 को प्रातः 9.00 बजे ब्राम्हण समाज भवप में ध्वजारोहण किया जाएगा व आगामी 23 फरवरी 2020 रविवार को ब्राम्हण समाज का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के संपन्न चुनाव में वार्ड क्र. 03 से श्रीमती सोनी दुबे व वार्ड क्र. 08 से स्वप्रिल तिवारी को वार्डो में मिलें शानदार जीत के लिए बधाई व उस वार्ड के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

■ न्यूज गैलरी

सेरेना ने तीन साल के खिताबी सूखे को समाप्त किया

आकलैंड। अमेरिकी स्टार सेरेना विलियम्स ने रविवार को डब्ल्यूटीए आकलैंड क्लासिक फाइनल में हमवतन खिलाड़ी जेसिका पेगुला को हराकर खिताब अपने नाम किया और इससे मिली इनामी राशि आस्ट्रेलिया के जंगल में लगी आग के पीड़ितों को दान दी। सेरेना ने इस तरह तीन साल के खिताबी सूखे को समाप्त किया और इस महीने होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपन के लिये उम्मीदें बढ़ा दीं जिसमें वह मार्गेट कोर्ट के 24 ग्रैंडस्लैम खिताब की बराबरी करने का प्रयास करेंगी। सेरेना ने पेगुला को 6-3 6-4 से शिकस्त देकर 2017 में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में हासिल किये गये खिताब के बाद पहली डब्ल्यूटीए ट्राफी जीती और मां बनने के बाद यह उनका पहला खिताब है। इससे उन्हें 43,000 अमेरिकी डालर का चेक मिला जो उन्होंने आस्ट्रेलिया के लिये राहत कोष में दान में दे दिया। सेरेना ने कैरोलिना वोज्नियाकी के साथ युगल के फाइनल में भी प्रवेश किया था लेकिन उन्हें अमेरिका की आसिया मुहम्मद और टेलर टाउनसेंड से 4-6 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

ओकसाना-मियू की जोड़ी के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे सानिया-नादिया

होबार्ट। सानिया मिर्जा और उनकी जोड़ीदार नादिया किचेनोक होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में जार्जिया की ओकसाना कलाशनिकोवा और जापान की मियू केटो की जोड़ी से भिड़ेंगी। प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की कवायद में जुटी सानिया का यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारत और युक्रेन की गैरवरीय जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में जार्जिना गार्सिया पेरेज और सारा सोरिबेस तोर्मो की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ना पड़ सकता है। स्पेन की यह जोड़ी 2019 सत्र में तीन डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और दो में खिताब जीतने में सफल रही। सानिया अपने बेटे के जन्म के कारण दो साल के ब्रेक के बाद वापसी कर रही हैं। सानिया ने आस्ट्रेलिया ओपन में हमवतन रोहन बोपन्ना के साथ जोड़ी बनाने का फैसला किया है।

बुमराह को मिलेगा पॉली उमरीगर अवार्ड

मुंबई (वार्ता)। भारत की तेज गेंदबाजी सनसनी जसप्रीत बुमराह को रविवार को बीसीसीआई वार्षिक पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (2018-19) के लिए प्रतिष्ठित पॉली उमरीगर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। विश्व के नंबर एक एकदिवसीय गेंदबाज बुमराह ने अपना टेस्ट पदार्पण भारत के जनवरी 2018 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे में किया था और उन्होंने उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज में एक पारी में पांच-पांच विकेट हासिल किये और यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले और एकमात्र एशियाई गेंदबाज बने। उन्होंने भारत को ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज 2-1 से जीतने तथा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

बुमराह को जहां पुरुष वर्ग में शीर्ष पुरस्कार मिलेगा वहीं पूनम यादव को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार दिया जाएगा। लेग स्पिनर पूनम को पिछले साल अर्जुन पुरस्कार मिला था और अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के पुरस्कार से नवाजा जाएगा। पूर्व भारतीय कप्तानों कृष्णामाचारी श्रीकांत और अंजुम चोपड़ा को क्रमशः कर्नल सीके नायुडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और बीसीसीआई लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड फॉर वुमैन दिया जाएगा। बुमराह को साल 2018-19 में किए गए शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित पॉली उमरीगर अवॉर्ड के साथ-साथ 2018-19 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए दिलीप सरदेसाई अवॉर्ड भी मिलेगा। बुमराह ने अपने करियर में टेस्ट में 62 और वनडे में 103 विकेट चटकाए हैं।

समारोह में टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और मध्य क्रम के बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को भी अवार्ड से नवाजा जाएगा। पुजारा को साल 2018-19 में टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने के लिए दिलीप सरदेसाई अवॉर्ड दिया जाएगा। उन्होंने इस दौरान आठ टेस्ट मैच में 52.07 के औसत से 677 रन बनाए थे। मयंक पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोहरा शतक जमाकर सुर्खियों में आए थे। उन्हें सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

भारत के पूर्व कप्तान कृष्णामाचारी श्रीकांत और अंजुम चोपड़ा को क्रमशः कर्नल सीके नायडू लाइफ्टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और महिलाओं में बीसीसीआई लाइफ्टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। 1983 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य श्रीकांत ने 43 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने दो शतक और 12 अर्धशतकों की मदद से 2062 रन बनाए। 1983 विश्व कप के फाइनल में वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने सर्वाधिक 38 रन बनाए थे। श्रीकांत की बेख़ौफ़ बल्लेबाजी ने उन्हें स्टार बनाया था। श्रीकांत को 1989 में पाकिस्तान दौरे के लिए कप्तान नियुक्त किया गया। यह वही सीरीज थी, जिसमें सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और भारतीय क्रिकेट को उसका बेमिसाल कोहिनूर मिला था। यह सीरीज ड्रॉ रही थी लेकिन इसके बाद उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया था। उन्होंने 1992 विश्व कप के बाद संन्यास ले लिया था। श्रीकांत 2009 से 2012 तक राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष भी रहे। अंजुम चोपड़ा को मिताली राज से पहले भारत की सर्वश्रेष्ठ महिला बल्लेबाज माना जाता था। उन्होंने 12 टेस्ट मैचों में 548 रन बनाए। अंजुम ने इसके अलावा 127 वनडे भी खेले, जिसमें उन्होंने एक शतक और 18 अर्धशतक लगाए। उन्होंने 18 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले।

अंजुम भारतीय टीम के लिए 100 वनडे इंटरनेशनल मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं। करीब 17 साल तक अंजुम ने भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया था और कई वर्ल्ड कप टीम के लिए खेले थे।

युवा खिलाड़ी शेफाली वर्मा को दो अवॉर्ड मिलेंगे। शेफाली को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण अवार्ड मिलेगा। शेफाली ने नौ टी-20 मैचों में 222 रन बनाये हैं। इसके अलावा 2018-19 सत्र में जूनियर घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें जगमोहन डालमिया अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने 46 मैचों में सात शतक और पांच अर्धशतक स?हित वनडे और टी-20 को मिलाकर कुल 1923 रन बनाए हैं। बीसीसीआई केअध्यक्ष सौरभ गांगुली ने इन पुरस्कारों पर कहा, इन पुरस्कारों के जरिए हम मैदान पर आयु वर्ग और सीनियर स्तर पर दिए गए प्रदर्शन के आधार पर हम सम्मानित कर रहे हैं, जिसमें कुछ दिग्गजों का सम्मान भी किया जाना है। मुंबई में ये एक खास शाम होगी, जिसमें सातवां मंसूर अली खान पटौदी लैक्चर भी होना है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वीरेंद्र सहवाग यह लेक्चर देंगे।

भारत की विश्व कप टीम में 15 साल की शेफाली

मुंबई (वार्ता)। स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलिया में 21 फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगी जबकि टीम में 15 साल की शेफाली वर्मा सहित कई युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

भारतीय टीम 2018 में हुए पिछले विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंची थी और इस बार उसका लक्ष्य इससे आगे तक जाना होगा। टीम में कई युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिसमें 15 साल की शेफाली को शामिल किया गया है। शेफाली टीम में 23 वर्षीय उपकप्तान स्मृति मंधाना के साथ पहली पसंद ओपनर हैं। शीर्ष क्रम की एक अन्य खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स भी मात्र 19 साल की हैं। नवोदित रिचा घोष को भी टीम में जगह मिली है। हरियाणा की 15 साल की शेफाली ने अपने करियर में नौ टी-20 मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 222 रन बनाये थे। भारतीय टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया गया है जिसकी अगुवाई लेग स्पिनर पूनम यादव करेंगी। 28 वर्षीय ने पिछले दो वर्षों में 51 विकेट लिए हैं और उन्हें 2018-19 के लिए बीसीसीआई ने सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर घोषित किया है।

हालांकि टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया में हो रहा है लेकिन चयनकर्ताओं ने टीम में तीन तेज गेंदबाज शिखा पांडेय, पूजा वस्त्रकर और अरुंधति रेड्डी को शामिल किया है। टीम से आलराउंडर अनुजा पाटिल और तेज गेंदबाज मानसी जोशी को बाहर किया गया है जबकि लेफ्ट आर्म स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड को टीम में वापस लिया गया है।

राजेश्वरी को नवम्बर में वेस्ट इंडीज दौरे में टीम में नहीं रखा गया है। हाल की चैलेंजर सीरीज में राजेश्वरी ने 5.15 के इकोनॉमी रेट से आठ विकेट लिए थे जबकि पाटिल ने 4.75 के इकोनॉमी रेट से तीन विकेट लिए थे। हरमनप्रीत ने टीम के चुने जाने के बाद कहा, यदि आप हमारी टीम की बात करें तो हमारी टीम की ताकत स्पिन गेंदबाजी है। हमें बस यही देखना है कि हम इनका इस्तेमाल कैसे करेंगे। मुझे लगता है कि इन गेंदबाजों ने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है और जब भी हमें विकेट की जरूरत होती हैं इन्होंने विकेट दिलाये हैं। हमारी ताकत स्पिन है इसलिए हम स्पिन पर टिके हुए हैं। हमारा दृष्टिकोण सकारात्मक है और हमें उम्मीद है कि वे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

पिछले एक साल में टीम से अंदर-बाहर होती रही वेदा कृष्णामूर्ति ने हाल के अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम में जगह बनाई है। वह भारत ए की ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ0-3 की निराशाजनक हार में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रही थीं। उससे पहले एकदिवसीय मैचों में वेदा ने मैच विजयी शतक बनाया था। उन्होंने हाल में 29 गेंदों पर 47 रन बनाकर अपनी टीम को चैलेंजर सीरीज के फाइनल में पहुंचाया था।चैलेंजर सीरीज के फाइनल में पहुंचने वाली भारत बी टीम की सदस्य रिचा को टीम में शामिल किया जाना इस बात का संकेत है कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। 16 साल की रिचा ने मंधाना की कप्तानी में खेलते हुए भारत सी के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में मैच विजयी 25 रन बनाये थे।

विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, वेदा कृष्णामूर्ति, रिचा घोष, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), पूनम यादव, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड, शिखा पांडे, पूजा वस्त्रकर, अरुंधति रेड्डी।

फिट हार्दिक का फिटनेस हुआ ही नहीं तो फेल कैसे : ट्रेनर

मुंबई ए.। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का कोई फिटनेस टेस्ट नहीं हुआ है। यही नहीं, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कभी उनसे फिटनेस टेस्ट के कहा ही नहीं। यह ऑलराउंडर फिट है, लेकिन उनके ट्रेनर एस. रजनीकांत ने फैसला किया है कि पंड्या को अपने गेंदबाजी कार्यभार का परीक्षण करने के लिए अभी प्रशिक्षण जारी रखना चाहिए। यह रजनीकांत का फैसला है कि पंड्या को अभी तक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अधिक कार्यभार से बचना चाहिए।

उन्होंने बताया, 'वह 100 फीसदी फिट हैं। इसमें कोई भी संदेह नहीं है। लेकिन, मैं नहीं चाहता कि इंटरनैशनल मैचों में वह लगातार कार्यभार लें। बीसीसीआई की ओर से पंड्या के लिए कोई भी फिटनेस टेस्ट आयोजित नहीं किया गया था। ऐसे में उनका टेस्ट में फेल संभव ही नहीं है।' बता दें कि पंड्या न्यूजीलैंड दौरे पर जाने वाली टीम में शामिल थे, लेकिन शनिवार को उनकी जगह विजय शंकर को भेजने का फैसला किया गया। यही नहीं, वह सीनियर टीम में भी इस दौरे पर नहीं जा सकेंगे।

आराम से पास कर सकते हैं यो-यो टेस्ट

रजनीकांत ने यो-यो टेस्ट के बारे में बात करते हुए कहा, 'सिर्फइसलिए कि उन्होंने किसी फिटनेस टेस्ट में हिस्सा नहीं लिया है तो फिट नहीं हैं। ऐसा नहीं है। वह पूरी तरह से फिट हैं और यो-यो में 20 का स्कोर कर सकते हैं। वह टेस्ट के लिए जरूरी 20 मीटर रन भी कर रहे हैं। मैंने उन्हें खेलने से रोका इसकी वजह है बोलिंग।' ट्रेनर ने पंड्या की फिटनेस रिपोर्ट और डाटा बोर्ड को भेजा है।

फिटनेस टेस्ट में फेल होने की बात आई थी सामने

उल्लेखनीय है कि भारत ए को तीन लिस्ट ए मैचों और दो दिवसीय मैचों से पहले 50 ओवर के दो अभ्यास मैच खेलने हैं। इससे पहले बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया था, 'हार्दिक दो अनिवार्य फिटनेस परीक्षण में विफल रहे। उनके स्कोर स्वीकृत स्तर से काफी कम रहे जो साबित करता है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए फिट होने की स्थिति में नहीं हैं। इस स्थिति में वह भारत ए टीम के साथ नहीं जा सकते।

प्लिस्कोवा ने ब्रिस्बेन में खिताब जीता

ब्रिस्बेन ए.। चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा ने रविवार को ब्रिस्बेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में मैडिसन कीज पर तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। इस तरह दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी की अगले हफ्ते शुरू होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपन के लिये यह अच्छी तैयार है। उन्होंने दो घंटे तक चले मुकाबले में मैडिसन कीज को 6-4 4-6 7-5 से हराया।

पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने अभी तक एक भी ग्रैंडस्लैम एकल खिताब अपने नाम नहीं किया है लेकिन वह पिछले साल मेलबर्न में सेमीफाइनल तक पहुंची थी और चैम्पियन बनी नाओमी ओसाका से हार गयी थीं। शनिवार को उन्होंने ओसाका को तीन घंटे तक चले मैराथन सेमीफाइनल में हराया था।

घर में जीत की हैट्रिक के साथ ओडिशा पहली बार टॉप-4 में

भुवनेश्वर (वार्ता)। एरिडेन संताना और सिस्को हर्नांडेज की जुगलबंदी के दम पर मेजबान ओडिशा एफसी ने शनिवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में मुम्बई सिटी एफसी को 2-0 से हराकर हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन में पहली बार टॉप-4 में प्रवेश कर लिया।

ओडिशा के लिए संताना ने 48वें और हर्नांडेज ने 74वें मिनट में गोल किए। ओडिशा की घर में यह लगातार तीसरी और अब तक की कुल पांचवीं जीत है। टीम अब 18 अंकों के साथ तालिका में चौथे नंबर पर पहुंच गई है। मुम्बई की यह लगातार दूसरी हार है और टीम अब 16 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर खिसक गई है। मेजबान ओडिशा के लिए तीसरे मिनट में हर्नांडेज ने कॉर्नर पर शॉट लिया, लेकिन गोल पोस्ट के पास मौजूद मोदू सोगो ने इसे क्लीयर कर दिया। इसके छह मिनट बाद ही जैरी का यह शॉट क्रॉसबार के ऊपर से निकल गया। ओडिशा द्वारा कुछ अच्छे मौकों के बीच मुम्बई सिटी भी मेजबान टीम के गोलपोस्ट में मुस्तैद और चौकन्ना थी। 14वें मिनट में अमीने शेरमिति के पास पर सोगो बॉल को नेट में नहीं डाल पाए। पांच मिनट बाद ही नंदकुमार ने ओडिशा का चौथा कॉर्नर गंवा दिया। वहीं, 33वें मिनट तक 63 प्रतिशत तक बॉल पजेशन अपने पक्ष में रखने क बावजूद ओडिशा गोल नहीं कर पा रही थी।

तैयारी | कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने रात को वानखेड़े स्टेडियम में बाहर शिविर लगाया कि किस समय पड़ती है ओस

ओस में बिताई रात, कंगारू यूं कर रहे तैयारी

मुंबई ए.। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने कहा कि कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने यह जानने के लिए शनिवार रात को वानखेड़े स्टेडियम में बाहर शिविर लगाया कि ओस किस समय पड़ती है। रिचर्डसन ने कहा, 'एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने यहां बीती रात शिविर लगाया ताकि वह जान सकें कि किस समय ओस पड़ती है। हर कोई बस अनुमान लगा रहा है। मुझे लगता है कि हर कोई तैयार है।'

उन्होंने कहा, 'हम आज गीली गेंद से ट्रेनिंग करेंगे ताकि हम ओस में गेंदबाजी करने का अभ्यास कर सकें। हमें मैच के दिन का इंतजार करना और देखना होगा। यह नया नहीं है, हमारे यहां घरेलू मैदानों पर भी ओस पड़ती है।' उन्होंने कहा कि विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम मंगलवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज में घरेलू मैदान पर प्रबल दावेदर है लेकिन कहा कि उनकी टीम को भी हलके में नहीं लिया जा सकता। दूसरा वनडे राजकोट (17 जनवरी) और तीसरा (19 जनवरी) बेंगलुरु में खेला जाएगा। रिचर्डसन ने कहा, 'मुझे लगता है कि घरेलू टीम हमेशा प्रबल दावेदार होती है। मुझे लगता है कि फिंची (आरोन फिंच) ने कहा था कि किसी भी टीम ने यहां लगातार सीरीजएं नहीं जीती हैं।

रोहित और वॉर्नर के बीच मुकाबला देखने के लिए बेताब हैं जोन्स

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डीन जोन्स ने कहा है कि रोहित शर्मा और डेविड वॉर्नर, दोनों रनों के भूखे हैं और वह तीन मैचों की आगामी सीरीज में हाल के समय के इन दो दिग्गज सलामी बल्लेबाजों के बीच मुकाबला देखने को बेताब हैं। विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम ने अपनी पिछली सीरीज में श्रीलंका को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2-0 से शिकस्त दी जबकि ऑस्ट्रेलिया ने स्वदेश में न्यू जीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। जोन्स ने एक टीवी शो में कहा, 'रोहित और वॉर्नर मैदान के दोनों ओर अच्छा खेलते हैं।

सलामी बल्लेबाजी संयोजन में दुविधा की स्थिति टीम के लिए अच्छी

मुंबई ए.। भारतीय सलामी बल्लेबाजी में रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और शिखर धवन के लय में होने से चयन को लेकर टीम प्रबंधन के लिए मुश्किल स्थिति पैदा कर दी है लेकिन बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने रविवार को कहा कि यह 'अच्छी दुविधा' है। रोहित के लिए साल 2019 शानदार रहा था जहां उन्होंने वर्ल्ड कप में 5 शतक लगाए थे।

धवन ने श्रीलंका के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में वापसी करते हुए रन बनाकर लय में होने का संकेत दिया। राहुल भी पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। राठौड़ ने कहा, 'यह दुविधा की स्थिति हमारे लिए अच्छी है। रोहित जाहिर तौर पर इसके लिए सबसे मजबूत विकल्प है। वे दोनों (शिखर और राहुल) भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। शिखर ने एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया है और राहुल शानदार लय में है। जब जरूरत होगी हम इससे निपटेंगे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां खेले जाने वाले शुरुआती वनडे मैच से पहले कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज शुरू होने में अभी दो दिनों का समय बचा है। प्रबंधन इस पर फैसला करेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 14 जनवरी से यहां शुरू होगी। दूसरा एकदिवसीय राजकोट में 17 जनवरी और तीसरा बेंगलुरु में 19 जनवरी को खेला जाएगा। इस साल टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है ऐसे में इस एकदिवसीय सीरीज के औचित्य के बारे में पूछे जाने पर राठौड़ ने कहा, 'यह अलग फॉर्मेट है और क्रिकेट आत्मविश्वास का खेल है।

छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग जगत में नहीं, नक्सलियों की भर्ती में आयी मंदी : भूपेश बघेल

हम नक्सली क्षेत्रों में लोगों को हल पकड़ा रहे हैं, रोजगार से जोड़ रहे हैं, नहीं तो वे बंदूक पकड़ेंगे

नवप्रदेश संवाददाता



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार की पिछल एक वर्ष की योजनाओं से छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग जगत में नया उछाल आया है। छत्तीसगढ़ मंदी के प्रभाव से अछूता रहा है। छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग जगत में नहीं, बल्कि नक्सलियों की भर्ती में मंदी आयी है। उन्हें भर्ती के लिए लोग नही मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति का विकास है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाओं के साथ सुरक्षा देने का काम राज्य सरकार कर रही है। हम लोगों को रोजगार से जोड़ रहे हैं। उन्हें हल पकड़ा रहे हैं, नही तो वे बंदूक पकड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने इस आशय के विचार आज यहां एक निजी होटल में एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'देश का नया विश्वास छत्तीसगढ़' में व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद किसानों के कर्ज माफकिए गए, 2500 रूपए प्रति क्विंटल पर धान की खरीदी की गई, तेंदूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक बढ़ाकर चार हजार रूपए प्रति मानक बोरा किया गया। 15 लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रारंभ की गई। लोगों को छोटे-छोटे रोजगारों से जोड़ने का काम किया गया। बिजली बिल हाफ किया गया, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में 200 स्कूल प्रारंभ किए गए, दूरस्थ अंचलों में स्थित हाट बाजारों में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य क्लिनिक योजना प्रारंभ की गई, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर पूरे प्रदेश में सुपोषण अभियान प्रारंभ किया गया। वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्र में देश के आंकांक्षी जिलों में छत्तीसगढ़ का नारायणपुर जिला प्रथम स्थान पर है। नीति आयोग द्वारा माह नवंबर 2019 के लिए जारी डेल्टा रेंकिंग में नारायणपुर सहित छत्तीसगढ़ के तीन जिले टाप पांच जिलों में शामिल हैं। नीति आयोग की डेल्टा रेंकिंग में राजनांदगांव जिला तीसरे और सुकमा जिला पांचवें स्थान पर है। कुपोषण मुक्ति की दिशा में किए गए विशेष प्रयास से कुपोषण मुक्ति अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए देश के 115 आकांक्षी जिलों में से दन्तेवाड़ा जिले को सिल्वर स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया।

बघेल ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश के ऑटोमोबाईल सेक्टर में 25 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है, जबकि पूरे देश में इस सेक्टर में 19 प्रतिशत की गिरावट आयी है। इसी प्रकार रियल इस्टेट में दोगुनी, सराफा में 84 प्रतिशत और टेक्सटायील सेक्टर में 30 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। इसका कारण यह है कि आम आदमी, किसान, आदिवासी और मजदूरों की जेब में पैसा आया, जिससे छत्तीसगढ़ में व्यापार और उद्योग जगत फल-फूल रहा है। प्रदेश में बेरोजगारी में भी कमी आयी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नई उद्योग नीति में प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग लगाने पर अनेक रियायतें और सुविधाएं देने के प्रावधान किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की प्राचीन और गौरवशाली संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों से लोगों को पिछल 19 वर्षों में पहली बार यह लग रहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य उनका है। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के आयोजन से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को देश और दुनिया में पहचान मिली।

बघेल ने कहा कि राज्य सरकार के कामों से लोगों में राज्य सरकार के प्रति विश्वास कायम हुआ है। राज्य सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोगों का विश्वास हासिल करने के साथ-साथ, उस क्षेत्र के विकास और लोगों को सुरक्षा प्रदान करने की नीति पर काम कर रही है। राज्य में नक्सल घटनाओं में 40 प्रतिशत की कमी आयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में इस्पात संयंत्र के लिए लगभग 1700 आदिवासियों और किसानों से अधिग्रहित की गई 4200 एकड़ जमीन उन्हें वापस कर दी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में छोटे-छोटे अपराधों में जेलों में बंद किए गए लोगों को रिहा करने के लिए जस्टिस पटनायक की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है, जिसकी अनुशंसा पर लोगों को लोगों को रिहा करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। बस्तर में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय युवाओं की भर्ती का निर्णय लिया गया है। वन अधिकार कानून के तहत वन क्षेत्रों के निवासियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पट्टे देने का काम प्रारंभ किया गया है।

पुष्प प्रदर्शनी

रायपुर (नवप्रदेश)। गांधी उद्यान में छत्तीसगढ़ हॉर्टिकल्चर सोसाइटी द्वारा आयोजित पुष्प एवं फल प्रदर्शनी के आज पहले दिन फूल की बागवानी देखने आए लोग रंग बिरंगी फूल देखकर बहुत ही प्रफुल्लित हुए।

फोटो : महादेव तिवारी

राज्य में हो रहे ऐतिहासिक कार्यक्रम : राज्यपाल

- **राज्य युवा महोत्सव में राज्यपाल ने की शासन की तारीफ**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर में आज से तीन दिवस युवा उत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही राज्यपाल अनसुईया उइके और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

अपने उद्बोधन में राज्यपाल अनसुइया उईके ने कहा कि राज्य युवा महोत्सव में शामिल होकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने इसे राज्य शासन की अनोखी पहल बताते हुए कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने कहा कि पिछले नवंबर माह से ही प्रदेश में विशेष कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले राज्योत्सव इसके बाद आदिवासी उत्सव और अब युवा महोत्सव। प्रदेश में यह अच्छे कार्यक्रम हो रहे हैं और ऐतिहासिक कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके लिए वे पुनः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई देती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री की तारीख करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य चहुंमुखी विकास करेगा।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन मंडावी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, महापौर एजाज ढेबर, भारत के प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक विजेजा विजेन्दर सिंह सहित प्रदेश भर से आए सात हजार युवा और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

आरक्षक ने आत्महत्या का किया प्रयास

सुकमा। जिले में पदस्थ एक सहायक आरक्षक के द्वारा जहर सेवन कर खुदकुशी करने का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी होने पर जवान को आनन-फानन में सुकमा जिला आस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार चिंतागुफा निवासी आरक्षक चिचोड़ हिड़मा ने शनिवार देर रात जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की है। इसके बाद चिचोड़ हिड़मा को गंभीर हालत में दोरनापाल अस्पताल लाया गया, जिसे सुकमा जिला अस्पताल रेफर ?कर दिया गया, जिसके बाद आरक्षक चिचोड़ को देर रात लगभग 03 बजे 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में चिचोड़ हिड़मा का इलाज जारी है। जवान फिलहाल खतरे से बाहर बताया जा रहा है। आरक्षक चिचोड़ हिड़मा ने खुदकुशी का प्रयास क्यों किया इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।